दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 24 | जयपुर | मंगलवार, 26 नवम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष एकादशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## मुख्यमंत्री ने की स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा

# विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में शिक्षा की अहम भूमिका, शिक्षा के क्षेत्र में राज्य को बनाएंगे मॉडल स्टेट : मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में शिक्षा की अहम भूमिका है, क्योंकि आज के बच्चे ही भविष्य के नागरिक होते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए नवीन तकनीकों का उपयोग करने के साथ ही, खाली पदों पर भर्ती तथा स्कूलों में कक्षा-कक्षों का निर्माण कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि हम नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने तथा शिक्षा के क्षेत्र में राजस्थान को मॉडल स्टेट बनाने हेतु विभिन्न स्तरों पर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को विभागीय बजट घोषणाओं को त्वरित गति से पूरा करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शिक्षण कार्य सुचारू रूप से चले इस हेतु सत्र के प्रारंभ में ही विद्यार्थियों को लगभग साढ़े 3 करोड़ पाठ्यपुस्तकों का नि:शुल्क वितरण किया गया है तथा कक्षा 1 से 8 के समस्त विद्यार्थियों एवं 9 से 12 तक की बालिकाओं को स्कूल बैग भी दिए जाएंगे। शर्मा ने कहा कि आगामी माह में 1 लाख 25 हजार बालिकाओं को साइकिल वितरित की जाएगी।

### विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर विद्यालयों में लगाए जाएं शिक्षक-

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के सभी स्कूलों में शिक्षकों और विद्यार्थियों की संख्या का सर्वे करवाकर विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के ड्रेस कोड में एकरूपता लाई जाए।

मुख्यमंत्री ने स्कूलों में कक्षा कक्षों तथा बालिका विद्यालयों में शौचालयों की स्थिति का भौतिक सत्यापन कर आवश्यकतानुसार उनकी मरम्मत और नव निर्माण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भौतिक सत्यापन के कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। शर्मा ने विद्यालयों में सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने की दृष्टि से चरणबद्ध रूप से सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में भामाशाहों का भी सहयोग लिया जाए। बैठक में शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल ने मुख्यमंत्री को स्कूल शिक्षा विभाग की विभिन्न उपलब्धियों और नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत विभाग को 12 हजार 400 करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।



**लगभग साढ़े 20 हजार पदों पर दी गई नियुक्तियां**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी विद्यालयों में शिक्षण की गुणवत्ता बेहतरीन करने हेतु सरकार खाली पदों पर भर्ती कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में अब तक लगभग साढ़े 20 हजार पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं तथा लगभग 18 हजार पदों पर पदोन्नति की गई है। प्राध्यापक स्कूल शिक्षा, पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड 2 एवं ग्रेड 3 तथा वरिष्ठ अध्यापक के कुल 5 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। साथ ही, विभिन्न संवर्गों में चयनित 515 अभ्यर्थियों को दिसम्बर माह में नियुक्तियां दे दी जाएंगी।

## फोन टैपिंग मामले में गहलोत के पूर्व-ओएसडी लोकेश शर्मा गिरफ्तार

### कुछ देर बाद जमानत, बन सकते हैं सरकारी गवाह; केंद्रीय मंत्री ने दर्ज करवाया था केस



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के बहुचर्चित फोन टैपिंग केस में पूर्व सीएम अशोक गहलोत के ओएसडी रहे लोकेश शर्मा को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के कुछ देर बाद ही लोकेश शर्मा को जमानत मिल गई। लोकेश शर्मा को 21 नवंबर को पटियाला हाउस कोर्ट से अग्रिम जमानत मिली हुई थी। प्रशांत विहार क्राइम ब्रांच ने सोमवार को गिरफ्तारी कर प्रकिया पूरी की, अरेस्ट मेमो बनाया और फिर जमानत पर छोड़ दिया। इससे पहले, 14 नवंबर को खुद लोकेश शर्मा ने दिल्ली हाईकोर्ट में फोन टैपिंग केस में दायर गिरफ्तारी से राहत देने और केस राजस्थान ट्रांसफर करने की याचिका वापस ले ली थी। इसके बाद उनकी गिरफ्तारी पर लगी रोक हट गई थी।

राजस्थान में सचिन पायलट खेमे की बगावत के समय जुलाई 2020 में गहलोत सरकार पर बीजेपी ने फोन टैपिंग के आरोप लगाए थे। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मार्च 2021 में लोकेश शर्मा सहित पुलिस अफसरों पर फोन टैपिंग का आरोप लगाते हुए दिल्ली पुलिस में केस दर्ज करवाया था। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच इस मामले में जांच कर रही है।

### सरकारी गवाह बन सकते हैं लोकेश शर्मा

लोकेश शर्मा फोन टैपिंग केस में सरकारी गवाह बन सकते हैं। अगर वो सरकारी गवाह बनते हैं तो उन्हें आगे इस केस में राहत मिल जाएगी। इस केस में जिस तरह उन्हें आसानी से जमानत मिली है, उसे सरकारी गवाह बनने की संभावनाओं से जोड़कर देखा जा रहा है।

# संसद में पहले ही दिन हुआ हंगामा

## धनखड़-खड़गे के बीच बहस





बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद के शीतकालीन सत्र का सोमवार को पहला दिन था। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ और लीडर ऑफ अपोजिशन मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच बहस हुई। दरअसल धनखड़ ने खड़गे से कहा कि हमारे संविधान को 75 साल पूरे हो रहे हैं। उम्मीद है आप इसकी मर्यादा रखेंगे। इस पर खड़गे ने जवाब दिया कि इन 75 सालों में मेरा योगदान भी 54 साल का है, तो आप मुझे मत सिखाइए। इस पर धनखड़ ने कहा- मैं आपको इतना सम्मान देता हूं और आप ऐसा बोल रहे हैं। मुझे दुख पहुंचा है। इसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही 27 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई। उधर लोकसभा की कार्यवाही भी पूरी नहीं हो सकी। विपक्ष के नेता अडाणी मुद्दे पर हंगामा करते रहे। सदन को 27 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इस बार सत्र में अडाणी, मणिपुर हिंसा और ट्रेन दुर्घटनाओं पर हंगामे के आसार हैं। अमेरिका की न्यूयॉर्क फेडरल कोर्ट ने गौतम अडाणी पर सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को लगभग 2,200 करोड़ रुपए की रिश्वत देने की पेशकश का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने इस मामले पर जेपीसी की मांग रखी है।

**खड़गे बोले- मुझे मत सिखाइए, धनखड़ ने कहा- मुझे दुख हुआ** - राज्यसभा में सुबह 11 बजे कार्यवाही शुरू होने के बाद जैसे ही सभापति जगदीप धनखड़ ने बोलना बंद किया तो विपक्ष के नेता चिल्लाने लगे कि, एलओपी को बोलने दीजिए। इस पर धनखड़ ने कहा कि मुझे बोले हुए अभी एक सेंकेंड भी नहीं हुआ और आप लोग चिल्लाने लगे। इससे विपक्ष नेता की गरिमा को नुकसान पहुंचता है। हमारे संविधान को इस साल 75 साल पूरे हो रहे हैं। आपको कुछ तो मर्यादा रखनी चाहिए। इस पर खड़गे खड़े होकर बोले कि उन 75 सालों में मेरा योगदान भी 54 साल का है, तो आप मुझे मत सिखाइए। इस पर धनखड़ ने कहा कि, मैं आपको इतना सम्मान देता हूं और आप ऐसा बोल रहे हैं। मुझे दुख पहुंचा है।

### खड़गे के ऑफिस में इंडिया गठबंधन नेताओं की मीटिंग

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के संसद भवन स्थित ऑफिस में इंडिया गठबंधन के सांसदों ने बैठक की।

### कांग्रेस सांसद बोले- अडाणी का बचाव कर रही है भाजपा

कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, हमारे देश में बहुत सारी समस्याएं हैं, दिल्ली में प्रदूषण बहुत ज्यादा है। इसकी वजह आप सरकार और बीजेपी सरकार की विफलता है। पूरे देश में अराजकता फैल गई है। महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है। हम इन सभी मुद्दों को संसद में उठाएंगे। अमेरिका में एक अदालत ने संज्ञान लिया है कि देश में अडाणी ग्रुप द्वारा 23,000 करोड़ रुपये की रिश्वत दी गई है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि अडाणी पर आरोप लगाए जा रहे हैं, लेकिन भाजपा उनका (अडाणी) का बचाव ऐसे कर रही है जैसे वे उनके कार्यकर्ता हों।

### मोदी बोले- मुट्ठी भर लोग हुड़दंगबाजी से संसद को कंट्रोल करने की कोशिश करते हैं



2024 का अंतिम कालखंड चल रहा है। संसद का ये सत्र कई प्रकार से विशेष है। कल संविधान सदन में सभी मिलकर संविधान के 75 साल पूरे होने पर उत्सव का मिलकर आगाज करेंगे। संविधान निर्माताओं ने संविधान बनाते समय एक-एक बिंदु पर चर्चा की। तब जाकर ऐसा उत्तम दस्तावेज हमें मिला। इसकी महत्वपूर्ण इकाई है हमारी संसद। हमारे सांसद भी, संसद भी। संसद में स्वस्थ चर्चा हो, ज्यादा से ज्यादा लोग चर्चा में योगदान दें। दुर्भाग्य से मुट्ठी भर लोग राजनीतिक स्वार्थ के लिए संसद को हुड़दंगबाजी से कंट्रोल करने का प्रयास करते हैं। जनता उन्हें देखती है फिर सजा देती है।

## राहुल गांधी की नागरिकता मामले में सुनवाई टली

### लखनऊ हाईकोर्ट में अब 19 दिसंबर को होगी हियरिंग; केंद्र ने जवाब दाखिल किया

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ।** लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की नागरिकता मामले में सोमवार (25 नवंबर) को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई नहीं हो सकी। मामले में अगली सुनवाई 19 दिसंबर को होगी। इस पूरे मामले में केंद्र सरकार की तरफ से जवाब दाखिल कर दिया गया है। 19 दिसंबर को कोर्ट अपना फैसला सुना सकती है।

इससे पहले 24 अक्टूबर को कोर्ट में सुनवाई हुई थी। जस्टिस राजन रॉय और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की बेंच ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल सूर्यभान पांडेय को इस मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय से जानकारी हासिल करने का निर्देश दिया था।






## पीएम ने आईसीए ग्लोबल कोऑपरेटिव कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया

### हमारे सहकारी क्षेत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी 60% से अधिक, खादी बड़े ब्रांड से आगे : मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत के सहकारी क्षेत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी 60% से अधिक है। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने सहकारी प्रबंधन में महिला डायरेक्टरों को शामिल करने के लिए मल्टी स्टेट सहकारी समिति अधिनियम में संशोधन किया है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने खादी और ग्रामोद्योग जैसे क्षेत्रों में नया आंदोलन खड़ा किया। आज खादी और ग्रामोद्योग को हमारी सहकारिता ने बड़े-बड़े ब्रांड से भी आगे पहुंचा दिया है। आजादी के आंदोलन को भी सहकारिता ने प्रेरित किया है। पीएम ने कहा कि इससे आर्थिक सशक्तिकरण में तो मदद मिली ही साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों को एक सामूहिक मंच भी मिला। महात्मा गांधी जी के ग्राम स्वराज ने सामुदायिक भागीदारी को फिर से नई ऊर्जा दी थी। पीएम मोदी ने ये बात दिल्ली में भारत मंडपम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन के ग्लोबल कोऑपरेटिव कॉन्फ्रेंस 2024 में कही। उन्होंने इसका उद्घाटन भी किया। ये कार्यक्रम भारत में पहली बार आयोजित किया गया।

### 107 देशों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए

कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने की। इसमें भूटान के प्रधानमंत्री, फिजी के उप-प्रधानमंत्री भी उपस्थित रहे। इसके अलावा दुनियाभर के 107 देशों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। सम्मेलन का विषय- सहकारिता से सभी की समृद्ध का निर्माण और उप विषय था।



### पीएम मे संबोधन की 4 बड़ी बातें...

- अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन का वैश्विक सम्मेलन पहली बार भारत में आयोजित किया जा रहा है। भारत में हम सहकारिता आंदोलन का विस्तार कर रहे हैं। मैं भारत के सभी किसानों, मछुआरों, स्वयं सहायता समूहों की 10 करोड़ महिलाओं, 8 लाख से अधिक सहकारी संस्थाओं की तरफ से आप सभी का स्वागत कर रहा हूं।
- एक देश और समाज जो महिलाओं को ज्यादा मौके देता है, वो तेज गति से प्रोग्रेस करेगा। आज भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का युग है। हम सहकारी समितियों के प्रबंधन में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं।
- मुझे विश्वास है कि इस सम्मेलन के माध्यम से हमें भारत की भावी सहकारी यात्रा के बारे में जानकारी मिलेगी। भारत के अनुभवों के माध्यम से वैश्विक सहकारी आंदोलन को 21वीं सदी के उपकरण और नई भावना मिलेगी
- दुनिया के लिए सहकारिताएं एक मॉडल हैं, भारत के लिए वे हमारी संस्कृति और जीवन शैली की नींव हैं। सहकारी समितियों की सफलता उनके सदस्यों के नैतिक विकास पर निर्भर करती है। क्योंकि नैतिकता मानवता को लाभ पहुंचाने वाले फैसलों को चलती हैं।
- गैर सरकारी संगठन है आईसीए अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन गैर सरकारी सहकारी संगठन है। इसकी स्थापना 1895 में दुनिया भर में सहकारी समितियों को एकजुट करने उनका प्रतिनिधित्व करने और उनकी सेवा करने के लिए की गई थी।


सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित



# जयपुर हेरिटेज फोटो एग्जिबिशन प्रथम पुरस्कार बिट ओपन को दिया गया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान टूरिज्म के तहत जयपुर हेरिटेज फोटो एग्जीबिशन का तीसरा सीजन होटल आईटीसी राजपूताना की वेलकम आर्ट गैलेरी में एग्जिबीशन का समापन रविवार को हुआ। जयपुर वासियों जयपुर तस्वीरों एक साथ देख खुश हुए।जयपुर के प्रसिद्ध मंदिरों की विंटेज तस्वीरे देख अपने मोबाइल कैमरे में कैद किया।एग्जिबिशन के समापन समारोह में होटल सफारी के डायरेक्टर राघव गोयल और बिजनेसमेन ओर वरिष्ठ फोटोग्राफर वाय के नरूला, आईटीसी पारुल कपूर ने सभी विजेताओं को पुरस्कार और पार्टिसिपेट को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मान किया। एक ही जगह हेरिटेज, मंदिर, किले,कल्चर के साथ पूरा जयपुर दिखाया गया। स्टूडेंट ने जयपुर की कला संस्कृति और विरासत को देखा और समझा। एग्जीबिशन में 80 फोटोग्राफर के 170 फोटो प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए गए।जयपुर हेरिटेज फोटो एग्जिबिशन का प्रथम स्थान बिट ओपन,दूसरा स्थान पुनीत कुमावत,तीसरा पुरस्कार हर्षित कोटेचा को दिया गया,फोटो जर्नलिस्ट मे फर्स्ट इंडिया संतोष शर्मा को दिया गया। और किड्स में प्रथम आमिना, दूसरा स्थान परिधि, तीसरा स्थान कार्णिक शर्मा को दिया गया। पांच सांत्वना पुरस्कार और पांच स्पेशल फोटो पुरस्कार भी दिए गए। कार्यक्रम की संरक्षक रेणुका कुमावत ने बताया एक्जीबिशन जयपुर वासियों ने स्कूली बच्चों और कॉलेज स्टूडेंट को जयपुर संस्कृति और हेरिटेज विरासत को देखा, जयपुर के कल्चर को सभी तक पहुंचाना और दिखाना है। जयपुर टूरिज्म को प्रमोट किया गया।

# पुलिस ने अवैध हथियारों का जखीरा पकड़ा

## हथियार तस्कर हेमराज सौरोत चढ़ा पुलिस के हत्थे

- सात पिस्टल मय मैगजीन, एक अतिरिक्त मैगजीन सहित आठ जिन्दा कारतूस बरामद जब्त
- गिरफ्तार आरोपी इंस्टाग्राम आईडी की मदद से करता था अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त
- गिरफ्तार हेमराज सौरोत स्पा सेंटर में मारपीट व डकैती की वारदात में चल रहा था वांछित

बढ़ता राजस्थान

**आरोपी पूर्व में भी अवैध हथियार के प्रकरण में हो चुका है गिरफ्तार**

**जयपुर (का.स.)।** मानसरोवर थाना पुलिस ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत अवैध हथियारों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार इंस्टाग्राम आईडी की मदद से अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त करता है और स्पा सेंटर में मारपीट व डकैती की वारदात में वांछित चल रहा था। इसके अलावा आरोपी पूर्व में भी अवैध हथियार के प्रकरण में गिरफ्तार हो चुका है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी तस्कर हेमराज मध्य प्रदेश (एमपी) से हथियार लेकर आया था और उसे जयपुर में इसकी डिलीवरी करनी थी। डिलीवरी करने से पहले पुलिस टीम को अवैध हथियारों की जानकारी मिली। इस पर पुलिस टीम बिना समय गवाए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध हथियारों का जखीरा जब्त कर हथियार तस्कर हेमराज सौरोत (20) निवासी खेरली जिला अलवर हाल बस्सी जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान आरोपी के पास से सात पिस्टल मय मैगजीन, एक अतिरिक्त मैगजीन सहित आठ जिन्दा कारतूस बरामद की है। साथ ही आरोपी हेमराज सौरोत से अवैध हथियार के संबंध में गहन पूछताछ की गई तो सामने आया कि वह हथियार हब, हथियार क्लब नाम की इंस्टाग्राम आईडी से इंस्टाग्राम पर सम्पर्क कर मनावर,मध्य प्रदेश से खरीदना सामने आया है तथा सोशल मीडिया/इंस्टाग्राम के मार्फत ही खरीददार तैयार करना बताया है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण ललित शर्मा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी हेमराज सौरोत एक शातिर अपराधी है। जो आजकल अवैध हथियारों की तस्करी करता है तथा मध्यप्रदेश से भारी मात्रा में ऑटोमेटिक पिस्टल खरीदकर ला रहा है। जयपूर शहर में बदमाशों से सम्पर्क कर हथियार सप्लाई देने का प्रयास कर रहा है। इस सूचना के आधार पर बदमाश हेमराज सौरोत की रैकी कर मुखबिर तैयार किये गए। फिर सूचना मिली कि आरोपित हेमराज सौरोत मध्यप्रदेश से भारी मात्रा में हथियार व कारतूस लेकर आया है। जो थाना इलाके में किसी व्यक्ति को हथियार सप्लाई देगा। सूचना के आधार पर आस पास के इलाकों में सादा वस्त्रों में स्पेशल टीम के पुलिसकर्मी लगाये जाकर निगरानी की गई। जिस पर पुलिस ने आरोपी हेमराज सौरोत को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध हथियार बरामद ए गए है। पुलिस आरोपी से अवैध हथियार की खरीद फरोख्त के स्त्रोतों के संबंध पूछताछ करने मे जुटी है और साथ ही एक पुलिस टीम हथियार खरीद स्थल मुनावर (मध्यप्रदेश) भेजी गई है जो हथियार खरीद के स्त्रोतों के संबंध में जांच पड़ताल कर रही है।





# नाहरगढ़ पहाड़ी हादस : अनियंत्रित होकर स्कूटी सहित युवक खाई में जा गिरा

## सौ फीट गहराई में गिरे युवक को सिविल डिफेंस टीम ने रस्सी की मदद से बाहर निकाला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** ब्रह्मपुरी थाना इलाके में स्थित नाहरगढ़ पहाड़ी पर सोमवार शाम अनियंत्रित होकर स्कूटी सहित युवक खाई में जा गिरा। सूचना मिलने पर पुलिस सहित सिविल डिफेंस टीम मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू ऑपरेशन किया। जहां सौ फीट गहराई में गिरकर घायल हुए युवक को सिविल डिफेंस टीम ने रस्सी की मदद से बाहर निकाला। पुलिस ने एसएमएस अस्पताल में घायल युवक को भर्ती करवाया है। थानाधिकारी ईश्वर चन्द ने बताया कि नाहरगढ़ पहाड़ी पर सोमवार शाम अनियंत्रित हो गिरे घायल युवक जय सिंघल (26) सिद्धार्थ नगर जवाहर सर्किल का रहने वाला है। जो सोमवार को वह स्कूटी से नाहरगढ़ पहाड़ी पर घूमने गया था। सोमवार शाम साढे चार नाहरगढ़ पहाड़ी से स्कूटी लेकर नीचे उतर रहा था। इसी दौरान घुमाव पर किसी गाड़ी के आने पर अनियंत्रित होकर स्कूटी सहित पहाड़ी से नीचे खाई में जा गिरा। करीब सौ फीट गहरी खाई में स्कूटी सहित जय सिंघल नीचे पत्थरों पर जा गिरा। सिर के पिछले हिस्से में चोट लगने से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम को मौके पर बुलाकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। करीब एक घंटे मशक्कत के बाद सिविल डिफेंस टीम ने रस्सी की मदद से खाई से बाहर निकाला।



घायल जय सिंघल को एम्बुलेंस की मदद से एसएमएस अस्पताल भिजवाया गया।



डॉक्टर घायल जय सिंघल को भर्ती कर इलाज कर रहे है।

# पिंक सिटी प्रेस क्लब में लगे चिकित्सा शिविर में पत्रकारों के स्वास्थ्य की जांच कराई



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर के पिंक सिटी प्रेस क्लब और मणिपाल अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान में बहुआयामी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों पत्रकारों सहित उनके परिजनों ने स्वास्थ्य की जांच कराई। इस चिकित्सा शिविर में मणिपाल हॉस्पिटल के द्वारा हृदय रोग विशेषज्ञ स्त्री रोग विशेषज्ञ हड्डी रोग विशेषज्ञ के द्वारा निशुल्क परामर्श प्रदान किया गया। हॉस्पिटल के द्वारा पत्रकारों व उनके परिवार के लिए एक ब्लड शुगर ब्लड प्रेशर व हड्डियों की जांच निशुल्क प्रदान की गई । पिंक सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह व महासचिव योगेंद्र पंचोली ने मणिपाल हॉस्पिटल का आभार व्यक्त किया गया। अस्पताल के चिकित्सकों ने भी फिर से इस प्रकार की जांच व स्वास्थ्य शिविर दोबारा करने का वादा करके पत्रकारों के स्वास्थ्य की मंगल कामना की।

# मंदिर माफी भूमि अतिक्रमण के विरोध में लामबंद हुए राजस्थान के पुजारी,संत और महंत

## जयपुर के शहीद स्मारक पर किया शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान के विभिन्न जिलों में मंदिर माफी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण और पुजारियों,संतों, महंतों, व सेवायतों पर अत्याचार के विरोध में सोमवार को भारतीय मठ मंदिर संघ के बैनर तले शहीद स्मारक जयपुर पर शांतिपूर्ण धरना आयोजित किया गया। इस धरना-प्रदर्शन में गंगापुर, करौली, भरतपुर, बूंदी, सवाई माधोपुर, कोटा, जयपुर सहित अन्य जिलों से पीड़ित परिवारों ने भाग लिया। उनका आरोप है कि भू-माफिया मंदिर माफी भूमियों पर कब्जा कर रहे हैं और प्रशासन उनकी मदद कर रहा है। स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पीड़ितों की शिकायतों को अनसुना कर रहे हैं।

मठ मंदिर संघ के प्रवक्ता ने कहा कि यह सिर्फ संपत्ति का मुद्दा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति पर हमला है। पीड़ित परिवारों का जीवन दूभर हो गया है। बार-बार प्रशासन और सरकार से न्याय की गुहार लगाने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई है। भारतीय मठ मंदिर संघ ने मांग की है कि सरकार तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप करे और भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। धरने में संत समाज ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगे पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन और व्यापक होगा।इस दौरान अवधेशानंद आचार्य, कमलेश शर्मा, हनुमान शर्मा, सुनील शर्मा, अनिल शर्मा, अशोक शर्मा,राम शर्मा, तथा विभिन्न ब्राह्मण समाज के संगठनों के अध्यक्ष सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

# आत्महत्या करने की धमकी देकर पति को ब्लैकमेल कर मांगे 15 लाख रुपये

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मालपुरा गेट थाना इलाके में आत्महत्या करने की धमकी देकर एक महिला द्वारा ब्लैकमेल कर पति से लाखों रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 15 लाख रुपए की डिमांड की। मालपुरा गेट थाने में पीड़ित पति ने पत्नी व उसके परिवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल सुरजमल ने बताया कि सांगानेर निवासी 28 वर्षीय युवक ने मामला दर्ज करवाया है कि अप्रैल-2024 में उसकी शादी उत्तर प्रदेश निवासी 26 साल की युवती से हुई थी। शादी के बाद ससुराल आने के एक-दो दिन बाद ही पत्नी ने गृहक्लेश शुरू कर दिया। परिवारिक झगड़े करवाने के लिए एक-दूसरे को उकसाने लगी। अलग रहने के लिए पति पर दबाव बनाकर झगड़ने लगी। आरोप है कि आत्महत्या करने की धमकी देकर पति को ब्लैकमेल करने लगी।

# भिक्षावृत्ति मुक्त जिला बनेगा जयपुर, अभियान के तहत होगा पुनर्वास

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश

**भिक्षावृत्ति में लिप्त लोगों को रोजगार एवं बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाना हो सुनिश्चित**
**जयपुर की गौरवशाली छवि के साथ नहीं होगा किसी भी कीमत पर समझौता**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जिले को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने के लिए विभागीय अधिकारी आपसी सहयोग एवं समन्वय से हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही उन्होंने भिक्षावृत्ति में लिप्त लोगों का प्रभावी पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया ताकि ऐसे व्यक्ति भिक्षावृत्ति को छोड़कर अपने कौशल और मेहनत के दम पर सम्मानजनक जीवन शुरू करें।

जिला कलेक्टर ने सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों के पुनर्वास को लेकर बैठक ली। जयपुर में आगामी 9 दिसंबर से 11 दिसंबर तक राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट का आयोजन होगा। इस विश्व स्तरीय आयोजन में जयपुर की गौरवशाली परंपरा एवं छवि धूमिल ना हो इसके लिए भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों का जल्द से जल्द पुनर्वास सुनिश्चित किया जाएगा।

बैठक में पुलिस एवं यातायात पुलिस के अधिकारियों को भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों की सूचना जिला प्रशासन एवं मानव सेवा संस्थान जयपुर द्वारा संचालित हेल्पलाइन नम्बर 9929902320 को देकर रेस्क्यू में सहयोग प्रदान करने साथ ही आपराधिक गतिविधियों में लिप्त भिखारियों एवं निर्धन व्यक्तियों के विरूद्ध निरोधात्मक एवं कठोर कानूनी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं, नगर निगम के अधिकारियों को चिन्हित पुनर्वास गृहों की साफ-सफाई, शौचालयों की मरम्मत,



पुनर्वास गृहों में भिखारियों के लिए आधारभूत सेवाओं की व्यवस्था करने, चिन्हित पुनर्वास गृहों को श्नी अन्नपूर्णा रसोई योजना से लिंक करते हुए योजना के माध्यम से भिखारियों के लिए पर्याप्त मात्रा में भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के साथ-साथ मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना में पंजीकृत कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों का निशुल्क कोरोना, टी.बी., एच.आई.वी एवं अन्य जांच कर उपचार करने, चिन्हित पुनर्वास गृहों में चिकित्सा एवं जांच सुविधा उपलब्ध करने प्रत्येक पुनर्वास गृह को निकटतम राजकीय चिकित्सालय से जोड़ते हुए भिखारियों की जांच एवं उपचार व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम के अधिकारियों को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा चिन्हित भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों की सूची के अनुसार 25 व्यक्तियों का एक बैच बनाकर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, प्रशिक्षित व्यक्तियों को विभागों द्वारा संचालित एवं बैंकों द्वारा उपलब्ध ऋण अथवा अनुदान एवं अन्य योजनाओं से जोडकर नियोजित करने के साथ-साथ फॉलो अप कार्यक्रम के द्वारा उनके पुनर्वास को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए।

बैठक में मानव सेवा संस्थान, मेरी पहल संस्था, सक्षम सामाजिक उत्थान एवं विकास संस्थान, सुजस सांस्कृतिक सेवा संस्थान के पदाधिकारियों को चयनित आश्रय स्थल पर विभागीय निर्देशों के अनुसार आवश्यक व्यवस्था तथा परामर्शी सेवाएँ सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया गया।

# काम करने समय अनियंत्रित होकर छत से गिरने से मजदूर की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भट्टा बस्ती थाना इलाके में काम करने समय अनियंत्रित होकर छत से गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। पुलिस ने बताया कि मेजर शैतान सिंह कॉलोनी भट्टा बस्ती में एक मकान का काम चल रहा है। 20 नवम्बर को छत पर काम करते समय एक मजदूर अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। गंभीर घायल होने पर स्थानीय लोगों ने उसे एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया। डॉक्टर ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। मेडिकल सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस का कहना है कि मृतक की उम्र करीब 50 साल है। पूछताछ में आया है कि मृतक चौखटी पर बेलदारी का काम करता है,जो उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। पुलिस मृतक की पहचान के साथ वारिसान की तलाश कर रही है।

### जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बिजली, पानी, चिकित्सा सहित आवश्यक सेवाओं की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# बेहतर समन्वय एवं प्रबंधन के साथ आमजन को मिले बेहतरीन सुविधाओं का लाभ : सुराणा

बढ़ता राजस्थान



**चूरू( सुरेश शर्मा )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में वीसी के जरिए जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर बिजली, पानी, चिकित्सा सहित आवश्यक सेवाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग की टीम मुस्तैदी से काम करें। स्वास्थ्य सेवाएं सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। इसके लिए चिकित्सा स्टाफ बेहतर समन्वय एवं प्रबंधन के साथ आमजन को बेहतरीन सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी उपखंड अधिकारियों से कहा कि अपने क्षेत्र में आने वाले सभी उप जिला व जिला अस्पताल सहित पीएचसी व सीएचसी का निरीक्षण कर सेंटरवाइज मॉनीटर करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की माकूल व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके लिए एएनएम व आशा सहयोगिनी, चिकित्सा स्टाफ के साथ बैठक करें व निर्देशित करते हुए अपेक्षित प्रगति लाएं। उन्होंने सीएमएचओ को टीकाकरण, एएनसी, इम्युनाइजेशन सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के समुचित प्रबंधन के निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने के लिए ब्लॉक स्तरीय शिक्षा अधिकारियों के साथ समन्वय करते हुए अपेक्षित गतिविधियां सपांदित करवाएं। उन्होंने सभी विकास अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण विकास में सेंक्शन किए जाने वाले कार्यों में प्रयास करें कि अधिकतम लोगों को काम मिले और सकारात्मक कार्य हो। प्रोडक्टिव एसेट बनाएं जिससे सुविधाओं का समुचित विस्तार हो व पर्याप्त लाभ आमजन को मिले। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों से संबंधित जनसुनवाई प्रकरणों की पेंडेंसी समाप्त करें। प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें तथा विभागीय कार्यशैली को त्वरित व संतुष्टि स्तर पर विकसित करें। ग्राम पंचायत व ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों को प्राथमिक स्तर पर ही निस्तारित करें। प्राप्त प्रकरणों को देखें तथा अपनी व्यक्तिगत मॉनीटरिंग के साथ यथाशीघ्र निस्तारित करें। सुराणा ने कहा कि सभी एसडीएम फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अपने विधानसभा क्षेत्र में प्राप्त आवेदनों को समयबद्ध निस्तारित प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर दिसंबर माह में कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है। इन कार्यक्रमों के लिए सभी अधिकारी विस्तृत तैयारी करें तथा वांछित सूचना यथासमय भिजवाएं। ग्राम पंचायत व ब्लॉक स्तर पर आयोजित किए जाने कार्यक्रमों के लिए व्यवस्थाएं देखें। उन्होंने पंच गौरव कार्यक्रम को लेकर संबंधित अधिकारियों से कहा कि अपेक्षित कार्यवाही समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करें व सफल क्रियान्विति सुनिश्चित करें। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उपनिदेशक से कहा कि पालनहार योजना में लाभार्थी बच्चों के जनाधार अपडेशन करवाएं। इसके लिए शिक्षा विभाग का अपेक्षित सहयोग लें। इस दौरान डीएफओ भवानी सिंह, एडीपीआर कुमार अजय, एसीईओ दुर्गा ढाका, कृषि संयुक्त निदेशक डॉ जगदेव सिंह, पीएचईडी एसई रमेश कुमार राठी, सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, पीएचईडी प्रोजेक्ट एसई राममूर्ति, एपीआरओ मनीष कुमार, उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया, आईसीडीएस उपनिदेशक डॉ नरेन्द्र शेखावत, रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू, सानिवि एक्सईएन बीएल सोनी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नगेंद्र सिंह राठौड़, महिला अधिकारिता उपनिदेशक विप्लव न्यौला,सहित सहित ब्लॉक स्तर से उपखंड अधिकारी व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी वीसी के जरिए जुड़े रहे।



# अनैतिक देह व्यापार में चार महिला व तीन पुरुष गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )** । भुसावर उपखंड क्षेत्र के थाना खेडली मोड के मेगा हाईवे 45 पर स्थित होटल राज प्लाजा पर कार्रवाई करते हुए अनैतिक देह व्यापार में लिप्त चार महिलाओं सहित तीन पुरुषों को गिरफ्तार किया गया है।

भुसावर वृत अधिकारी धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना कि खेडली मोड थाना क्षेत्र के होटल राज प्लाजा पर होटल की आड़ में वेश्यावृत्ति का धंधा चल रहा है ।मुखबिर की सूचना पर पीटा एक्ट की कार्रवाई करते हुए खेड़ली मोड़ थाना अधिकारी महेश मीणा के साथ मय स्टाफ होटल राज प्लाजा के पास पहुंचे, पुलिस जाप्ता से बोगस ग्राहक सत्येंद्र कांस्टेबल व गोपाल कांस्टेबल को बनाकर भेजा गया। कांस्टेबल गोपाल का इशारा मिलते ही होटल राज प्लाजा से दलाल व ग्राहक राकेश और रॉकी ( 40)पुत्र लाखन सिंह जाति जाट निवासी पथैना थाना खेडली मोड, महेंद्र( 27) पुत्र भूरजी जाति माली निवासी कचौड़ी मोहल्ला खेड़लीगंज थाना खेरलीगंज जिला अलवर एवं बबलू(26) पुत्र रामस्वरूप जाति गुर्जर निवासी बादसू थाना बैहतूकलॉ जिला अलवर एवं वेश्यावृत्ति का धंधा करने वाली लड़कियां/ महिला मीरा ( 26)पत्नी मुकेश जाति जाटव निवासी खेड़ली रेल थाना खेड़लीगंज लाडो( 24) पत्नी राजेंद्र जाति जाटव निवासी बड़ा मोहल्ला कुम्हेर थाना कुम्हेर, बबीता( 40) पत्नी धर्मेंद्र जाति जाटव निवासी सूर्य कॉलोनी भरतपुर एवं सोनू (26)पुत्री गोविंद जाति पुजारी निवासी सरसैना थाना हलेना को पीटा एक्ट में गिरफ्तार किया गया ।

# शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का चाकसू मे विधायक ने किया लोकार्पण





बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** चाकसू शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर शीतला चाकसू (सेकोईडेकोन परिसर शीतला) एवम् गरुड़वासी रोड चाकसू का लोकार्पण विधानसभा क्षेत्र चाकसू विधायक रामावतार बैरवा के कर कमलों द्वारा किया गया । डॉ सौम्य पंडित बीसीएमओ ने जानकारी देते हुए बताया की शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मरीजों को निशुल्क प्राथमिक उपचार एवं ओपीडी सेवाएं दी जाएंगी । इसी के साथ गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांचे एवं निशुल्क परामर्श, बच्चों का टीकाकरण , नॉन कम्युनिकेबल डिजीज की स्क्रीनिंग आदि सेवाएं दी जाएंगी ।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 325 प्रकार की निशुल्क दवाएं और 8 प्रकार की निशुल्क जांचे की जा सकेंगी। लोकार्पण समारोह में डॉ सौम्य पंडित बीसीएमओ चाकसू,उप जिला अस्पताल पीएमओ डॉक्टर संजय मीणा ,उप जिला अस्पताल के पूर्व पीएमओ डॉक्टर रितु राज मीणा ,पूर्व कृषि मंडी चेयरमैन कैलाश शर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी, नगर पालिका के पार्षदगण आदि उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला निष्पादक समिति की बैठक

### विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं हों सुनिश्चित, सरकारी योजनाओं का हो बेहतर क्रियान्वयन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** जिला कलक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला निष्पादक समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी ने शिक्षा अधिकारियों को अपने क्षेत्राधिकार वाले राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करावें, साथ ही विद्यालयों में सरकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन पर भी फोकस करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने शिक्षा अधिकारियों को पीएम श्री स्कूलों का नियमित निरीक्षण करने, विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था, टॉयलेट, पुस्तकालय सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये, साथ ही विद्यालयों के पुस्तकालयों में रखी पुस्तकों का वितरण विद्यार्थियों में करने एवं विद्यार्थियों से पुस्तक अध्ययन एवं रखरखाव के लिए प्रेरित करने के लिए भी निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने ज्ञान धरा अभियान के तहत भूमि विहीन विद्यालयों को जल्द से जल्द भूखंड एवं खेल मैदान की व्यवस्था करने एवं समस्त राजकीय विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने शिक्षा अधिकारियों को राजकीय विद्यालयों में नामांकन वृद्धि करने, जन आधार प्रमाणिकरण, आधार प्रमाणिकरण सहित अन्य आवंटित कार्यों से जुड़े लक्ष्य जल्द से जल्द हासिल करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान के अधिकारियों सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मंजू शर्मा सहित सभी उपखण्डों के शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला कलेक्टर के निर्देश पर उपखंड अधिकारी व खनिज विभाग द्वारा किया औचक निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर महेंद्र खडगावत के आदेश अनुसार गठित एसआईटी टीम द्वारा ब्यावर उपखंड अधिकारी गौरव बुडानिया के नेतृत्व में सोमवार को ब्यावर तहसील के ग्राम शाहपुरा में लीजधारक मधुसूदन डागा के खनन पट्टे का सर्वेक्षण व जांच की गई । जांच करने पर पाया गया कि खनन पट्टेधारी द्वारा ब्यावर-बदनोर-आसींद मेगा हाईवे की सीमा के पास ही खान मलबा व खनिज ब्लॉक डालकर खनन पट्टे के नियमों व संविदा की शर्तों का उल्लंघन किया गया है। उपखंड अधिकारी बुडानिया ने खनिज विभाग के नियमों का शर्तों की उल्लंघन करने पर नोटिस जारी कर अग्रिम कार्रवाई की जाने का निर्णय लिया एवं उपस्थित पट्टेधारी के प्रतिनिधि को सड़क से 45 मीटर की सीमा की परिधि में पड़े मलबे व ब्लॉकों को त्वरित रूप से हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुराना खनन कार्य 45 मीटर की सीमा में किया हुआ है इसलिए भविष्य में उक्त सीमा में खनन कार्य नहीं करने के लिए पाबंद किया गया। इस दौरान खनिज विभाग के एमई जगदीश मेहरावत सहित खनिज व पुलिस विभाग के कार्मिक मौजूद रहे।

## बदमाशों ने दो कारों को किया आग के हवाले

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** खोह नागोरियान थाना इलाके में रविवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने दो कारों को आग के हवाले कर दिया। कार के एसी का कंप्रेसर फटने पर लोग घरों से बाहर निकले। इससे पता चला कि आग में आग लगी हुई है। लोगों ने मिल कर आग को कंट्रोल किया। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। थानाधिकारी सुरेन्द्र ने बताया कि कार मालिक सागीर और उसका परिवार खोह नागोरियान थाना इलाके के ढेर की ढाणी इलाके में रहते हैं। रविवार रात को अज्ञात लोग कॉलोनी में घुसे। घर के बाहर खड़ी कार में पेट्रोल डाल कर आग लगा दिया।

# कार में रखे रुपयों से भरा बैग चुराने वाला गिरफ्तार

### आरोपी के पास से चोरी के चार लाख रुपए बरामद, गिरफ्तार आरोपी दक्षिण दिल्ली की मद्रासी गैंग का सक्रिय सदस्य

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** आदर्श नगर थाना पुलिस ने कार से में रखे रुपयों से भरे चोरी करने के आरोप में दक्षिण दिल्ली की मद्रासी गैंग के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने चोरी के चार लाख रुपए बरामद किए है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि आदर्श नगर थाना पुलिस ने कार से में रखे रुपयों से भरे चोरी करने के मामले में आरोपित तिरुपति उर्फ सोनू (26) पुत्र तवंगल मदन गिरी अम्बेडकर नगर साउथ नई दिल्ली निवासी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि वो दिल्ली से पावर बाइक पर सवार होकर व्यवसायिक संस्थानों,शोरूमों व बैंक के आसपास रेकी करता और जो नकद रकम लेकर जाने वालों को चिन्हित कर उनका पीछा करता और लाल बत्ती या जाम में फंसे वाहन का टायर पंचर कर उसी वाहन के आगे चलता। जिसके बाद वाहन मालिक को टायर पंचर होने के बारे में जानकारी देता। जैसे ही कार रुकती ,वैसे ही दूसरी साईड़ से रुपयों से भरा बैंग चोरी कर फरार हो जाता। गौरतलब है कि गत 16 नवंबर को परिवादी ने मामला दर्ज कराया था।



## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए गंभीरता से प्रयास जरूरी : सुराणा

बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( नि.स. )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में हर साल लाखों लोगों की अकाल मृत्यु हो जाती है और उनके परिवारों में अंधेरा छा जाता है, इसलिए हम सभी को सड़क हादसों की रोकथाम के लिए गंभीरता से प्रयास करने चाहिए। जिला कलक्टर सोमवार को डीओआईटी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक को संबोधित कर थे। उन्होंने परिवहन, सानिवि और पुलिस सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क हादसों की रोकथाम के लिए सभी को आपस में समन्वय स्थापित कर लोगों की सुरक्षा के लिए समुचित कदम उठाने चाहिए। इस दिशा में आमजन की जागरुकता भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। लोगों को जागरुक करने के लिए भी अभियान चलाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के कारणों को जानने के बाद उनके निराकरण की दिशा में प्रयास करें। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल उपचार मिले, इसके लिए व्यापक कोशिश होनी चाहिए। घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहन राशि दी जाती है, सरकार की इस योजना का समुचित प्रचार-प्रसार किया जाए। सानिवि एवं सड़क निर्माण से जुड़े सभी अधिकारी नई सड़कों के निर्माण के दौरान तकनीकी पहलुओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# लुटेरी दुल्हन शादी के पांच दिन बाद घर से सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी लेकर भागी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** शिवदासपुरा थाना इलाके में एक लुटेरी दुल्हन शादी के पांच दिन बाद ही घर से सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी लेकर भागने का मामला सामने आया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि शादी करवाने की एवज में ढाई लाख रुपए दूल्हे के परिवार से लिए गए थे। इसके बाद शादी के पांच दिन सुसराल में रहने के दौरान सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी अलमारी से निकाल लुटेरी दुल्हन फरार हो गई। इस संबंध में थाने में पीड़ित दूल्हे ने लुटेरी दुल्हन सहित उसकी गैंग के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि बिलवा शिवदासपुरा निवासी 39 वर्षीय दूल्हे ने मामला दर्ज करवाया है कि आरोपी परिचितों ने घर मिलने आने पर उसकी शादी करवाने का ऑफर रखा। घरवालों ने शादी की जल्दी होने के कारण बातचीत करवाने के लिए कहा। दोनों परिचित आरोपियों ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जानकारी की लड़की होना बताया। लडकी की फोटो दिखाकर उसे व घरवालों को अपनी बातों में फंसाया। फोटो देखने पर लड़की अच्छी लगने पर बातचीत करने के लिए आने-जाने का खर्च बताकर पन्द्रह हजार रुपए ले लिए। कुछ दिन बाद घर आकर बताया कि रोशनी के माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है। उसके भईया-भाभी प्रताड़ित करते हैं। इस कारण वह अपनी बड़ी बहन के साथ रहती है। बीए पास घरेलू लड़की है और मोबाइल-फेसबुक से दूर रहती है।

शादी का पूरा खर्च लड़के वालों को उठाने पर रिश्ता तय होना बताया है। शादी के एवज में 2.50 लाख रुपए का खर्च होना बताकर देने की मांग की। रुपए देना तय होने पर 9 अक्टूबर को शादी होना तय हो गया। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक मंदिर में 9 अक्टूबर को दोनों की शादी करवाई गई। दस्तावेज पर लिखा-पढ़ी कर अगले दिन 10 अक्टूबर को दुल्हन को लेकर ससुराल आ गए। ससुराल में रहने के दौरान बहाने बनाकर पति से 35 हजार का मंगलसूत्र खरीदवाया।

पति से दूरी बनाए रखने के दौरान नजर बचाकर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और दस हजार रुपए नकदी निकाल लिए। पीड़ित दूल्हे ने कोर्ट के जरिए थाने में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

**OFFICE OF GRAM PANCHAY-AT MALKERA (SIKAR)**

No.: Sppp./25 Date: 25.11.2024

**Notice Inviting Bid**

Bids for Room with veranda construction work Government Higher Secondary School Malkera are invited from interested bidders upto 06:00 PM of 05.12.2024 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portals (http://sppp.raj.nic.in) of the state.

**UBN No.: PIV2024WSOB00108**

**Sarpanch**
**Gram Panchayat**
**Malkera**

**Village Development Officer**
**Gram Panchayat Malkera**

## सम्पादकीय

# गैर बैंकिंग कंपनियों का वित्तीय निवेश

आय कर रिटर्न में नजर आने वाला समग्र कॉर्पोरेट डेटा दिखाता है कि अर्थव्यवस्था के इस वर्ग की आय की संरचना में एक व्यवस्थित बदलाव आया है। अब इसमें कारोबारी आय कम हो रही है जबकि अन्य परोक्ष आय मसलन पूंजीगत लाभ और अन्य प्रकार की आय बढ़ रही है। इस रुझान को थोड़ा और समझने के लिए इस स्तंभ में बीएसई 500 कंपनियों के आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया है ताकि नजर आ रहे रुझानों का परीक्षण किया जा सके। यह सही है कि ये कंपनियां देश में औसत उद्यमिता का प्रतिनिधित्व नहीं करतीं लेकिन कारोबारी भारत के मूल्यवर्धन में उनकी अहम हिस्सेदारी है और इसलिए संभव है कि वे इस रुझान की वाहक बनी रहें। इस समस्या को दो तरह से देखा जा सकता है- पहला, क्या घोषित आय की संरचना में बदलाव आया है? और दूसरा, क्या परिसंपत्तियों की बनावट में बदलाव आया है? सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनमी के प्रॉवेस डेटाबेस का इस्तेमाल करके निहित रुझानों को समझने के लिए परिसंपत्तियों की बनावट पर नजर डाली गई है। चूंकि वित्तीय और गैर वित्तीय कंपनियों के मामले में कारोबारी गतिविधियों की प्रकृति अलग-अलग होती है इसलिए इन्हें कंपनियों की दो श्रेणियों में प्रस्तुत किया गया है।

भौतिक निवेश को विशुद्ध अचल परिसंपत्तियों, प्रगतिशील पूंजी निर्माण और अमूर्त संपत्तियों के रूप में परिभाषित किया गया है जबकि वित्तीय निवेश को दीर्घकालिक निवेश तथा दीर्घकालिक ऋण और अग्रिम के रूप में परिभाषित किया गया है। 500 कंपनियों में से 408 गैर वित्तीय कंपनियां हैं जबकि शेष वित्तीय क्षेत्र से ताल्लुक रखती हैं। यहां हितों के प्रश्न को देखते हुए ध्यान गैर वित्तीय कंपनियों पर केंद्रित है। बीएसई 500 कंपनियों की शुद्ध अचल परिसंपत्तियों में इनकी हिस्सेदारी 94-95 फीसदी है। गैर-वित्तीय कंपनियों के लिए अचल परिसंपत्ति की हिस्सेदारी समान अवधि में 66 फीसदी से कम होकर 59 फीसदी रह गई। अचल परिसंपत्ति में व्यवस्थित गिरावट बताती है कि इन कंपनियों की वित्तीय परिसंपत्तियों में इजाफा देखने को मिला। इस सूचना को देखने का एक और तरीका है कि विशुद्ध अचल परिसंपत्ति और वित्तीय परिसंपत्तियों के अनुपात पर नजर डाली जाए।

समान अवधि में यह अनुपातन 1.95 से घटकर 1.45 रह गया है। इसके अलावा शुद्ध अचल परिसंपत्ति में प्रगतिशील पूंजीगत कार्यों और अमूर्त पूंजी निर्माण की हिस्सेदारी 24 फीसदी से घटकर 14 फीसदी रह गई। यह भी दिखाता है कि इन कंपनियों में पूंजी निर्माण पर कम ध्यान दिया जा रहा है। कंपनियों की संख्या के आधार पर देखें तो 2014 और 2023 के बीच बीएसई 500 कंपनियों की तुलना की जाए तो 82 कंपनियां वित्तीय कंपनियां हैं जबकि 408 कंपनियां गैर वित्तीय कंपनियां हैं। गैर वित्तीय कंपनियों की बात करें तो पूरी अवधि के लिए 384 कंपनियों के आंकड़े उपलब्ध हैं, 248 कंपनियों ने कहा है कि उनकी वित्तीय परिसंपत्तियों में इजाफा हुआ है। मार्च 2024 तक शुद्ध अचल परिसंपत्तियों में उसकी हिस्सेदारी 62 फीसदी थी।

# भारत के जन-जन कि आत्मा है संविधान

**भारतीय संविधान देश के सभी धर्म, जाति, वर्ग के नागरिकों को समान अधिकार व उनकी रक्षा तथा रोजगार आदि के अधिकार प्रदान करता है जिससे देश के नागरिकों का सर्वांगीण विकास हो सके तथा वह प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति कर सकें इसलिए हमें भारतीय संविधान का आदर करना चाहिए, उसके नियमों का पालन करना चाहिए और अपने जीवन में अपनाने के साथ-साथ आत्मसात करने की आवश्यकता है। भारतीय संविधान कि विशेषताएँ न केवल कानून के सामने बल्कि अवसरों के मामले में भी समानता की गारंटी देती हैं। यह आर्थिक और सामाजिक न्याय की भी गारंटी देता है। इसके अलावा, इसमें अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधान है।**

**राजेश कुमार मीना झारेडा, करौली**




हम 75वां संविधान दिवस(राष्ट्रीय विधि दिवस)2024में मनाने जा रहे हैं। 26 नवंबर1949 के दिन भारतीय संविधान को संविधान सभा ने अधिनियमित,आत्मार्पित,अंगीकृत किया था।जिस के उपलक्ष्य में 26नवंबर को प्रतिवर्ष संविधान दिवस मनाया जाता है।इस दिन जब संविधान को अपनाया जा रहा था तो हल्की-हल्की बरसात हो रही थी जो एक शुभ संकेत माना गया ।26नवंबर को ही भारतीय संविधान सभा का नाम परिवर्तन करके भारतीय संसद कर दिया गया जी वी मावलंकर को प्रथम संसद का अध्यक्ष(स्पीकर)नियुक्त किया गया। 16अनुच्छेद5, 6,7,8,9,60,324,366,367,379,380,388,391,392,393,394 इसी दिन लागू कर दिए गये सन2015 में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 150वीं जयंती से प्रतिवर्ष इस दिन सें संविधान दिवस मनाना आरंभ हुआ। आज हम 21वीं सदी में हैं जहां पर'लोकतंत्र'शासन का सर्वोत्कृष्ट रूप है लोकतंत्र की समझ विकसित करने के लिए संविधान के प्रति समझ विकसित करनी चाहिए।जिससे न केवल विद्यार्थी संविधान को समझेंगे बल्कि देश के लिए एक सुयोग्य नागरिक बनकर अपना योगदान राष्ट्र विकास में देंगे। विद्यालय स्तर पर संविधान के प्रति समझ विकसित करने के लिए निम्न कार्य किए जा सकते हैं-

(1) विद्यालय में प्रार्थना स्थल पर संविधान के प्रति शपथ का आयोजन करना।
(2)'संविधान को समझो'विषय पर विद्यार्थियों में प्रश्नोत्तरी,वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करवाना।
(3)'भारतीय संविधान एक आदर्श भी और ध्येय भी' इस विषय पर विद्यार्थियों में वार्ता प्रतियोगिता का आयोजन करना।
(4)'संविधान को जानो'विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित करना।
(5) क्लास रूम में विद्यार्थियों के द्वारा संसद की बैठक व्यवस्था, संसदीय कार्यवाही का प्रस्तुतीकरण करना जिससे विद्यार्थियों में संसद की कार्यवाही को समझने में मदद मिलेगी और प्रत्यक्ष ज्ञान का अनुभव प्राप्त होगा।
(6)संविधान में वर्णित जनप्रतिनिधि संस्थाओं के प्रति समझ विकसित करने के लिए विद्यालय में कक्षा मॉनिटर,अनुशासन मंत्री,सफाई मंत्री आदि का चुनाव पद्धति से विद्यार्थियों द्वारा करवाना जिससे विद्यार्थी निर्वाचन प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।
(7)संविधान दिवस पर प्रभातफेरी, रन-फॉर-इक्वलिटी का आयोजन करना।
(8) नुक्कड़ नाटकों का आयोजन विद्यार्थियों द्वारा करना।

आज के युग में जहां हमारा उद्देश्य विद्यालयों में विद्या अध्ययन करवाना तो है ही,साथ ही देश के लिए सुयोग्य नागरिक तैयार करना भी हमारा प्रमुख लक्ष्य है।संविधान दिवस पर हम विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों की जानकारी,नागरिकों के कर्तव्यो की जानकारी भी दे सकते हैं। अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की जानकारी भी एक योग्य नागरिक के लिए महती आवश्यकता है।जैसा कि गांधी जी ने कहा था हमारे अधिकारों का सही स्रोत हमारे कर्तव्य होते हैं और यदि हम अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन करेंगे तो हमें अधिकार मांगने की आवश्यकता नहीं होगी। संघीय विशेषता के अंतर्गत- द्वैध शासन प्रणाली, लिखित संविधान,शक्तियों का विभाजन,संविधान की सर्वोच्चता,कठोर एवम लचिला संविधान,स्वतंत्र न्यायपालिका और द्विसदनीय व्यसथापिका जैसी सामान्य विशेषताएं पाई जाती है। संविधान सभा के सदस्य वयस्क मताधिकार के आधार पर अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित हुए थे। जिनका चुनाव जुलाई 1946 में सम्पन्न हुआ था। भारत के विभाजन के बाद कुल सदस्यों 389 में से भारत में 299 ही रह गए। जिनमे 229 चुने हुए थे। भारत की संविधान सभा ने संविधान का निर्माण किया और कई कानूनों के निर्माण और अधिनियमन में प्रमुख भूमिका निभाई।हम सभी ने इस संविधान सभा के बारे में सुना है ।लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि इसका गठन कैसे हुआ और इसके सदस्य क्या करते थे।

**भारत की संविधान सभा का गठन कैसे हुआ :** भारत की संविधान सभा मूल रूप से भारत का संविधान बनाने के लिए बनाई गई थी। प्रांतीय विधानसभाओं ने ही इस समिति का चुनाव किया था। भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन के अग्रणी एमएन रॉय पहले व्यक्ति थे जिन्होंने 1934 में संविधान सभा का विचार प्रस्तावित किया था। इस विचार के बाद 1935 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित किया गया था।अप्रैल 1935 में पंडित जवाहर लाल नेहरू की अध्यक्षता में लखनऊ में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। इस अधिवेशन के दौरान कांग्रेस के सदस्यों ने संविधान सभा की आधिकारिक मांग उठाई। हालांकि इस मांग को खारिज कर दिया गया। 1938 में पं. जवाहर लाल नेहरू ने संविधान सभा के संबंध में एक प्रभावशाली वक्तव्य दिया था 'स्वतंत्र भारत का संविधान,बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के,वयस्क मताधिकार के आधार पर निर्वाचित संविधान सभा द्वारा तैयार किया जाना चाहिए।' बाद में, सी. राजगोपालाचारी, जो एक स्वतंत्रता कार्यकर्ता और साथ ही एक भारतीय राजनेता,लेखक और वकील ने 15 नवंबर 1939 को भारत की संविधान सभा के निर्माण के लिए आवाज उठाई। अंग्रेजों ने 1940 के अपने 'अगस्त प्रस्ताव' के माध्यम से संविधान सभा की मांग स्वीकार कर ली। 1946 की कैबिनेट मिशन योजना के तहत पहली बार सभा के लिए चुनाव हुए। अपने निर्माण के उद्देश्य को पूरा करने के लिए संविधान सभा ने भारत के संविधान का निर्माण किया और 16 मई 1946 को इसे लागू किया।

**संविधान सभा के सदस्यों का चुनाव कैसे हुआ :** प्रांतीय विधानसभा ने एकल, संक्रमणीय-मत प्रणाली द्वारा भारतीय संविधान सभा के सदस्यों का चुनाव किया। संविधान सभा के कुल सदस्यों की संख्या 389 थी। इन सदस्यों में से 292 प्रांतों का प्रतिनिधित्व करते थे,93 रियासतों के प्रतिनिधि थे और 4 मुख्य आयुक्त प्रांतों से थे- दिल्ली, ब्रिटिश बलूचिस्तान, कुर्ग और अजमेर-मेरवाड़ा। ब्रिटिश भारतीय प्रांतों में 296 सीटों के लिए चुनाव अगस्त 1946 तक पूरे हो गए थे। इस चुनाव में कांग्रेस ने सबसे ज़्यादा 208 सीटें जीतीं। दूसरी तरफ़, मुस्लिम लीग को सिर्फ़ 73 सीटें मिलीं। इस चुनाव में हारने के बाद मुस्लिम लीग ने कांग्रेस के साथ काम करने से इनकार कर दिया तो राजनीतिक स्थिति और खराब हो गई। हिंदू-मुस्लिम दंगे शुरू हो गए और मुसलमानों ने मुसलमानों के लिए अपनी अलग संविधान सभा की मांग की। 9 दिसंबर 1946 को भारत की संविधान सभा की पहली बैठक हुई। बाद में, वे एक संप्रभु निकाय के रूप में 14 अगस्त 1947 को फिर से एकत्रित हुए। भारत और पाकिस्तान के बीच विभाजन के कारण 3 जून 1947 को पाकिस्तान की एक अलग संविधान सभा का गठन किया गया। चूंकि नई विधानसभा का गठन किया गया था, इसलिए पश्चिमी पंजाब और पूर्वी बंगाल के लिए नए चुनाव हुए। पश्चिमी पंजाब पाकिस्तान का हिस्सा बन गया और पूर्वी बंगाल बांग्लादेश बन गया।इस पुनर्गठन के बाद संविधान सभा के कुल सदस्य 299 रह गए और उन्होंने भारत का संविधान तैयार किया। 9 दिसंबर 1946 को ये प्रतिनिधि 2 साल 11 महीने और 18 दिन तक इस बात पर चर्चा करते रहे कि संविधान में क्या-क्या चीजें और कानून शामिल किए जाने चाहिए। इन दो सालों में संविधान सभा के 11 सत्र हुए। इस समिति की अध्यक्षता बीआर अंबेडकर ने की थी। क्योंकि इस संविधान सभा के सदस्यों को भारतीय जनता के द्वारा चुना गया था।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज अचानक धन खर्च होने का योग है। यह खर्च स्वास्थ्य के कारण भी हो सकता है। व्यावहारिक या सामाजिक काम के लिए बाहर जाना हो सकता है। खान-पान में ध्यान रखें। क्रोध तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

**वृष**
अधिकारियों से काम का उचित फल भी मिल सकता है। भाई-बंधुओं के साथ कोई झगड़ा दूर होगा। विचार लगातार परिवर्तन होते रहेंगे। आर्थिक विषय में सावधानी बरतनी आवश्यक है। नेगेटिव विचारों से मन परेशान रह सकता है।

**मिथुन**
आपका आज का दिन शुभफलदायी है। कई क्षेत्रों से आपको लाभ होगा। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी हो सकता है। पर्यटन स्थल की सैर आपको रोमांचित करेगी। परिजनों से मुलाकात आनंददायी हो सकती है।

**कर्क**
सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। पेट दर्द से परेशानी हो सकती है। आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है। व्यापार में बाधाएं उपस्थित होंगी।

**सिंह**
स्वस्थता का अनुभव नहीं करेंगे। निराशा और असंतोष की भावना से काम में मन नहीं लगेगा। कुंटुंबजनों के साथ किसी विषय पर वाद-विवाद हो सकता है। विद्यार्थियों को अभ्यास का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेगा।

**कन्या**
आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम की तुलना में कम फल की प्राप्ति होगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है। भाई-बंधुओं के साथ कोई झगड़ा दूर होगा।

**तुला**
रोमांस के लिए आज अनुकूल दिन है। आज का हर कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूरा करेंगे। प्रवास-पर्यटन की संभावनाएं है। अच्छा भोजन और नए वस्त्र मिलने का अवसर मिल सकता है। भागीदारी से लाभ होगा।

**वृश्चिक**
आज आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। शारीरिक रूप से आलस्य और अशक्ति का अनुभव करेंगे। मन में चिंता रह सकती है। गलत कामों से दूरी बनाए रखें। किसी भी योजना को सावधानीपूर्वक करें।

**धनु**
आप में आज आत्मविश्वास कूट-कूटकर भरा रहेगा। किसी भी काम को करने के लिए आप जल्दबाज़ी में निर्णय ले सकते हैं। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ होगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है। वाणी में उग्रता ना रखें।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए अच्छा होगा। व्यापार स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। उच्च अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। आप का हर काम आज सफलता से पूरा होगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में पदोन्नति भी हो सकती है।

**कुंभ**
विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा। सरकारी कामों में आर्थिक लाभ आपको मिल सकता है। संतान के लिए पूंजी निवेश करेंगे। नई योजना का आरंभ करने के लिए आज अनुकूल दिन है। सरकारी काम में लाभ होगा।

**मीन**
आज इगो के कारण किसी से बातचीत में मनमुटाव हो सकता है। मित्रों के साथ किसी बात विवाद हो सकता है। स्वभाव में आवेश और क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी। धार्मिक कामों में धन का खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन सुख मिलेगा।

## शख्सियत

**बढ़ता राजस्थान**

नमस्कार मित्रों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री उम्मेदीलाल मीणा। जोकि इस समय अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, हनुमानगढ़ पद को सुशोभित कर रहे हैं। 3 जनवरी सन 1968 को दौसा जिले में जन्में उम्मेदीलाल मीणा शुरू से ही ग्रामीण परिवेश व मिट्टी के साथ जुड़े रहने वाले अधिकारियों में से हैं। कई विभागों में बड़े पदों पर भी रहे हैं इससे पूर्व भू-प्रबन्ध अधिकारी, टोंक। भू-प्रबन्ध अधिकारी, अलवर। जिला आबकारी अधिकारी, जयपुर ग्रामीण, अलवर। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर अलवर। सचिव नगर विकास न्यास, भरतपुर। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर भरतपुर। उप सचिव नगर विकास न्यास, भिवाड़ी अलवर। भूमि अवाप्ति अधिकारी नगर विकास न्यास भिवाडी, अलवर। उपखण्ड अधिकारी कोटकासिम अलवर। उपखण्ड अधिकारी, किशनगढ़ बास अलवर। उपखण्ड अधिकारी, रामगढ अलवर। उपखण्ड अधिकारी, डेगाना नागौर। उप रजिस्ट्रार, दौसा। तहसीलदार, करौली। तहसीलदार, राजगढ़ अलवर। तहसीलदार, भीलवाड़ा। नायब तहसीलदार, करौली रहे। कोविड़ के दौरान इनकी बेहतरीन कार्यशैली और लोगों के प्रति भावनाए देखने को मिली जब ये अलवर एडीएम सिटी पद पर थे। बहुत सरल,सहज और ऊर्जावान अधिकारी के रूप में इन्हे देखा जाता है। जहां भी रहे तनावमुक्त रहकर कार्य किया और अपने अधिनस्थ कर्मचारियों व अधिकारियों को भी तनावमुक्त रहकर कार्य करने का संदेश दिया। आज भी जमीन से जुडाव व अपनी संस्कृति से जुड़ाव रखकर सभ्यता व अपनी संस्कृति को बचाए रखने का संदेश देते हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्वल भविष्य की कामना करती है।



श्री उम्मेदी लाल मीणा
(राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी)

**रूपक शर्मा**

## आज का इतिहास

### 26 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- सन 1885 में पहली बार उल्कापिंड की तस्वीर ली गयी।
- देश के श्वेत क्रांति के जनक माने-जाने वाले वर्गीज कुरियन का 1921 में जन्म में हुआ।
- महान् क्रिकेटर डॉन ब्रैडमैन ने 1932 में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दस हजार रन बनाये।
- नेशनल कैडेट कोर की 1948 में स्थापना हुई।
- देश का सर्वोच्च कानून हमारा संविधान 1949 में अंगीकार किया गया।
- आजाद भारत के संविधान पर 1949 में संविधान सभा के अध्यक्ष ने हस्ताक्षर किया।
- ब्रिटेन के ऊपरी सदन हाउस ऑफ लॉर्डस ने 1953 में आज ही के दिन में देश में व्यावसायिक टेलीविजन चैनल शुरू करने के लिए लाए गए पेश किए गए प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।
- भारत में 1960 में पहली बार कानपुर एवं लखनऊ के बीच एसटीडी सेवा शुरु हुई।
- लिस्बन में 1967 में बादल फटने से करीब 450 लोग मरे।
- इराक एवं अमेरिका ने 1984 में कूटनीतिक संबंधों को पुन: स्थापित किया।
- ब्रिटेन की प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर ने 1990 में ब्रिटेन की महारानी को अपना इस्तीफा सौंपा था।
- सन 1992 में आज ही के दिन ब्रिटेन की संसद ने एक ऐतिहासिक फ़ैसले में ये तय कि ब्रिटेन की महारानी एलिज़ाबेथ को अपनी आय पर कर देना होगा।
- मंगल ग्रह पर जीवन की संभावनाओं का पता लगाने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 1996 में अंतरिक्ष यान 'मार्स ग्लोबल सर्वेयर' को अंतरिक्ष में भेजा (7 नवम्बर); संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इराक के संदर्भ में 'आयल फॉर फुड डील' प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया।
- पाक सुप्रीम कोर्ट के दो जजों ने 1997 में मुख्य न्यायाधीश को निलम्बित किया।
- बीबीसी के 2002 में सर्वेक्षण में विंस्टन चर्चिल महानतम ब्रिटिश नागरिक चुने गये।
- इराक में 2006 में हुए बम धमाके में 202 लोगों की जान गई।
- भारत के मुंबई नगर में 2008 में हुए आत्मघाती आतंकवादी हमला हुआ। आतंकवादियों ने ताज होटल में घुसकर अनेक अतिथियों को बंधक बना लिया। इसे भारतीय सेना ने तीन दिनों की कार्यवाई के पश्चात् मुक्त करा लिया।
- मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमले में 164 लोग मरे, 250 से अधिक घायल।
- सीरिया में 2012 में हुए हवाई हमले में दस बच्चों की मौत, 15 घायल।

### 26 नवंबर को जन्मे व्यक्ति

- प्रसिद्ध लेखक, कवि, भाषाविद और सम्पादक नाथूराम प्रेमी का जन्म 1881 में हुआ।
- भारत के प्रसिद्ध इतिहासकार और शिक्षाविद राम शरण शर्मा का जन्म 1919 में हुआ।
- प्रसिद्ध उद्योगपति एवं श्वेत क्रांति के जनक वर्गीज कुरियन का जन्म 1921 में हुआ।
- अमेरिकी कार्टूनिस्ट चार्ल्स एम. शल्ज का जन्म 1922 में हुआ।
- हिन्दी फिल्मों के प्रसिद्ध सिनेमेटोग्राफर वी. के. मूर्ति का जन्म 1923 में हुआ।
- भारत के मशहूर वैज्ञानिक और शिक्षाविद यशपाल (वैज्ञानिक) का जन्म 1926 में हुआ।
- प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष रवि राय का जन्म 1926 में हुआ।

**राष्ट्रीय संविधान दिवस**

# हमारा संविधान, हमारा सम्मान

भारतीय संविधान देश के मौलिक कानून के रूप में हमारे मूल्यों, सिद्धांतों और शासन के ढांचे का प्रतीक है। यह भारत की सर्वोच्च विधि के रूप में भूमिका निभाता है, तथा राज्यों के कामकाज का भी मार्गदर्शन करता है। भारतीय संविधान के द्वारा नागरिकों के अधिकारों और जिम्मेदारियों को भी सुनिश्चित किया जाता है।

**संविधान का अर्थ**

किसी राज्य का संविधान मूल सिद्धांतों या स्थापित परंपराओं का एक मौलिक समूह होता है जिसके आधार पर राज्य के द्वारा शासन का संचालन किया जाता है। यह सरकार की संस्थाओं के संगठन, शक्तियों और सीमाओं के साथ-साथ नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों के मध्य एक संतुलन की तरह कार्य करता है। यह देश के सर्वोच्च कानून के रूप में भूमिका निभाता है, जो सरकार के कामकाज, व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं की सुरक्षा एवं सामाजिक व्यवस्था के रखरखाव के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है।

**भारत के संविधान का दर्शन**

भारतीय संविधान अपने ऐतिहासिक संघर्षों, दार्शनिक आदर्शों और सामाजिक आकांक्षाओं की जड़ों के साथ लोकतंत्र, न्याय और समानता की ओर राष्ट्र की सामूहिक यात्रा को प्रदर्शित करता है। यह लेख भारतीय संविधान के अर्थ, संरचना, प्रमुख विशेषताओं, महत्त्व और अन्य पहलुओं को समझाने का प्रयास करता है।

**भारत का संविधान**

भारत का संविधान भारतीय गणराज्य का सर्वोच्च कानून है। यह देश की राजनीतिक व्यवस्था के लिए रूपरेखा तैयार करता है, सरकार की संस्थाओं की शक्तियों एवं उत्तरदायित्वों को परिभाषित करता है। संविधान के द्वारा मौलिक अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ शासन के सिद्धांतों को भी रेखांकित किया जाता है। संविधान में देश के प्रशासन का मार्गदर्शन करने वाले नियमों और विनियमों का एक समूह होता है।

किसी राज्य का संविधान मूल सिद्धांतों या स्थापित परंपराओं का एक मौलिक समूह होता है जिसके आधार पर राज्य के द्वारा शासन का संचालन किया जाता है। यह सरकार की संस्थाओं के संगठन, शक्तियों और सीमाओं के साथ-साथ नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों के मध्य एक संतुलन की तरह कार्य करता है। यह देश के सर्वोच्च कानून के रूप में भूमिका निभाता है, जो सरकार के कामकाज, व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं की सुरक्षा एवं सामाजिक व्यवस्था के रखरखाव के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है।

भारत का संविधान भारतीय गणराज्य का सर्वोच्च कानून है। यह देश की राजनीतिक व्यवस्था के लिए रूपरेखा तैयार करता है, सरकार की संस्थाओं की शक्तियों एवं उत्तरदायित्वों को परिभाषित करता है। संविधान के द्वारा मौलिक अधिकारों की रक्षा के साथ- साथ शासन के सिद्धांतों को भी रेखांकित किया जाता है। संविधान में देश के प्रशासन का मार्गदर्शन करने वाले नियमों और विनियमों का एक समूह होता है।

**भारतीय संविधान की संरचना**

भारतीय संविधान विश्व के सबसे लंबे एवं विस्तृत लिखित संविधानों में से एक है। भारतीय संविधान की संरचना के विभिन्न घटकों को इस प्रकार देखा जा सकता है।



भारत का संविधान
उद्देशिका

**भाग:-** संविधान में ''भाग'' का तात्पर्य समान विषयों या प्रवृत्तियों से संबंधित अनुच्छेदों के समूह से है। भारतीय संविधान विभिन्न भागों में विभाजित है, प्रत्येक भाग देश के कानूनी, प्रशासनिक या सरकारी ढांचे के विशिष्ट पहलू से संबंधित है।

**अनुच्छेद-** अनुच्छेद संविधान के अंतर्गत एक विशिष्ट प्रावधान या खंड को संदर्भित करता है, जो देश के कानूनी और सरकारी ढांचे के विभिन्न पहलुओं का विवरण प्रदान करता है।संविधान के प्रत्येक भाग में क्रमानुसार क्रमांकित कई अनुच्छेद होते हैं।

**अनुसूचियाँ:-** अनुसूची संविधान से सम्बंधित एक सूची या तालिका को संदर्भित करती है जो संवैधानिक प्रावधानों से संबंधित कुछ अतिरिक्त जानकारी या दिशानिर्देशों का विवरण प्रदान करती है। अनुसूचियाँ स्पष्टता और पूरक विवरण प्रदान करती हैं, जिससे संविधान अधिक व्यापक और कार्यात्मक बन जाता है।

भारतीय संविधान का अधिनियम और अंगीकरण

भारतीय संविधान का निर्माण 1946 में गठित एक संविधान सभा द्वारा किया गया था। संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद थे।

29 अगस्त 1947 को संविधान सभा में भारत के स्थायी संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए एक प्रारूप समिति के गठन का प्रस्ताव रखा गया था। तदनुसार, बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर की अध्यक्षता में प्रारूप समिति गठित की गई थी। प्रारूप समिति के द्वारा संविधान को तैयार करने में 2 वर्ष, 11 महीने और 18 दिनों का कुल समय लगा। कई विचार-विमर्श और कुछ संशोधनों के बाद, संविधान के प्रारूप को संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर 1949 को पारित घोषित किया गया था। इसे भारत के संविधान की 'अंगीकृत तिथि' के रूप में जाना जाता है। संविधान के कुछ प्रावधान 26 नवंबर 1949 को लागू हो गए थे। हालांकि, संविधान का अधिकांश भाग 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ, जिससे भारत एक संप्रभु गणराज्य बन गया। इस तिथि को भारत के संविधान के 'अधिनियमन तिथि' के रूप में जाना जाता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# कपड़ा गौदाम के तीसरी मजिंल पर शार्ट सर्किट से लगी आग

## गैस एजेन्सी कर्मचारियो की सतर्कता से टला बड़ा हादसा, गैस गीजर में लगे गैस सिलेण्डर में लगी आग से मचा हड़कम्प

कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** मालपुरा शहर के सबसे अधिक व्यस्तम महावीर मार्ग स्थित एक कपड़े के शोरूम के तीसरी मजिंल पर बने गौदाम के पास बाथरूम में लगे गैस गीजर में शार्ट सर्किट से लगी आग से लाखो रूपयो के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

सोमवार को दोपहर के समय आशादीप टेक्सटाईल के ततीसरी मजिंल पर लोगो ने घुंआ उठता देखा। जिसकी जानकारी मालिक कैलाश डेठाणी को लगते ही मौके पर जाकर देखा। जहां गैस गीजर के पाईप में आग लगी हुई थी। मालिक ने इसकी सूचना तुरन्त पुलिस, नगरपालिका व बापू गैस एजेन्सी को दी। सूचना के साथ ही एजेन्सी कर्मचारी बाबूलाल व ओमप्रकाश सैनी मौके पर पहुंचे। इधर वृताधिकारी आशिष प्रजापत भी मय दल बल के मौके पर पहुंचे। साथ ही सूचना के साथ ही नगरपालिका का दमकल वाहन भी मौके पर पहुंचा। शहर के सबसे अधिक व्यस्तम बाजार स्थित शोरूम में आग की घटना से आसपास के दुकानदारो व घरो में हड़कम्प मच गया। मौके पर पहुंचे गैस एजेन्सी कर्मचारियो ने हिम्मत व हौसले से काम लेते हुए आग से धू धू कर जल रहे गैस पाईप को गैस सिलेण्डर से अलग कर पाइप को बाहर फेंका और गैस सिलेण्डर को सुरक्षित किया। वहीं दमकल वाहन के कर्मचारियो ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गौरतलब है कि कपड़ा शोरूम के तीसरी मजिंल पर बाथरूम के पास की कपड़े का गौदाम था। जिसमें रखे कपड़े ने भी आग पकड़ ली थी।



लेकिन गैस एजेन्सी कर्मचारियो की सतर्कता व हौसले ने बड़ा हादसा होने से टल गया।

आग लगने की घटना होते ही वृताधिकारी प्रजापत ने महावीर मार्ग में जाने वाले दोनो मुख्य रास्तो का आवागमन बंद करवा कर आग पर काबू पाने के प्रयासो को आसान करने का काम किया। शोरूम मालिक कैलाश डेठाणीवाले ने बताया कि आग लगने की घटना से कपड़ा गौदाम में रखा लाखो रूपयो का नया कपड़ा या तो जल गया या आग पर काबू पाने प्रयासो के तहत फेंके गए पानी से बिलकुल खराब हो गया।

## विकसित भारत युवा लीडर डायलॉग कार्यक्रम का होगा आयोजन

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर मिलेगा प्रधानमंत्री मोदी से मिलने का मौका

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम, 25 नवंबर से माय भारत पोर्टल पर शुरू होने जा रहा है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रूबरू होने का और विकसित भारत के निर्माण में अपने विचार रखने का एक अद्भुत अवसर प्रदान करेगा। जिला युवा अधिकारी हितेश कुमार खत्री ने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के अग्रणी भूमिका की वकालत की थी, इस विचार को लेकर युवाओं को विकसित भारत की भविष्य योजना पूरा करने की दिशा में अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का एक अद्भुत मौका दिया जाएगा। युवाओं के लिए सबसे प्रमुख आकर्षण प्रधानमंत्री से सीधे बातचीत करने और भारत का भविष्य गढ़ने में अपने विचार शामिल कराने का अवसर होगा, इससे राजनीति और नागरिक जीवन में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी।

जिला युवा अधिकारी ने बताया कि विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम की चार चरणों में प्रतियोगिता शामिल है। इसके तहत मेरा युवा भारत प्लेटफॉर्म पर 5 दिसंबर-2024 तक आयोजित होने वाले डिजिटल क्विज में 15 वर्ष से 29 वर्ष की आयु के युवा भाग लेंगे। इसमें प्रतिभागियों के ज्ञान और भारत की उल्लेखनीय उपलब्धियों के बारे में उनकी जानकारी की परीक्षा होगी।

## विभागीय योजनाओं एवं बजट घोषणाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

# आवंटित की जाने वाली भूमियों के प्रस्ताव शीघ्र भेजें : धारा सिंह

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा सहित विकास कार्यो, विभागीय योजनाओं एवं बजट घोषणाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक अतिरिक्त जिला कलक्टर धारा सिंह मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में आयोजित हुई।



अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए जिन विभागों के लिए भूमि आवंटित की जानी है उनके प्रस्ताव शीघ्र भिजवाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पीएम सूर्य ग्राम योजना की प्रगति के बारे में अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग से जानकारी लेकर धरातल पर योजना के क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को एक वर्ष के कार्यक्रम के लिए उनके विभाग से संबंधित दी गई जिम्मेदारियों को निर्धारित समयबद्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा को मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम के लिए जल भराव वाले सभी स्थानों पर एंटी लार्वा गतिविधियां आयोजित करवाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा को पालनहार योजना के वार्षिक सत्यापन से वंचित रहे बालकों को चिन्हित कर उनके शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। वहीं नगर परिषद आयुक्त पंकज मीणा को नगर परिषद क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध करने एवं आवारा पशुओं को पकड़वाने के निर्देश दिए।

**सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा :** अतिरिक्त जिला कलक्टर ने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि पोर्टल पर 60 दिन से अधिक के कोई भी प्रकरण लंबित न रहे।

बैठक में सहायक कलक्टर रूबी अंसार, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार रामराज मीणा, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरि सिंह मीणा, उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग गौरी शंकर मीणा, जिला परिवहन अधिकारी पी.आर. मीणा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्युत विभाग के कर्मचारियो ने धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा ( बढ़ता राजस्थान )।** विद्युत विभाग के कर्मचारियो ने मॉडल के नाम से नीजिकरण के प्रयासो के विरोध में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति तहसीदार पवन कुमार सोंपी। सोमवार को जयपुर विद्युत वितरण निगम के यहां स्थित सहायक अभियन्ता कार्यालय के सभी कर्मचारियो ने अपने काम का बहिष्कार कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे। इस दौरान कर्मचारियो ने विद्युत क्षैत्र में उत्पादन, प्रसारण एवं वितरण निगमो में कई प्रकार की प्रक्रियाओं व मॉडल के नाम से नीजिकरण के प्रयासो के विरोध में नारेबाजी की। साथ ही सांकेतिक धरना देकर नीजिकरण के प्रयासो का विरोध करने के




अलावा निगम कार्मिको के लिए आपीएम लागू करने, स्थाई बिजली कर्मचारियो की भर्ती करने की मांग भी की। अंत में धरना प्रदर्शन करने वाले सभी कर्मचारियो ने मुख्यमंत्री के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति सहायक अभियन्ता व तहसीलदार पवन कुमार को सौंपी। ज्ञापन में नीजिकरण के प्रयासो को तुरन्त बंद करने की मांग की। इस दौरान भैंरूलाल, संजू, नीलम, राकेश जैन, संध्या, अजय, दीपक, शाकिर, विष्णु सहित अन्य सभी कर्मचारी मौजुद रहे।

# भागवत कथा श्रवण करने से आत्मिक शांति एवं आध्यात्मिक ज्ञान की होती है प्राप्ति



बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर सिटी ( नि.स. )।** नगर परिषद क्षेत्र के मिर्जापुर स्थित राधास्वामी सत्संग के सामने मिश्र परिवार की ओर से आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथावाचक महुकलां निवासी पंडित विष्णुकृष्ण शास्त्री ने व्यास पीठ से कहा कि श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान यज्ञ के अनुसार कर्म प्रधान जीवन एवं अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा भाव जीवन को श्रेष्ठ बनाता है। कथा श्रवण कार्यक्रम के दौरान पहुंचे गंगापुर सिटी नगरपरिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल एवं कुहू स्कूल निदेशक ब्राह्मण समाज अध्यक्ष डॉ. हेमंत शर्मा ने कहा कि पारिवारिक धार्मिक आयोजन से जीवन में आध्यात्मिक शांति एवं आपसी प्रेमभाव सौहार्द को बढ़ावा मिलता है।

कथा श्रवण कार्यक्रम के दौरान विप्र फाउंडेशन राजस्थान जिला इकाई गंगापुर सिटी युवा जिलाध्यक्ष धनेश शर्मा ब्राह्मण समाज पूर्व कोषाध्यक्ष शिवचरण शर्मा अन्ना,भाजपा मंडल महामंत्री मिथिलेश व्यास ,जीतू गुर्जर,विकास गुर्जर सहित अनेक प्रबुद्ध जन एवं भक्त माता-बहने, बाल - गोपाल उपस्थित रहे।

# पूर्व सैनिको ने जलदाय मंत्री को बताई अपनी समस्याऐं

## समाधान करवाने की मांग के साथ साथ विजय दिवस में शामिल होने का सौंपा निमन्त्रण

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** पूर्व सैनिक संगठन का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत करवाने के साथ साथ 16 दिसम्बर को शहिद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का निमन्त्रण सौंपा।

सोमवार को मालपुरा के पूर्व सैनिका का प्रतिनिधि मंडल जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने केबिनेट मंत्री चौधरी शहिद स्मारक का सर्वांगीण विकास करवाने की मांग रखी। साथ ही संगठन की ओर से 16 दिसम्बर को शहिद दिवस के मौके पर



शहिद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहकर पूर्व सैनिको का मान बढ़ाने की मांग की। इस दौरान श्री राम चौधरी, केम्पटन रामनाराचण गुर्जर, शिवजी राम, रामलाल फौजी, जब्बर सिंह, किशनलाल चौधरी मौजुद रहे।

# भैंरू सागर बांध की नहरो में सिंचाई के लिए छोड़ा पानी



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** जल संसाधन विभाग के अधीन क्षेत्र के दूसरे सबसे बड़े सिंचाई स्त्रोत भैंरूसागर चांदसेन की नहरो में सिंचाई के लिए पानी छोड़ा गया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को विभाग के सहायक अभियन्ता महिपाल, जायका कनिष्ठ अभियन्ता राजेन्द्र चौधरी, विभागीय कनिष्ठ अभियन्ता जयदेव सिंह सोलंकी, बांध की जल वितरण कमेटी अध्यक्ष मदनलाल सैनी व बंसीलाल शर्मा ने पूजा अर्चना के बाद नहर की मोरी खोल कर नहरो में सिंचाई के लिए पानी छोड़ा गया।

कनिष्ठ अभियन्ता जयदेव सिंह सोलंकी ने बताया कि भैंरूसागर बांध की नहरो से लगभग 24सो हैक्टर भूमि की सिंचाई हो सकेगी। साथ ही उन्होंने सिंचित क्षेत्र के किसानो से आव्हान किया है कि नहरो के पानी को सदुपयोग करे और दुरूपयोग करने से बचे। क्योंकि पानी परमात्मा दी हुई वह महत्वपूर्ण वस्तु है जिसे कोई बना नहीं सकता। पानी केवल प्रकृति से ही बनना संभव है।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दिया सॉफ्ट टोयज मेकर सेलर प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( नि.स. )।** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा प्रायोजित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, सवाई माधोपुर की ओर से नया पढ़ाना में चल रहे सॉफ्ट टोयज़ मेकर व सेलर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक पी.एन. बनर्जी रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 31 महिला प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक ट्रेनिंग दी गई और उन्हे स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम समन्वयक लोकेश जागिड़ ने सॉफ्ट टोयज़ मेकर व सेलर प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े रोजगार के बारे में महिलाओं को टिप्स दिए । अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक ने महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का महत्व बताया। साथ ही उन्हें छोटी-छोटी बचत से पैसे जोड़ने



के गुर सिखाए। महिलाओं से खिलौने बनाने का कार्य करने हेतु आग्रह किया। समारोह के अंत में सभी महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए। ईडीपी असेस्मेंट अधिकारी भंवर लाल स्वामी द्वारा मूल्याकन किया गया।

# चोरों ने सूने मकान में दिया वारदात को अंजाम, कीमती सामान लेकर हुए फरार चोरी की घटनाओं से लोगों में नाराजगी

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** समीपवर्ती चौथ का बरवाड़ा उपखंड मुख्यालय पर पिछले कई दिनों से लगातार चोरी की वारदात हो रही हैं। यहां बार-बार चोरी होने और पुलिस को रिपोर्ट देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसी बीच कस्बे में एक बार फिर से चोरी की वारदात हुई है। यहां चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर कीमती धातु के बर्तन एवं अन्य सामान चुरा लिए। इस मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस को रिपोर्ट दी है। जानकारी के अनुसार कस्बे के खटीक मोहल्ले में स्थित अकसामुद्दीन के सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाया। यहां पीड़ित परिवार शादी समारोह में जयपुर गया हुआ था। पीछे से चोरों ने मकान का ताला तोड़कर अंदर रखे पीतल के बर्तन एवं अन्य सामान को चुरा लिया। घटना का पता लगने के बाद पीड़ित ने इस मामले को लेकर पुलिस को रिपोर्ट दी है।

### लगातार हो रहीं चोरी की वारदातें

कुछ दिन पहले ही रजमाना मार्ग पर एक गोदाम का ताला तोड़कर चोर यहां से 200 के करीब सरसों की बोरी चुरा ले गए। इसकी रिपोर्ट पुलिस को देने के बावजूद भी आज तक चोर का कोई पता नहीं लग पाया है। इसके साथ कुछ दिन पहले ही 12 स्थानों पर नलकूप की केबल चोरी होने का मामला भी सामने आया था। इसे लेकर भारतीय किसान संघ ने पुलिस को ज्ञापन भी दिया था।

# लाकड़ी वाली ढाणी की घटना - परिजनों ने पुलिस में शिकायत करने से किया इनकार शराब छुड़ाने की दवा पीने के बाद बिगड़ी तबीयत, दो सगे भाइयों की मौत

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** शराब की लत छुड़ाना दो भाइयों को भारी पड़ गया। समीपवर्ती पिपलाई ग्राम पंचायत के लाकड़ी वाली ढाणी में एक देवस्थान पर शराब छुड़ाने की दवाई पीते ही दो भाइयों की तबीयत बिगड़ गई। हालांकि इस सबंध में परिजनों ने कोई भी प्राथमिकी पुलिस में दर्ज नहीं कराई है। ऐसे में पुलिस की ओर से मर्ग दर्ज की गई है। वहीं चिकित्सकों का कहना है कि विसरा रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। हालांकि परिजनों का दावा है कि दोनों सगे भाइयों की मौत दवाई पीने के बाद हुई है। जानकारी के अनुसार पिपलाई की लाकड़ी वाली ढाणी में नाग देवता के स्थान पर पिछले छह माह से एक जने की ओर से लोगों को मदिरा छुड़ाने की दवाई दी जाती है। मंडावरी थाना अंतर्गत ग्राम खुर्रा की धोली पाड़ निवासी विजय उर्फ विजेंद्र (25) तथा करण (23) पुत्र हनुमान नाथ सपेरा को परिजन यहां मदिरा छुड़ाने की दवा दिलाने लाए थे। देवस्थान पर सुबह करीब 12ः30 बजे दोनों भाइयों को दवा पिलाई गई। इसके बाद परिजन वाहन से वापस गांव के लिए रवाना हो गए। रास्ते में हालत बिगड़ने पर दोनों को वापस देवस्थान पर लाकर छोड़ दिया गया। परिजनों का कहना था कि दवा पीने से ही उनकी तबीयत बिगड़ी है। इस दौरान दोनों भाइयों को करीब आधे घंटे से अधिक समय तक जमकर उल्टियां हुई। तब तक वहां से सभी लोग लौट चुके थे। केवल दवा देने वाला व्यक्ति ही मौजूद था। दोनों की मौत होने पर उन्होंने वहीं से पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद बामनवास पुलिस ने शनिवार शाम को दोनों को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। रविवार सुबह देर तक चली कशमकश के बाद परिजनों की ओर से इस मामले में किसी तरह का मुकदमा दर्ज नहीं कराए जाने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। थाने के एएसआई अब्दुल खालिक ने बताया कि परिजनों की ओर से किसी तरह का मामला दर्ज कराने से इनकार कर दिया गया। पुलिस ने मर्ग दर्ज की है। इधर, राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रमेश चंद्र मीणा का कहना है कि दोनों की विसरा रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा।

# भाड़ौती व मलारना स्टेशन पुलिस चौकी प्रभारी को हटाया

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** जिला पुलिस अधीक्षक ने शिकायतों के आधार पर भाड़ौती पुलिस चौकी प्रभारी राकेश सैन एवं मलारना स्टेशन पुलिस चौकी प्रभारी गजानंद शर्मा को हटाया है। इनके स्थान पर भाड़ौती चौकी पर मानटाउन थाने से एएसआई धर्मेन्द्र कुमार तथा मलारना स्टेशन चौकी पर सूरवाल थाने से एएसआई कमलेश शर्मा को लगाया गया है। राकेश सैन बीते दिनों अवकाश की बात को लेकर हेड मोर्रर दिलीप सिंह से कहासुनी के बाद चर्चा में आए थे। माना जा रहा है कि इस घटना के बाद एसएचओ ने एसपी को रिपोर्ट भेजी थी। उधर, मलारना स्टेशन पुलिस चौकी प्रभारी गजानन्द शर्मा को भी हटा दिया गया है। बता दें कि भाड़ौती और मलारना स्टेशन पुलिस चौकियां अवैध रूप से बजरी परिवहन को लेकर हमेशा सुर्खियों में रही है।

**बढ़ रही पेंडेंसी :** मलारना डूंगर पुलिस थाना क्षेत्र अवैध बजरी व परिवहन को लेकर संवदेनशील है। इसके बाद भी लगातार कम होती नफरी पुलिस की कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकती है। साथ ही कम नफरी से अब मुकदमों की पेंडेंसी बढ़ना तय है। ऐसे में आमजन को न्याय मिलने में देरी की बात से इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस थाने पर सालाना औसत 400 मुकदमें दर्ज होते हैं। इनकी जांच के लिए जांच अधिकारी की कमी है। इससे जांच में देरी होना तय है।

# सेन समाज पंच परगना समिति की बैठक आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** खण्देवत रोड पर स्थित कमलेश्वर महादेव मंदिर में सेन समाज पंच परगणा समिति के तत्वाधान में 26 नवंबर मंगलवार को दोपहर 2.00 बजे समिति अध्यक्ष राधेश्याम डांगरपाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित होगी ।समिति के प्रवक्ता जितेंद्र धारवाल ने बताया कि बैठक में छात्रावास के विकास सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

# संविधान दिवस पर आज प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (नि.स.)।** भारत के संविधान की उद्देशिका व प्रमुख मूल अधिकारों का वाचन की जानकारी देने के उद्देश्य से 26 नवंबर को 75वें संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यालय सहायक निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क सवाई माधोपुर में जिला कलक्टर शुभम चौधरी प्रातः 11 बजे संविधान प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन करेंगी। वहीं दोपहर 1 बजे भारत के संविधान पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर राजकीय हेण्डल, माननीय मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों के हेण्डल पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। इस दौरान संवैधानिक अधिकार और सम्मानजनक जीवन के लिए केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं संविधान के बारे में पेम्पलेट आदि के माध्यम जानकारी साझा की जाएगी।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# आतंकी हमले 26/11 में शहीदों को श्रद्धांजलि के लिए हुए अनेक कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान





**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** 26/11 के आतंकी हमले में शहीदों के लिए संपूर्ण देश के विभिन्न प्रांतो में विभिन्न कार्यक्रम आओ जीत आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पण के साथ अखिल भारतीय शहीद सुशील कुमार शर्मा फाऊंडेशन द्वारा विधि संस्थान जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर में मंगलवार 26 नवंबर को संविधान दिवस पर सेमिनार का आयोजन के साथ बहादुर नागरिक अवार्ड 2024 वैश्विक एवं असाधारण प्रतिभा अवार्ड का आयोजन किया जाएगा।

इसी श्रृंखला में कार्यक्रम आयोजकों की ओर से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता का विषय आतंकवाद और मानवतावाद रखा गया। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में निर्णायकगण के रूप मे डॉ रेखा रानी शर्मा, प्राचार्य, ग्वालियर विधि महाविद्यालय, श्री जी एस एल गौर अध्यक्ष आगाह संस्था, श्री एस एस जाफरी एवं श्री रामेंद्र राठौर मौजूद रहे। इस अवसर पर संस्था फाउंडेशन की ओर से संस्थापक अध्यक्ष डॉ महेंद्र कुमार शर्मा सचिव ,आलोक द्विवेदी, संयुक्त सचिव संजय अरोरा, कोषाध्यक्ष डॉ राजेंद्र नाथ उपाध्याय, श्री आकर्ष चौरसिया एडवोकेट,अर्जुन सिंह पाल, हरिओम चौरसिया, विधि संस्थान जीवाजी विश्वविद्यालय से डॉ संजय कुलश्रेष्ठ, डॉ गणेश दुबे डॉ गोपाल कृष्ण शर्मा, डॉ रमाशंकर शर्मा, कार्यालय प्रमुख मुन्ना खान, राजवीर सिंह तोमर, पुस्तकालय अध्यक्ष श्री माहिर, शांतनु पाण्डे एवम् अनेक लॉ फैकल्टी शिक्षक उपस्थित रहे।

मुम्बई इकाई की ओर से नवोदित पाठशाला भक्ति वेदांत गुरुकुल में एक विशेष किड्स इंटरैक्शन प्रोग्राम और कीर्तन का आयोजन किया गया। हमने गुरुकुल बच्चों को देश के लिए बहादुरी और बलिदान के महत्व के बारे में शिक्षित किया और एक बहादुर नागरिक कई लोगों की जान कैसे बचा सकता है। बच्चों के साथ शहीद सुशील कुमार शर्मा जी की वीरता की भी चरचा की पहल के हिस्से के रूप में, आवश्यक किराने का सामान उदारता से गुरुकुल को दान किया गया था। इसके अलावा, संस्थान को अपने प्रारंभिक वर्षों के दौरान पनपने में मदद करने के लिए हर महीने चल रही वित्तीय सहायता बढ़ा दी गई है। निरंतर संसाधनों की उनकी आवश्यकता को स्वीकार करते हुए, हम सभी को इस महान कार्य में योगदान करने और एक उज्जवल भविष्य को आकार देने के अपने मिशन में गुरुकुल का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

राजस्थान में पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत जिन21 प्रतिभाओं का चयन किया गया है उनमें बालिका शिक्षा के लिए गीत शर्मा , कनिष्क तोमर, तनिष्का भारद्वाज भरतपुर, राखी मित्तल, उत्कर्ष जैन, साहित्यकार डॉ. मधु मुकुल चतुर्वेदी , कवि सुरेन्द्र सार्थक, पर्यावरण डॉ. उदयभान सिह, डीन कृषि महाविद्यालय भुसावर, डॉ विनोद भटेश्वर साहयक प्रोफेसर पशुधन उत्पादन प्रबंधन विभाग, चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. चन्द्रदेव पाण्डेय्, डॉ विजय पहाडिया, नर्सिंग ऑफीसर पंकज शर्मा, हरीदत्त शिक्षण संस्थान के उत्कृष्ट छात्र/छात्राओं सहित, सेफ इण्डिया फाउंडेशन एवं ट्री ग्रुप सामाजिक विकास संस्थान के कार्यो के लिए सम्मानित किया जायेगा। खेल अण्डर 14 राजस्थान स्टेट चैंपियनशिप 2024-25 की जिला क्रिकेट टीम में चयन होने पर अश्वनी अम्रत भारद्वाज ,अन्तर कृषि महाविद्यालय में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर पूजा चौधरी--800 एवं 1500 मीटर दौड में , कोमल चौधरी- जैव लिंग , बैडमिंटन में रजत पदक प्राप्त करने पर प्राची चौधरी एवं ऋतंभरा तथा शॉट पुट मे कांस्य पदक प्राप्त करने पर कुमारी नेहा को वाद विवाद--आशु भाषण---प्रतियोगिता, संगीत कुचीपुडी नृत्य में श्रीनिका पाण्डेय्, सुनीता हरितवाल, निशित श्रीवास्तव, अन्नुपलशानियॉ, लक्ष्य शर्मा, अनुराग सैनी, तेजाराम, सहित बाल क्रिकेटरों को भी सम्मानित किया जायेगा।

### पुलिस की गाड़ी के सामने आई अचानक महिला की स्कूटी

## तीन पलटी खाकर पुलिस की गाड़ी गड्ढे में गिरी, पांच पुलिसकर्मी जख्मी







### स्कूटी सवार महिला को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** प्राप्त जानकारी अनुसार भरतपुर जिले की उच्चैन थाने की जीप कार्यवाही करने के लिए जाते वक्त रस्ते में एक स्कूटी सवार महिला को बचाने के चक्कर में पलटकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। घटना में 5 पुलिसकर्मी घायल हो गए जिसमें से 4 पुलिसकर्मियों की हालत गंभीर है तथा एक पुलिसकर्मी को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। एएसपी सतीश कुमार ने बताया कि घटना करीब 9 बजकर 30 मिनट की है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चल रहा है। थाने का जाब्ता कार्रवाई के लिए फील्ड में जा रहे थे। इस दौरान सेवर थाना इलाके में सेवर तिराहे स्थित रूद्र होटल से एक स्कूटी सवार महिला लापरवाही से पुलिस की जीप के आगे आ गई। स्कूटी सवार महिला को बचाने के चक्कर में पुलिस की जीप अनियंत्रित हो गई और तीन से चार पलटी खा गई। जीप में बैठे ,स्द्ध कंचन सिंह, हेड कांस्टेबल ड्राइवर जयसिंह, हेड कांस्टेबल ब्रह्म स्वरूप, हेड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह, कांस्टेबल विश्वेंद्र सिंह और कंचन सिंह घायल हो गए।

आसपास के लोगों ने तुरंत पांचों पुलिसकर्मियों को जीप से बाहर निकाला। घटना की सूचना सेवर थाना पुलिस को दी गई जिसके बाद सभी को आरबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया। कांस्टेबल विश्वेंद्र के मामूली चोट आई है जिसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है जबकि कंचन सिंह के ज्यादा चोटें आई है।

# अलवर में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

### 97 ओ.पी.डी. से लाभान्वित एवं 7 मरीजो का नि:शुल्क मोतियाबिन्द के ऑपरेशन हेतु चयन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** सोमवार को लायंस क्लब अलवर मत्स्य, अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फ़ेलोशिप, मित्तल हॉस्पिटल, आर.डी.एन.सी. मित्तल फाउंडेशन एवं जिला अन्धता निवारण समिति अलवर के संयुक्त तत्वाधान में युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में लगाया गया । इस नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में कुल 97 लोग लाभान्वित हुए तथा मोतियाबिंद (लेंस प्रत्यारोपण) के ऑपरेशन हेतु 7 लोगो का आज चयन किया गया । शिविर संयोजक एवं लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई1 के रीजन 2 सांवरियाँ के रीजन चेयरपर्सन एवं स्काउट एंड गाइड फ़ेलोशिप अलवर के जिलाध्यक्ष तथा मित्तल हॉस्पिटल के प्रशासक लायन गिरीश गुप्ता ने बताया कि यह शिविर अलवर के युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में लगाया गया है क्योकि शिवाजी पार्क,बुध बिहार,हसन खा मेवात, जठियाना, ढोली धुप, राठ नगर एवं अन्य आस पास के क्षेत्र में बहुत से नेत्र रोगी है पर किसी ना किसी मजबूरी के चलते वो सामान्य चिकित्सालय में आकर नही दिखा पाते है । लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष एवं युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज , हॉस्पिटल की मैनेजिंग डायरेक्टर एम जे एफ लायन डॉ. मंजू अग्रवाल , मित्तल हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. एस.सी.मित्तल ने हर माह की 25 तारीख को शिविर करवाने की सहमती व्यक्त करी तथा डॉ.मित्तल ने अपने मित्तल हॉस्पिटल से नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं स्टाफ की नि:शुल्क सेवा एवं उनके आर.डी.एन.सी. मित्तल फाउंडेशन से नि:शुल्क दवा वितरण करने की सहमती व्यक्त करी !आज शिविर में मित्तल हॉस्पिटल, अलवर के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ लायन डॉ.प्रियंका गुप्ता एवं उनकी टीम बीना ओमप्रकाश,आर.सी.बोस सहित सभी ने अपनी नि:शुल्क सेवाये प्रदान करी तथा आवश्यकतानुसार मरीजो को नि:शुल्क दवा भी वितरित की गयी । अलवर जिला स्काउट गाइड के संरक्षक हरीश कालरा ने बताया कि मोतियाबिंद (लेंस प्रत्यारोपण) रोग से पीड़ित कुल 07 मरीजो के ऑपरेशन मित्तल हॉस्पिटल, सुभाष नगर अलवर में दिनांक 26 अक्टूबर में किये जायेंगे ! मरीज को रहने, खाने-पीने, लेंस, ऑपरेशन, चश्मा, दवा इत्यादि सभी सुविधाए पुर्णत: नि:शुल्क प्रदान करायी जायेगी तथा अगले दिन मरीज को छुट्टी दे दी जायेगी ।

शिविर में लायंस क्लब से रीजन चेयरपर्सन लायन गिरीश गुप्ता, लायन डॉ. प्रियंका गुप्ता, लायन सुधा अग्रवाल सचिव, लायन संध्या अग्रवाल कोषाध्यक्ष, लायन अनिल बंसल, लायन गोविन्द गोयल, लायन महेश धानावत तथा अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फ़ेलोशिप से संरक्षक हरीश कालरा, उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार गुप्ता, , संयुक्त सचिव प्रमिला गुप्ता, कोऑर्डिनेटर शम्भू दयाल शर्मा, पूर्व सचिव रामप्रकाश गुप्ता, आशा कालरा, , युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज से डॉ. अशोक पाठक सहित पूरी टीम ने बेहतरीन सहयोग प्रदान किया।

# पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने बानसूर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न समरोहों में दी उपस्थिति

### अनपढ़ घोटी देवी ने अपने पीछे छोड़ा शिक्षित परिवार, पूर्व मंत्री ने दी श्रद्धांजलि, किया घोटी देवी को नमन

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत बालावास स्थित ग्राम उद्योकाबास निवासी घोटी देवी धर्मपत्नी बाबूलाल मीणा ने अनपढ़ होते हुए भी अच्छा खासा शिक्षित परिवार छोड़कर दुनियां से विदाई ली।घोटी देवी के स्वर्गलोक गमन की सूचना के बाद पूर्व मंत्री शकुंतला रावत उधोकाबास पहुँची। और उन्होंने शौकसंतप्त परिवार का ढांडस बंधाया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि माता घोटी देवी अनपढ़ होकर भी उन्होंने अपने परिजनों को शिक्षा की महत्ता को समझाया और अपने परिवार में सभी को शिक्षित बनाने का प्रयास किया। रावत ने बताया कि घोटी देवी ने चार बच्चों को जन्मदिया और उन्हें भरपूर शिक्षित बनाने का प्रयास किया। उनके ही प्रयास से एक बेटा योगेश मेजर से सेवानिवृती के बाद आबकारी विभाग में अधिकारी है वहीं एक बेटा मुकेश सीआईएसएफ में सब इंस्पेक्टर है। एक बेटा सुरेश जो उपजिला न्यायाधीश परिसर में अधिवक्ता है। उनकी बेटी हंसा जो हमीरपुर ब्याई थी उसका निधन हो चुका है तथा उनके दामाद गिर्राज का भी निधन हो चुका है। हंसा ने दो बेटों और एक बेटी को जन्म दिया। जिनमें से बेटा अमित रुड़की से आईआईटी कर रहा है,तो छोटा बेटा कुनाल बीए प्रथम वर्ष में पढ़ाई कर रहा है। हंसा की बेटी बीएससी की पढ़ाई कर कम्पिटिशन की तैयारी कर रही है। घोटी देवी अपने पीछे 5पोते, 3पोती तथा 2दो पड़ोतों सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर गईं है।श्रद्धांजलि सभा में बानसूर के पूर्व उपखण्ड अधिकारी राकेश मीणा, नगर पालिका के मनोनीत पूर्व पार्षद डॉ नरेश सैन, रोशनलाल सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष भीमसिंह गुर्जर, आईटी सैल के रणजीत कसाना, पंच भोमसिंह, युवा कांग्रेस नेता राकेश दायमा, पंच राजेन्द्र यादव,सूरजभान गुर्जर,गुलशन मीणा, सरपंच डॉ अमरसिंह यादव, पूर्व सरपंच रामकरण गुर्जर, नगर पालिका पार्षद सुबेसिंह,डीलर मंगेज मीणा, प्रमोद मीणा सहित काफ़ी संख्या में लोगों ने घोटी देवी को श्रद्धांजलि दी। यह जानकारी घोटी देवी के भतीजे प्रमोद मीणा ने दी।

# राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला अलवर ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला अलवर के जिला मंत्री जगरुप सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संगठन जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चंचल कुमार शर्मा के सानिध्य में परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर अलवर बीना माहवार को ज्ञापन देकर दिनांक 1 जनवरी से 3 जनवरी तक दो पारियों में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षा में वीक्षकों की ड्यूटी एक पारी में लगाने का आग्रह किया। संगठन ने अतिरिक्त जिला कलक्टर को बताया कि प्रात: 9.00 से 12 तक और 2.30 से 5.30 तक चलने वाली परीक्षा में वीक्षकों को लगातार ड्यूटी से अत्यंत थकान हो जाती है। जबकि वीक्षकों को परीक्षा से दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंच कर परीक्षा संपादित करने में सहयोग कर परीक्षा समाप्त होने के आधा घंटे तक रुकना पड़ता है। इस तरह एक वीक्षक को लगातार कम से कम 11 घंटे की ड्यूटी करनी पड़ती है। शिष्टमंडल ने यह भी सुझाव दिया कि महिला शिक्षकों की ड्यूटी पहली पारी में ही लगाई जाये क्योंकि दूसरी पारी सायं 5.30 बजे समाप्त होगी। जब तक अंधेरा होने से दूर से आई महिला शिक्षकों को घर पहुंचने में व्यवहारिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। अतिरिक्त जिला कलक्टर व जिला प्रभारी ने ध्यान से शिष्ट मंडल की बात सुनी व सकारात्मक रुख अपनाने का विश्वास दिलाया।

### अस्पताल में चिकित्सक लगाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने दिया धरना

## क्या मैं इतने समय से विधायक हूँ, पहले क्यों नहीं किया प्रदर्शन : शेखावत

## यदि जल्द ही चिकित्सक नहीं लगाया गया तो ग्रामीण करेंगे आंदोलन : दायमा

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के गढ़ी में पिछले 18 महीने से चिकित्सालय में चिकित्सक की सेवा उपलब्ध नहीं होने के चलते सोमवार को ग्रामीण अस्पताल के मुख्य द्वार पर राकेश दायमा के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया तथा चिकित्सालय में चिकित्सक लगाने की मांग की। इस मौके पर युवा नेता राकेश दायमा ने बताया कि गढ़ी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर गत डेढ़ साल से अस्पताल में डॉक्टर नहीं है। अस्पताल में डॉक्टर नहीं होने से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मरीज अस्पताल के चक्कर लगाकर वापस चले जाते है।काफ़ी समय से चिकित्सक की मांग की जा रही है लेकिन चिकित्सा विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा! ग्रामीणों ने बताया कि अस्पताल में डॉक्टर नहीं होने से ग्रामीणों को ईलाज के लिए नारायणपुर, बानसूर, कोटपुतली या अलवर जाना पड़ता है। गांव में अस्पताल तो है लेकिन अस्पताल में चिकित्सक नहीं है। जिसको लेकर विभाग के अधिकारियों को कई बार चिकित्सक लगाने की मांग कर चुके है। लेकिन ग्रामीणों की सुनवाई नहीं की जा रही है जिसको लेकर सोमवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने अस्पताल के गेट पर धरना प्रदर्शन कर चिकित्सक लगाने की मांग की है।ग्रामीणों ने चिकित्सा विभाग एवं विधायक देवीसिंह शेखावत से समय रहते अस्पताल में चिकित्सक नियुक्ति की मांग की है!अन्यथा ग्रामीणों की ओर से जनांदोलन किया जाएगा।

वहीं विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि मुझे विधायक बने 18 माह हुए भी नहीं हैं, उससे पूर्व ग्रामीणों ने ऐसा क्यों नहीं किया। शेखावत ने कहा कि यह समस्या उस गाँव की नहीं बल्कि मेरी है। इस समस्या का समाधान शीघ्र होने वाला है। इस दौरान युवा नेता राकेश दायमा, रामस्वरूप, दौलतराम मीणा, राजपाल सिंह, लालाराम गुर्जर, महेश कुमार, राजू सैनी, शिंभुदयाल सैनी, हनुमान गुर्जर, योगेश प्रजापत, राहुल तंवर, हंसराज चंदेला, सोनू सैनी, खुशीराम मीणा, चेतन सैनी, धीरज सैनी, धीरज सैनी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## डांग नवलापुरा पीठाधीश्वर रूद्रनाथ निकालेंगे सनातन सेतुबंध यात्रा, 7 राज्यों में 3 हजार किमी की दूरी तय करेगी

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर /बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)। डांग इलाके के नवलापुरा स्थित आध्यात्मिक केंद्र राष्ट्रीय अनहद महायोग पीठ के पीठाधीश्वर रुद्रनाथ महाकाल महाराज सनातन संस्कृति सेतुबंध यात्रा निकालेंगे। यात्रा के कार्यक्रम को लेकर पीठाधीश्वर रुद्रनाथ महाकाल ने सोमवार सुबह बयाना कस्बे के स्टेशन बजरिया इलाके में शहर के लोगों ने विस्तार से चर्चा की। रुद्रनाथ महाकाल ने बताया कि सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए अमृत कलश यात्रा निकाली जाएगी।

बूंदी का दरवाजा पर मंड रही मोरनी पर थिरके बालगोपाल

# अमृता हाट में बाल कलाकारों ने उमंग के संग बिखेरे सांस्कृतिक रंग

## छोटी काशी की प्रतिभाओं का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**कोटा( का.स. )।** बूंदी महोत्सव 2024 की 10 दिवसीय श्रृंखला के अंतर्गत सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान संध्या कार्यक्रम में बूंदी का दरवाजा पर मंड रही मोरनी के गीत पर कच्छी घोड़ी लोकनृत्य की भव्य प्रस्तुति के साथ भारी संख्या में नई पीढ़ी के कलाकारों ने एक साथ प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह अवसर कुम्भा स्टेडियम पर अमृता हॉट एवं बूंदी हस्तशिल्प उद्योग मेले के मंच पर उमंग संस्थान द्वारा संयोजित राजस्थानी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का था। रविवार रात बच्चों के रंग उमंग के संग कार्यक्रम की भव्य प्रस्तुतियों के इस आयोजन में शॉर्ट फिल्म एवं नाटक विधा से जुड़े राष्ट्रीय कलाकार, लेखक और साहित्यकार राम शर्मा कापरेन मुख्य अतिथि थे, बतौर विशिष्ट अतिथि ब्रह्माकुमारी से अल्का दीदी, महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक भेरू प्रकाश नागर,उद्योग प्रोत्साहन संस्थान के महाप्रबंधक संजय भारद्वाज, उमंग संस्थान मार्गदर्शक राजकुमार दाधीच, प्राचार्य ओम प्रकाश गोस्वामी, राजेंद्र भारद्वाज मंचासीन रहे। आयोजन की अध्यक्षता संस्थान मार्गदर्शक रेखा शर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कोटा से आए कादंबरी, राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित राम शर्मा कापरेन ने आयोजन की सराहना करते हुए वर्तमान परिपेक्ष में नई पीढ़ी के विकास हेतु प्रोत्साहन की आवश्यकता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि अलका दीदी ने आध्यात्मिक प्रवचन के साथ मंगल कामना की। उपाध्यक्ष आचार्य विनोद कुमार गौतम व पंडित उच्छब शर्मा ने स्वस्तिवाचन और शांति पाठ से सरस्वती पूजन करवाया तथा विश्व शांति की मंगल कामना की। अध्यक्ष डॉ सविता लोरी, संस्था के सचिव कृष्णकांत राठौर सहित कमलेश शर्मा, राकेश माहेश्वरी,भावना कुश जिंदल ने अतिथियों का अभिनंदन किया। मेला मंच पर एकल युगल एवं सामूहिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एकल सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में पहली बार मंच पर नृत्य से नन्ही सी बालिका वीया भार्गव ने卐 मिश्री सी मीठी बाता थारी, मन है प्रेम को झरनों सा की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया।

### कलाकार राम शर्मा का किया नागरिक अभिनंदन

टिटहरी के अंडे, प्लान क्या है फिल्म के कलाकार, राष्ट्रीय मोहन राकेश नाट्य सम्मान एवं कादंबरी साहित्य सम्मान से सम्मानित कोटा से आए शॉर्ट फिल्म कलाकार, थिएटर आर्टिस्ट, साहित्यकार एवं लेखक राम शर्मा कापरेन का सांस्कृतिक संध्या में साफा बंधवाकर माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह भेंट कर नागरिक अभिनंदन किया गया। स्थानीय लोक कलाकार सत्यनारायण सैन 'पागल डांसर' की विशिष्ट सेवाओं के लिए अतिथियों ने माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मान किया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को उमंग संस्थान ने पुरस्कृत किया। संस्थान मार्गदर्शक राजकुमार दाधीच एवं रेखा शर्मा ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान समन्वयक डॉ सर्वेश तिवारी ने किया।

# पाठ्यक्रमों में समय अनुकूल परिवर्तन करने पर विचार कर रही है समिति : सोडाणी

## समीक्षा समिति की पहली बैठक संपन्न

बढ़ता राजस्थान



**कोटा( का.स. )।** राज्य में वर्तमान में संचालित संपूर्ण स्कूली पाठ्यक्रम की समीक्षा के लिए राज्य स्तर पर पाठ्यक्रम समीक्षा समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष कैलाश चंद सोडाणी की अध्यक्षता में जयपुर स्थित शिक्षा संकुल के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रोफेसर कैलाश चंद सोडाणी के अलावा सदस्य सचिव सतीश कुमार गुप्ता,,सेवानिवृत ढ्ढस्र शिक्षाविद श्यामसुंदर बिस्सा,विशेषज्ञ जयंती लाल खंडेलवाल उपस्थित थे। जबकि प्रोफेसर प्रमेंद्र कुमार दशोरा,प्रोफेसर भारत राम कुमार,कन्हैया लाल बेरीवाल सेवानिवृत ढ्ढक्क जयपुर तथा डी रामाकृष्ण राव वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि भावी पीढ़ी को वो ज्ञान देने की आवश्यकता है जो पुरातन और आधुनिक का संगम होना चाहिए। एजुकेशन पॉलिसी किसी भी देश के भविष्य निर्माण के लिए सबसे महत्वपूर्ण होती है। दुर्भाग्य से आज भी लॉर्ड मैकाले की की पॉलिसी देश में चल रही है। जिसके दुष्परिणाम भी हम देख रहे है। सौभाग्य से वर्तमान सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की है। जो बहुत अच्छी है। भारतीय ज्ञान व्यवस्था हमारी शिक्षा का अंग होनी चाहिए। किस प्रकार से हम पाठ्यक्रमों में समयानुकूल परिवर्तन कर सकते है। इस पर विचार करना होगा। अध्यक्ष ने कहा कि सभी समिति सदस्य अगली बैठक से पूर्व लिखित में समिति को अपने सुझाव प्रेषित करे। कहां हम परिवर्तन कर सकते है। क्या कर सकते है ? यह विस्तार से सुझाव भेजे। ताकि एक रूपरेखा तय की जा सके। बैठक में सभी सदस्यों को कक्षा 1 से 12 तक के पाठयपुस्तकों के श्चस्रद्घ लिंक भेजे गए। साथ ही प्राथमिक स्तर की पुस्तकों का पाठ्यक्रम भी दिया गया। समिति को जो सुझाव अभी तक प्राप्त हुए है वो भी उपलब्ध कराए गए।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भवानी मंडी स्टेशन का कायाकल्प

बढ़ता राजस्थान

## भवानी मंडी का पुनर्विकास कार्य 62 फीसदी तक हुआ पूरा



**कोटा( का.स. )।** मंडल के भवानी मंडी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 25.69 करोड़ रुपये की लागत से तीव्र गति से किया जा रहा है। वर्तमान में स्टेशन का 62 फीसदी कार्य पूरा हो चुका हैं। भवानी मंडी रेलवे स्टेशन बिरला मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। यह स्टेशन उन्नत यात्री सुविधाओं के कायाकल्प से एक आदर्श स्टेशन बन जाएगा। स्टेशनों के कार्य प्रगति का नियमित अन्तराल पर डीआरएम मनीष तिवारी द्वारा निरीक्षण एवं समीक्षा की जा रही है। इस स्टेशन का उन्नयन कार्य मार्च,2025 से पहले पूरा करने का लक्ष्य है। केवल 12.42 करोड़ की सर्वाधिक लागत से 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज का कार्य जून,2025 तक पूरा होना शेष रहेगा । अबतक इस स्टेशन के पुनर्विकास में मुख्य कार्य प्लेटफ़ॉर्म सतह का निर्माण, सर्कुलेटिंग एरिया का सड़क एवं प्लेटफ़ॉर्म पर कवर शेड का कार्य पूर्ण हो चुका है। स्टेशन नवीनीकरण एवं उन्नत यात्री सुविधाओं से युक्त होने पर स्थानीय आमजनता को लाभ एवं आर्थिक गतिविधियों में इजाफा होगा। अमृत स्टेशन योजना के अन्तर्गत मंडल के 17 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है जिसमें सर्कुलेटिंग एरिया का विकास, अलग-अलग प्रवेश व निकास द्वार, टू-व्हीलर, फोर-व्हीलर और ऑटो रिक्शा के लिए अलग-अलग पार्किंग की सुविधा, यात्री क्षमता के अनुसार पर्याप्त क्षेत्र में प्रवेश हॉल का निर्माण, कोच इंडिकेशन बोर्ड का प्रावधान, वेटिंग रूम, स्टेशन बिल्डिंग के आंतरिक व बाहरी भाग में उत्कृष्ट साज-सज्जा, स्थानीय लोक कला से निर्माण, नए प्लेटफॉर्म शेल्टर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं, बेहतर साइनेज की सुविधा, 12 मीटर चौड़ाई के फुट ओवर ब्रिज इत्यादि यात्री सुविधाएं विकसित की जा रही है। अमृत स्टेशन पुनर्विकास योजनाओं से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, लोगों को आने जाने मे सुविधा होगी, स्वच्छ और आधुनिक रेलवे स्टेशनों से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास होगा।

# कॉमेडियन यूट्यूब कलाकार गोपाल सोलंकी ने कार्तिक मेले में दी शानदार प्रस्तुति

## हाड़ोती में प्रसिद्ध फूफा जी हंसाने वाले कलाकार व अन्य कलाकार भी रहे मौजूद



बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन( सुनील मेघवाल )।** हाडोती क्षेत्र में प्रसिद्ध फूफा जी के नाम से मशहूर कॉमेडियन गोपाल सोलंकी ने कार्तिक मेले में अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया। इस अवसर पर अन्य कलाकारों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ केशोरायपाटन पालिका उपाध्यक्ष रजवीनता गोचर, अधिशासी अधिकारी, और पार्षदों की उपस्थिति में हुआ। मेले के मुख्य अतिथि के रूप में कोटा से आए ऑल इंडिया लेवल समाजसेवी राजेश मानधना (एलेन इंस्टिट्यूट) थे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में आनंद राठी (कगवान बिडला कोटा हॉस्टल एसोसिएशन के अध्यक्ष) और केशोरायपाटन पालिका उपाध्यक्ष रजवीनता गोचर ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। समाजसेवी गणेश गुर्जर, पार्षद हरजीत, वंदना कुशलता, और श्यामा बाई नामा ने भी मंच पर आकर अतिथियों का स्वागत किया। गोपाल सोलंकी, जिनके 'फूफा जी' के किरदार को हाडोती में खूब पहचान मिली है, ने अपनी कॉमेडी से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल गूंज उठा। इस दौरान बड़ी संख्या में दर्शक मेले का आनंद लेने के लिए पहुंचे।

# मंगलम विद्या विहार में बाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया

## मोबाइल की लत से मुक्ति का किया प्रयास



बढ़ता राजस्थान

**रामगंज मंडी( महेश कुमार )।** मंगलम विद्या विहार में मोबाइल की लत से छुटकारा पाने के उद्देश्य से चल रही अनूठी पहल के अंतर्गत 17 नवंबर को थिएटर और क्लासिकल डांस वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया था। इसी क्रम में 25 नवम्बर एक बाल कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया, जिसमें कक्षा 5वीं से 12वीं तक के 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंद शर्मा द्वारा द्वीप प्रज्वलन से हुआ। शीतल मेहता ने मां सरस्वती का आह्वान कर सम्मेलन की शुरुआत की। इसके बाद कविताओं का दौर शुरू हुआ, जिसमें मुशीर अलहसन ने अपने दादा की रचित कविता एक जंग ये भी का भावविभोर करने वाला पाठ किया। अभिनव सिंह ने अपने अनोखे अंदाज में कलयुग की रामायण प्रस्तुत की, जबकि आदित दशोरा ने पीथल पाथल का जोशीला वाचन किया। दक्ष ने एक सिपाही कविता का वाचन कर श्रोताओं को भावविभोर किया। अश्विनी ने 'झांसी की रानी' पर कविता प्रस्तुत कर वीर रस का संचार किया, और निर्भीका ने अपनी स्वरचित कविता नया ज़माना से सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया। आद्रिजा की कविता कृष्ण की चेतावनी ने श्रोताओं को गहरी चेतना प्रदान की। बाल कवियों के साथ – साथ विद्यालय के अध्यापकों ने भी कविता पाठ कर विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। सम्मेलन का संचालन मोहित मेहता ने हास्यपूर्ण शैली में किया और उपस्थित सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य गोविंद शर्मा ने सभी बाल कवियों की सराहना करते हुए कहा कि साहित्य जीवन में संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छे साहित्य का अध्ययन करने और मोबाइल से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। इस कवि सम्मेलन ने न केवल विद्यार्थियों के रचनात्मक कौशल को बढ़ावा दिया बल्कि मोबाइल की लत से बचने और साहित्य से जुड़ने का संदेश भी दिया।

# विधायक कंवरलाल मीणा ने मांगरोल मे विकास का पिटारा खोला, विभिन्न कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया

बढ़ता राजस्थान




**अंता ( शफीक मंसूरी )।** अंता विधानसभा क्षेत्र का सबसे बड़ा क़स्बा मांगरोल मे कंवरलाल मीणा ने विकास का पिटारा खोला मांगरोल नगर पालिका क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों मे फुले सामुदायिक भवन में नगर पालिका द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिलान्यास व लोकार्पण किया। नगर पालिका अध्यक्ष ओम नागर ने बताया की नगर पालिका द्वारा बाणगंगा नदी पर रिवर फ्रंट का कार्य कराया जाएगा, वही 50 लाख की लागत से समुदायक भवन देवकरण जी बावडी पर बनाया, व 50 लाख की लागत से बांण गंगा किनारे बाबाजी राज बाग के पास चौपाटी पार्क बनाया जायेगा तथा नगर के सभी वार्डों में सी सी रोड इंटरलोकिंग का निर्माण 85 लाख रुपए की लागत से नगर में विभिन्न प्रकार के कार्य कराए जाएंगे। इस अवसर पर मांगरोल उपखंड क्षेत्र के 50 से अधिक विकलांग लोगों को निशुल्क ट्राई साइकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी अंजना सहरावत के वरिष्ठ पदाधिकारी पूर्व प्रधान प्रेम शंकर गालव, चम्बल परियोजना के सभापति सुनील गालव पूर्व नगर पालिका चौयरमेन अनिता पोरवाल, व अमित चौपडा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण पारेता, भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष दिलीप मीणा, योगेश गोतम जिला परिषद सदस्य महेन्द्र मीणा मोहम्मद अशफाक, हितेश गालव, देवेंद प्रजापति, पार्षद अशगर अली, नगर पालिका अधिशाषी अधि कारी नरेश राठोर, सहायक अभियंता भावेश रजत, कनिष्ट अभियंता अक्षय चौपडा, नगर पालिका एलडीसी बाबू राजेश यादव एवं अंय सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सुकेत पुलिस थाना द्वारा चालानशुदा अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही में 15 गैरसायलान व 5 गिरफतारी वारन्टीयों को गिरफ्तार किया

बढ़ता राजस्थान



**रामगंज मंडी( महेश कुमार )।** रामगंज मंडी ऐरिया डोमिनेशन अभियान ने तहत पुलिस थाना सुकेत जिला कोटा ग्रामीण के द्वारा चोरी, नकबजनी, लूट व मादक पदार्थ मे चालानशुदा अपराधीयों के विरूध कार्यवाही में 15 गैरसायलान व 5 गिरफतारी वारन्टीयों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की । सुजीत शंकर पुलिस अधीक्षक जिला कोटा ग्रामीण ने बताया कि एक दिवशीय अभियान ऐरिया डोमीनेशन के तहत थाना सुकेत पर चोरी, नकबजनी, लूट व मादक पदार्थ मे चालान शुदा अपराधीयो के विरूध कार्यवाही में 15 गैरसायलान व 5 गिरफतारी वारन्टीयों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। कार्यवाही का विवरण प्रकरणों में वांछित अपराधियों, चोरी, नकबजनी, लूट व मादक पदार्थ मे चालान शुदा अपराधीयो के स्थाई वारंटियों व भगौडों की धरपकड हेतु विशेष ऐरिया डोमीनेशन अभियान चलाया जा रहा है अभियान को सफल बनाने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीणा के सुपरविजन व पुलिस उप अधिक्षक वृत्त रामगंजमण्डी घनश्याम मीणा के निर्देशन में थानाधिकारी थाना सुकेत छोटुलाल के नेतृत्व में थाना पर विशेष टीम का गठन कर थाने से फरार गिर. वारन्टी, स्थाई वारन्टी व अन्य फरार अपराधियों की धरपकड के लिये टीम गठन की गयी थी ।पुलिस टीम में छोटूलाल उ.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना सुकेत, देवेन्द्र सिंह स.उ.नि. शिवदयाल स.उ. नि. राकेश, भंवरलाल, बुद्वराम, उमेश, सलीम, निर्मल, सुरेन्द्र कुमार, करतार, राजेश, रामकिशोर, दिनेश, महावीर, आदि मौजूद रहे।

# चौमहला कस्बे से साध्वी मंडल का नागेश्वर जैन तीर्थ में मंगल प्रवेश

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे के विश्व प्रसिद्ध नागेश्वर जैन तीर्थ में सोमवार सुबह चौमहला में चातुर्मास पूर्ण कर साध्वी मंडल विहार कर नागेश्वर तीर्थ में मंगल प्रवेश किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार साध्वी सौम्य रत्ना श्रीजी ,पुनित रत्ना श्रीजी, आग रत्ना श्रीजी, ऋषि रत्ना श्रीजी, महर्षि रत्ना श्रीजी, परार्थ रत्ना श्रीजी, गीतार्थ रत्ना श्रीजी महाराज ने चार माह तक चौमहला में चातुर्मास की आराधना कर वहां धर्म की गंगा बहाई। चातुर्मास समापन पर चौमहला से श्री संघ की महिला पुरुषों के साथ साध्वी मंडल ने सोमवार सुबह नागेश्वर तीर्थ के लिए विहार किया जो सुबह 10 बजे नागेश्वर तीर्थ में मंगल प्रवेश हुआ। नागेश्वर तीर्थ द्वार पहुंचने पर साध्वी मंडल का श्री संघ व नागेश्वर ट्रस्ट मंडल ने अगवानी कर मंगल प्रवेश करवाया।

# विद्युत विभाग के कर्मचारियो ने निजीकरण के विरोध में धरना प्रदर्शन कर, सौपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के गंगधार उपखण्ड क्षेत्र के विद्युत विभाग के कर्मचारियो ने राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर निजीकरण रोकने और सीपीएफ कटौती बन्द कर जीपीएफ चालू करने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी व सहायक अभियंता को ज्ञापन दे कर धरना प्रदर्शन किया।

संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष विक्रम सिंह ने बताया कि सोमवार को गंगधार उपखण्ड क्षैत्र के सभी कर्मचारियों और अधिकारियो ने प्रदर्शन कर सहायक अभियंता और उपखण्ड अधिकारी को मुख्यमंत्री व ऊर्जा सचिव के नाम अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा, जिसमें बताया कि अगर निजीकरण को नहीं रोका गया और सीपीएफ कटौती बन्द कर जीपीएफ कटौती को चालू नहीं किया गया तो पूरे राजस्थान में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान एईएएन माधवेंद्र सिंह, जेईएएन रामकुमार बारेठ, विक्रम सिंह, अजय प्रताप सिंह, दरोगा यादव, अरविंद कुमार, ओम प्रकाश शर्मा सहित कई अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएसटी टीम की सूचना पर कंचनपुर थाना पुलिस ने पकड़े हथियारों सहित तीन आरोपी

## पिदावली गांव में आरोपियों ने घर में छुपा रहे थे हथियार और कारतूस

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड की कंचनपुर थाना पुलिस ने डीएसटी टीम की सूचना पर टीम के सहयोग से थाना क्षेत्र के पिदावली गांव में एक घर पर दबिश दी है। दबिश के दौरान पुलिस ने घर से चार अवैध हथियार बरामद किए हैं। वहीं डेढ़ दर्जन से अधिक कारतूस जप्त किए गए हैं। घटना मे लिप्त तीन सगे भाइयों को भी पुलिस ने गिरफ्त में लिया है। जिनसे पुलिस उक्त मामले में पूछताछ कर रही है। कंचनपुर थाना एएसआई होतम सिंह ने बताया कि रविवार की शाम धौलपुर डीएसटी टीम के हेड कांस्टेबल दीनदयाल ने सूचना दी कि थाना क्षेत्र के गांव पिदावली में एक घर में अवैध हथियारों के साथ काफी असला-बारूद होने की सूचना है। उक्त सूचना पर कंचनपुर थाने के एएसआई गजन सिंह, कांस्टेबल भगवानदास, सतीश, गंभीर, सूबेदार,राजेंद्र,कोमल, हजारीलाल,गजेंद्र के साथ डीएसटी टीम के हेड कांस्टेबल दीनदयाल,हेड कांस्टेबल ईश्वरलाल,हेड कांस्टेबल माखन सिंह के साथ आरएसी के कुछ जवान और जपावली चौकी के पुलिस को लेकर गांव पिदावली में जाकर ट्रेस किये स्थान पर कार्रवाई की। एक घर में छिपे बैठे तीन लोग जब पुलिस को देखकर सकपकाने लगे तो शक के आधार पर उनसे पूछताछ की। घर की तलाशी के दौरान पुलिस ने चार अवैध हथियार और 17 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। मौके से तीन सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ थाने पर एफआईआर संख्या 421/2024 में मामला दर्ज करते हुए 3/25 आर्म एक्ट में पूछताछ की जा रही है।





### आरोपियों से पूछताछ जारी

सीओ अनूप सिंह ने बताया कि पिदावली गांव से पकड़े गए आरोपी संतोष,दीपू और विष्णु गुर्जर से पुलिस पूछताछ कर रही है। आरोपियों के खिलाफ आर्म एक्ट में मामला दर्ज किया है। आरोपियों पर हथियार कहां से आए और कहां से यह उनके लिए कारतूस लेकर आते थे। इसको लेकर भी पूछताछ की जा रही है।

### यह सगे भाई आए गिरफ्त में

सैपऊ सीओ अनूप सिंह ने बताया कि कंचनपुर पुलिस टीम ने पिदावली गांव से आरोपी संतोष पुत्र द्वारिका गुर्जर, दीपू पुत्र द्वारिका गुर्जर और विष्णु पुत्र द्वारिका गुर्जर को गिरफ्तार किया है। संतोष के कब्जे से पुलिस ने एक सिंगल शॉट बंदूक 315 बोर और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए है।दीपू के कब्जे से एक पौना 315 बोर बंदूक और 04 जिंदा कारतूस बरामद किए है। वहीं विष्णु पुत्र द्वारिका गुर्जर के कब्जे से पुलिस ने एक दो नाल की 12 बोर बंदूक और छह जिंदा कारतूस के साथ एक कट्टा 315 बोर और 2 जिंदा कारतूस बरामद किये है।

# गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच हेतु जिले में कार्यरत एएनएम का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षण केंद्र पर आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जयंतीलाल मीना ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान गुणवत्ता पूर्ण प्रसव पूर्व जांच के बारे में बताया गया साथ ही गर्भावस्था के दौरान मधुमेह के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण द्वारा प्रसव पूर्व देखभाल को सुदृढ़ कर सकते हैं और सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सकता है। डीआरसीएचओ डॉ. शिव कुमार शर्मा टीकाकरण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण द्वारा शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर तथा प्रजनन दर को कम किया जा सकता है समुदाय स्तर पर एनसी सेवाओं को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्ण देखभाल से देने से हम ज्यादा से ज्यादा उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की पहचान और उसका उच्च स्वास्थ्य केंद्र पर प्रबंधन करा सकते हैं. जिला कॉर्डिनेटर यूएनएफपीए रिपुंजय ने परिवार नियोजन पर सही सलाह परामर्श और परिवार नियोजन की सेवाओं के बारे में एवं को बताया गया प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में नर्सिंग ट्यूटर पंकज मुद्गल तथा जपाईगो से पूजा मिश्रा और सुमित पुरी के द्वारा प्रशिक्षण में सहयोग प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के समापन पर समस्त प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# बाड़ी में दो अलग-अलग हादसों में तीन घायल

## शादी से लौट रहे युवक के सामने आया गोवंश, गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** बाड़ी में रविवार रात को दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पहला सड़क हादसा धौलपुर रोड पर धोरा बाग के मोड़ पर हुआ है। जहां एक गोवंश के अचानक सड़क पर आने से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि घायल युवक शहर में किसी शादी समारोह में शिरकत करने आए थे। जहां से बाइक द्वारा वापस लौट रहे थे। दुर्घटना में बबलू पुत्र नेमीचंद निवासी अंगदपुरा और निहाल सिंह पुत्र दुष्यंत निवासी हांसई घायल हुए हैं। दोनों घायलों को हाईवे की एंबुलेंस 1033 से बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। वहीं, दूसरा सड़क हादसा रविवार की देर रात ही बसेड़ी रोड पर सिंगोरई गांव के पास हुआ है। जहां खेतों से काम का लौट रहा अवनेश (25) पुत्र श्रीभगवान मीणा को अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मारी है। दुर्घटना में घायल अवनेश को सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। वहीं बाइक सवार बाइक को सड़क पर छोड़ मौके से गायब बताया गया है। दोनों घटनाओं को लेकर सदर थाना पुलिस को जानकारी दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# राजाखेड़ा में बिजली बिल के बकायादारों पर कार्रवाई

## सामौर फीडर से 3 श्री फेस और जलालपुर फीडर से 5 ट्रांसफॉर्मर उतारे

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** राजाखेड़ा उपखंड में बिजली विभाग की टीम ने बकायादार उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की है। सहायक अभियंता आरडी मीना के निर्देशन में कनिष्ठ अभियंता मयंक मिश्रा और उनकी टीम ने शेखपुर फीडर से अवैध केबल को हटवाया और उनको जब्त किया। इसके साथ ही जिन उपभोक्ताओं का बिल शून्य आता है उनका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई उपभोक्ताओं की बिजली सप्लाई डायरेक्ट पाई गई। जिनकी मौके पर ही वीसीआर भरी गई। इसके बाद टीम ने रिकवरी में सामौर फीडर से 4.5 लाख रुपए की बकाया राशि पर 3 श्री फेस ट्रांसफॉर्मर उतारे। इसी के साथ जलालपुर फीडर से 5 ट्रांसफॉर्मर और कई कनेक्शन की मीटर केबल करीब 20 लाख रुपए की बकाया राशि पर उतारे गए है। टीम ने कनेक्शनों को मौके पर ही डी.सी. किया है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने आमजन से अपना बिजली बिल समय से जमा करने की अपील की और जिन उपभोक्ताओं के डी.सी. और पी.डी.सी. कनेक्शनों पर बिल बकाया चल रहा है, उनके लिए विभाग द्वारा एमनेस्टी स्कीम के तहत ब्याज और पेनल्टी पर शत प्रतिशत की छूट का लाभ लेकर बकाया भुगतान करने की अपील की। कनिष्ठ अभियंता ग्रामीण विशाल जयसवाल और उनकी टीम ने कार्रवाई करते हुए देवखेड़ा, बाजना और अंबरपुर फीडर पर बकायादारों के घरेलू कनेक्शनों को काटा गया और अवैध केबल को उतारा गया।

# एक लाख 72 हजार रुपए के साथ सटोरिया गिरफ्तार : मौके से पर्चियां बरामद, आरोपी पर पहले से 5 मामले हैं दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर जिले की सैंपऊ थाना पुलिस के साथ डीएसटी की टीम ने सट्टे को लेकर कार्रवाई की है। पुलिस की टीम ने सट्टे की पर्चियों के साथ एक सटोरिए को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 1 लाख 72 हजार 500 रुपए की सट्टा राशि बरामद की है। सैंपऊ थाना प्रभारी गंभीर सिंह कसाना ने बताया कि एसपी सुमित मेहरड़ा के निर्देशन में अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत डीएसटी टीम प्रभारी दीनदयाल शर्मा के साथ थाने के एएसआई राजेश सिंह को जुआ सट्टा की कार्रवाई के लिए भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस की टीम ने तसीमों गांव में मंदिर के पास एक युवक को सट्टे की पर्चियों के साथ पकड़ लिया। जिसके पास से पुलिस ने सट्टा उपकरण के साथ 1 लाख 72 हजार 500 रुपए की सट्टा राशि बरामद की है।थाना प्रभारी ने बताया कि सट्टे के खिलाफ अभी तक की यह सबसे बड़ी कार्रवाई है।

# पंचायत समिति सभागार में आयोजित हुई ग्राम विकास अधिकारियो की बैठक

## ग्राम विकास और पंचायती राज से जुड़ी विभिन्न योजनाओ की समीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के पंचायत समिति सभागार में सोमवार को पंचायत समिति विकास अधिकारी रामबोल सिंह की अध्यक्षता में सभी ग्राम विकास अधिकारियों एवं कनिष्क लिपिको के साथ स्टाफ की बैठक का आयोजन किया। सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल के पूरा होने पर होने जा रहे कार्यक्रमों को लेकर इस बैठक में सभी ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वह अपने ग्राम विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को तुरंत फाइल कर उच्च अधिकारियों को प्रेषित करें साथ में विकास अधिकारी रामबोल सिंह ने सभी को निर्देश दिए कि हर पंचायत में मस्टरोल एवं लेबर वर्क का काम हो। इसको लेकर जल्द से जल्द स्कीम बनाकर पेश करे। जिससे उसके कार्य की अनुमति दी जा सके।

विकास अधिकारी रामबोल सिंह ने बताया कि उक्त बैठक में सरकार के के वर्ष के कार्यकाल पूरा होने पर ग्राम विकास एवं पंचायती राज विभाग से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की समीक्षा होनी है। जिसको लेकर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर यह बैठक की गई है। उक्त बैठक में वृक्षारोपण की नवीन स्थिति,कैटल सड़क नवीन प्रस्ताव,एआरएम वर्क के प्रस्ताव, मनरेगा के सभी काम की स्थिति,मस्टरोल एवं लेबर वर्क का सृजन,पिक टॉयलेट,स्वामित्व योजना, पौधशाला के नवीन प्रस्ताव एवं अन्य कार्यों पर चर्चा हुई है। सभी ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह जल्द से जल्द अपने ग्राम पंचायत से जुड़ी उक्त कार्यों की रिपोर्ट पेश करें और नवीन कार्यो को लेकर प्रस्ताव बनाकर लाये। जिससे उनकी अनुमति को लेकर उन्हें उच्च अधिकारियों को भेजा जा सके। बैठक में 35 ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्क लिपिक एवं सहायक विकास अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



# बाबा जयगुरुदेव आश्रम के संत का प्रवचन एवं नाम दान कार्यक्रम आज

## महाराणा प्रताप खेल मैदान पर लगाया गया पंडाल, पांच हजार लोगों के आने की संभावना

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर के महाराणा प्रताप खेल मैदान पर मंगलवार को दुपहर 12 बजे से जय गुरुदेव आश्रम से जुड़े बाबा जय गुरुदेव संगत धौलपुर द्वारा सत्संग एवं नामदान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में परम संत बाबा जय गुरुदेव महाराज के शिष्य एवं वर्तमान वक्त गुरु बाबा उमाकांत महाराज द्वारा सत्संग एवं नामदान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं। बाबा जयगुरुदेव संगत धौलपुर के पदाधिकारी रामकिशोर शर्मा ने बताया की परम संत बाबा जय गुरुदेव महाराज के शिष्य एवं वर्तमान वक्त गुरु बाबा उमाकांत महाराज इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। किस दौरान बाड़ी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से करीब चार से पांच हजार लोगो के कार्यक्रम में आने की संभावना है। इसके लिए सभी को सूचना दी गई है और आमंत्रित किया गया है। उपखंड प्रशासन से भी कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अनुमति ली गई है। मंगलवार दोपहर 12 बजे से सत्संग होगा और नाम दान किया जाएगा। इसके बाद भंडारे का आयोजन होगा।

# चंबल से निकलकर खेतों में पहुंचा मगरमच्छ

## वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू, सुरक्षित नदी में छोड़ा

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर के सरमथुरा क्षेत्र में स्थित चंबल नदी से निकलकर एक मगरमच्छ एक किलोमीटर दूर झिरी पंचायत के रूंध का पुरा गांव में पहुंच गया। गांव के खेतों में मगरमच्छ को देखते ही लोगों में हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना पर वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ का रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित चंबल नदी में छोड़ दिया है। झिरी क्षेत्र के वनपाल राजेश मीणा ने बताया कि ग्रामीणों ने उन्हें मगरमच्छ के नदी से निकलकर उनके खेतों में पहुंचने की सूचना दी थी। खेत में मगरमच्छ को देखकर ग्रामीण दहशत में थे। उन्होंने बताया कि मौके पर वन विभाग की टीम को ले जाकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया, जहां वन विभाग की टीम ने करीब 4 फीट के मगरमच्छ को रेस्क्यू ऑपरेशन करने के बाद सुरक्षित चंबल नदी में छोड़ दिया है। चंबल नदी से करीब एक किलोमीटर दूर तक मगरमच्छ के खेतों में पहुंचने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल था। मगरमच्छ का सुरक्षित रेस्क्यू ऑपरेशन कर चंबल में छोड़ दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों ने बताया कि चंबल नदी में बड़ी संख्या में मगरमच्छ मौजूद हैं, जो आए दिन नदी से निकलकर गांव तक भी पहुंच जाते हैं। जिसको लेकर पूर्व में भी वन विभाग की टीम द्वारा कई बार रेस्क्यू ऑपरेशन कर मगरमच्छों को नदी में छोड़ा गया है।



# ट्रैफिक पुलिस और रोटरी क्लब ने लगाए वाहनों पर रिफ्लेक्टर

## सर्दी के सीजन में आएगी सड़क हादसों में कमी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर जिले में सर्दी के सीजन में कोहरे की वजह से होने वाले हादसों को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस के साथ रोटरी क्लब ने रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान शुरू किया है। अभियान के पहले दिन हाईवे पर दौड़ने वाले बड़े वाहनों को रोककर उनके पीछे रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं। ट्रैफिक इंचार्ज टीनू सोगरवाल ने बताया कि सर्दी के सीजन में कोहरे की वजह से हादसे के अधिकतर मामले सामने आते हैं। जिसे रोकने के लिए रोटरी क्लब के सहयोग से रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि वाहनों की पीछे की लाइट खराब होने की वजह से कोहरे में आगे चल रहे वाहन से पीछे से आ रहे वाहन टकरा जाते हैं। जिसमें कई बार लोग गंभीर रूप से घायल भी होते हैं। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए अभियान शुरू किया गया है। अभियान को लगातार अलग-अलग जगह पर जाकर चलाया जाएगा। रोटरी क्लब अध्यक्ष गौरव गर्ग ने कार्यक्रम को गति देने के लिए ट्रैफिक इंचार्ज के साथ उप जिला शिक्षा अधिकारी विजय उदैनियां सहित ट्रैफिक पुलिस का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस सदैव दुर्घटना रोकने के लिए पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करती है। जिसके साथ ही आमजन को भी इस कार्य में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में रोटरी डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी विमल भार्गव, पूर्व अध्यक्ष डॉ. निखिल अग्रवाल, राजीव कुशवाहा, रंजीत दिवाकर सहित कई लोग मौजूद रहे।



# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के प्रोत्साहन के लिए लगेगा शिविर : गृह राज्य मंत्री करेंगे शिरकत, कनेक्शन लेने के साथ ही दी जाएगी सब्सिडी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत धौलपुर जिले में लोगों को सोलर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिसके लिए मंगलवार को वाटर वर्क्स चौराहे स्थित बिजली घर पर शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिस शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म पहुंचेंगे। शिविर के दौरान 5000 लोगों को योजना का लाभ दिलाने के लिए लक्ष्य तय किया गया हैं। मंगलवार को लगने वाले शिविर को लेकर अधीक्षण अभियंता आरके वर्मा ने विद्युत निगम के अधिकारियों की बैठक ली।

# गैस कंपनी ने खोदी कॉलोनी की सड़क : जगह-जगह हो रहे गहरे गड्ढे , आक्रोशित लोगों ने प्रशासन से की कार्रवाई की मांग

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर के घंटाघर रोड स्थित शक्तिनगर कॉलोनी में गैस पाइपलाइन का काम कर रही कंपनी ने जगह-जगह से खोद कर बदहाल कर दिया है। जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है। स्थानीय लोगों के 10 साल के लंबे संघर्ष के बाद सड़क का निर्माण किया गया था। कॉलोनी के रहने वाले पूर्व बैंक मैनेजर रमेश चंद्र शर्मा ने बताया कि लंबे संघर्ष के बाद उनकी गली की सड़क डाली गई थी। मूलभूत समस्या को लेकर पिछले 10 साल से उन्होंने कॉलोनी के लोगों के साथ मिलकर कई बार प्रशासन से सड़क बनाने की गुहार लगाई थी। जिसके बाद 2 साल पहले ही उनकी गली में नई सड़क का निर्माण कराया गया। उन्होंने बताया कि सड़क बनाए कुछ ही दिन बीते थे कि बिना मंजूरी के टोरेंट कंपनी के लोगों ने एक के बाद एक कई बार सड़क को जगह-जगह से खोद दिया है। जिससे उनकी गली में एक बार फिर से गहरे गड्ढे बने हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कंपनी की शिकायत कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन प्रशासन के लोग उनकी समस्या पर कोई भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसके चलते कभी गैस की पाइपलाइन तो कभी गैस के कनेक्शन के चलते कंपनी के ठेकेदार उनकी गली में गड्ढे खोद कर चले गए हैं। जिस वजह से लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। कॉलोनी के लोगों ने प्रशासन से कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।





## श्रीमद् आदिनाथ जिनबिम्ब पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ मोक्ष कल्याणक के साथ सम्पन्न

# गुरू भी शिल्पकार की तरह होते है : आचार्य सुनील सागर महाराज

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** नव निर्मित श्री आदिनाथ जिनालय का भव्यतम श्रीमद् आदिनाथ जिनबिम्ब पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ सोमवार 25 नवंबर को मोक्ष कल्याणक महोत्सव के साथ ही छह दिवसीय आयोजन सम्पन्न हुए। सोमवार को महोत्सव की प्रवचन सभा में अतिथि उदयपुर विधायक ताराचंद जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने आचार्य सुनील सागर जी महाराज को श्रीफल भेंट कर वंदना की एवं कहा कि पंच कल्याणक महोत्सव के माध्यम से हमारा भी कल्याण होता है। प्राकृत ज्ञान केसरी, प्राकृत मार्तण्ड राष्ट्र संत आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ने सोमवार को मंगल प्रवचन के दौरान धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज भी अच्छी सोच व उसके सम्मान करने वालों की कोई कमी नही है। आचार्य श्री ने आह्वान किया कि सामाजिक संस्थाओं से जुड़ों और सिद्धांतों एवं जैन धर्म के संस्कारों को मत छोड़ों। आचार्य सुनील सागर जी ने कहा कि आत्म चिन्तन का यह अवसर था जिसका सभी ने भरपूर लाभ लियाहैं। भगवान महावीन ने बताया है कि त्याग वही है जो जीवन यापन रहे। अधर्म व पाप से बचे तथा पुण्य की ओर बढ़े यही जीवन है। इस मौके पर डॉ. आई एम सेठिया भी मौजूद रहे।

**धर्म अपने ही भीतर है :** आचार्य सुनील सागर जी ने कहा कि जीवन में स्वार्थ और पैसे से ज्यादा कीमती है ज्ञान और आत्मा का कल्याण। साधन मिल जायेंगे, पद प्रतिश्ठा मिल जायेगी तो सुखी हो जाओंगे। लेकिन जब वैराग्य की ठोकर लगती है तो पता चलता है कि सुख तो हमारे अपने भीतर ही है। हम पहचान ही नही पा रहे है कि सुख का स्त्रोत कहा है। हिंसा और आतंक करने वाले तो बहुत दुखी रहते है। इसलिए धर्म अपने भीतर ही है। मंदिर में जाकर हम घण्टा बजा रहे है, सोये खुद है और भगवान को जगा रहे है। मेरी मूर्ति तो मेरे भीतर है, बाहर की मूर्ति तो मुझें जगाने के लिए है। हम तो मोह, राग, द्वेश, पाप, कशाय में तो हम डूबे हुए है।

**शुंभुपुरा के लिए मंगल विहार :** नव निर्मित श्री आदिनाथ जिनालय का भव्यतम श्रीमद् आदिनाथ जिनबिम्ब पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद सोमवार दोपहर को प्राकृत ज्ञान केसरी, प्राकृत मार्तण्ड राष्ट्र संत आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ससंघ षंभुपुरा की ओर मंगल विहार कर गये। आचार्य श्री ससंघ मंगलवार सुबह निम्बाहेड़ा के लिए मंगल विहार करेंगे।

### संस्कारों की पूंजी हमेशा अपने पास रखों

हाथों में कलम रखता हूं, बड़ा सोच कर कदम रखता हूं तुम ऊंचे आसमान में ही सही, पर तूझें छूने का दम रखता हूं उपरोक्त पंक्तियों को उद्धारित करते हुए आचार्य सुनील सागर जी ने कहा कि धरती पर चलते फिरते भगवान को देखना हो तो दिगम्बर मुनियों को देखों। पाशाण से परमात्मा की आत्मा को देखना है तो पंच कल्याण महोत्सव को देखों। किसी प्रकार का भय नही, असल में तो वितरागताओं के बल पर ही भगवान हो जाया जाता है। महादेवत्व के लिए वितरागता ही चाहिए। मुनि ने कहा कि अच्छी सोच एवं अच्छी सोच का सम्मान करने वालों की आज भी कोई कमी नही है। आप समाज में रूचि लेते है, धर्म ध्यान करते है तो कही ना कही आपको अधिकार भी मिलते है। सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़े, आम जनता में जाइये, सामाजिक संस्थाओं से जुड़ों लेकिन संस्कारों की पूंजी अगर आपके पास नही है तो आप एक समय के बाद धूल मे मिल जाओंगे।



# 'ब्यावर दृष्टि 'नवाचार पोस्टर का जिला कलेक्टर महेन्द्र खडगावत ने विमोचन कर शुभारंभ किया

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर की प्रेरणास्वरुप व जिला प्रशासन की पहल पर 'ब्यावर दृष्टि' नवाचार कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। 'ब्यावर दृष्टि' नवाचार कार्यक्रम के तहत ब्यावर जिले के समस्त सरकारी विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों की निशुल्क जांच की जाएगी । जिला कलेक्टर महेंद्र खडगावत एवं आरपीएससी के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र कुमावत ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में 'ब्यावर दृष्टि' नवाचार के पोस्टर का विमोचन कर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि ब्यावर दृष्टि कार्यक्रम से जिले के शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी सरकारी विद्यालयो में अध्यनरत बच्चों की निशुल्क दृष्टि जांच होने से कमजोर दृष्टि बाधित छात्रों को चिन्हित कर उपचार करवाया जाएगा । लायंस क्लब ब्यावर यूनिक के अध्यक्ष नवनीत ने बताया कि जिला कलेक्टर की प्रेरणा व पहल से शुरू 'ब्यावर दृष्टि' नवाचार के तहत समस्त सरकारी विद्यालयो में शिविर लगाकर समस्त बच्चों की दृष्टि जांच की जाएगी एवं सर्वप्रथम छावनी गर्ल्स स्कूल से यह शुरू किया जाना है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, उपखंड अधिकारी गौरव बुडानिया, लायंस क्लब ब्यावर यूनिक के सचिव मनीष दरक, कोषाध्यक्ष पंकज माहेश्वरी सहित अन्य मौजूद रहे ।



## जिला कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर की समीक्षा

# सभी विभागीय अधिकारी बेहतर मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तरीय समितियों का जल्द करे गठन : जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णुदत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर महेंद्र खड़गावत की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्वयं के विभागों से जुड़ी जिला स्तरीय समितियों का जल्द से जल्द गठन करें जिससे की विभागीय कार्यों की प्रगति एवं मॉनिटरिंग बेहतर हो सके।

उन्होंने बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने भूमि आवंटन के लंबित प्रस्तावो का निस्तारण करने सहित जिन विभागों को भूमि आवंटित की है उन्हें कब्जा लेने हेतु निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने आगामी 12 दिसंबर से 15 दिसंबर तक आयोजित होने वाले प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियो की समीक्षा की। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को सामाजिक सुरक्षा पेंशन के शिकायत के प्रकरणों की जांच के निर्देश दिए एवं जिन्हें पेंशन प्राप्त नहीं हुई उनकी पेंशन पुनः शुरू कराने हेतु निर्देशित किया । इसके अतिरिक्त उन्होंने संपर्क पोर्टल, 181 के लंबित प्रकरणों के त्वरित गति से व प्रभावी निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत प्राथमिकता से आगामी दो माह में ग्रामीण क्षेत्रों में शत प्रतिशत नल कनेक्शन करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया ने फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि फूड सिक्योरिटी एक्ट के तहत जिन दुकानदारों को लाइसेंस लेना अनिवार्य है उन्हें पहले जागरूक करें एवं अवहेलना करने या लाइसेंस नहीं मिलने पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला परिषद एसीईओ गोपाल मीणा, नगर परिषद आयुक्त दलीप पूनिया सहित समस्त विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



## जनता को 3 दिवस में पट्टा देने के आदेश जारी, नहीं किए तो बैठेंगे भूख हड़ताल पर



बढ़ता राजस्थान


**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** नगर परिषद द्वारा लंबे समय से पट्टे जारी नहीं करने को लेकर पार्षदों में नाराजगी देखी गई। पार्षद प्रेम प्रकाश का कहना है कि राजस्थान सरकार के स्वायत्त शासन विभाग ने दिनांक 20/3/24 और दिनांक 12/7/24 और उसके बाद भी आदेश जारी कर जिनकी राशि जमा है और जिनके पट्टे पूर्व में भरे जा चुके हैं उनको पट्टे देने का आदेश जारी किया था लेकिन नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा राज्य सरकार के आदेश का उल्लंघन कर पट्टे अभी तक जारी नहीं किए हैं जबकि पूर्व में कार्यवाहक आयुक्त भी सिर्फ खानापूर्ति कर राज्य सरकार के आदेश की पालना नहीं की है इसी दौरान उस समय के तत्कालीन कार्यवाहक आयुक्त अरुणेश शर्मा जी ने 7 सदस्य टीम बनाकर दिनांक 8/8/24 तक पट्टे देने का लिखित आश्वासन दिया था लेकिन उनके द्वारा भी गोल गोल कर राज्य सरकार के आदेश की धज्जियां उड़ाकर जनता को पट्टे से वंचित रखने का कार्य किया गया ओर फिर आयुक्त की नियुक्ति होने का बहाना बनाया गया लेकिन आज जनता लगभग 1 वर्ष से पट्टों का इंतजार कर रही है इसलिए जनता को जल्द पट्टे दिए जाए जिससे राजस्थान में सरकार की छवि विपरीत प्रभावी ना हो। अत: श्रीमान से निवेदन है कि जनता को उनके पट्टे गत 3 दिवस के अन्दर देकर राज्य सरकार के आदेश की पालना करे अगर ऐसा ना हुआ तो मजबूरी वश हम जनता जनार्दन और जनप्रतिनिधियों को नगर परिषद के बाहर धरना देना होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी नगर परिषद बूंदी और जिला प्रशासन की होगी।

# अपनों से मिली दुत्कार तो वृध्दाश्रम में बना लिया परिवार यहाँ पर बरसाए डंड

## घर से दुखी होकर पहुंचे बुजुर्गों को आश्रम मे भी नहीं मिल रहा सुकून

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** अंता सरदार कॉलोनी 16 साल से संचालित वृद्धाश्रम मे लगभग 2 वर्ष से अपनों से ठुकराए जाने पर वृद्ध आश्रम में सुखी दुखी अपने घटती के दिन गुजार रहा 75 वर्षीय वृद्ध जमुनालाल बेरवा ने टंकी के पानी से हाथ धोने पर निर्मला शाक्यवाल, वृद्धाश्रम संचालिका से कहां सुनी होने पर वार्डन निर्मला शाक्यवाल ने वृद्ध 75 वर्षीय जमनालाल बेरवा के साथ बेरहमी से डंडे से पिटाई कर घायल कर दिया गया जिसे वार्ड वासियों अस्पताल पहुंचाया गया । आपको बता दे कि सरदार कॉलोनी में 16 वर्ष से संचालित वृद्ध आश्रम संचालिका ने अपने साथ 65 वर्षीय महिला सुना बाई सेन जो अवैध रूप से रह रही वार्डन निर्मला शाक्यवाल ने अवैध रूप से रह रही महिला के साथ मिलकर 75 वर्षीय जमुनालाल बैरवा के साथ डंडे से बेरहमी से मारपीट की गई वृद्धि के आंख पर डंडा लगने से पूरी आंख नीली पड़ गई वहीं पर वार्डन से तंग आकर बुजुर्ग ने छत पर जाकर आत्महत्या करने की कोशिश की । मारपीट की आवाज सुन कर वार्डवासी मुकुल यादव, पुलकित खंडेलवाल ने तुरंत वृद्ध आश्रम की छत पर पहुंच कर बुजुर्ग को खंबे के पास से पकड़कर घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया । वार्डन वार्डवासी दोनों युवाओं से झगड़े पर उतारू हो गई और थाने में सूचना दी गई घटना की जानकारी मिलने पर अंता तहसीलदार सत्यनारायण शर्मा वृद्ध आश्रम पहुंचे । वृद्ध आश्रम में रह रहे वृद्धो ने वार्डन पर मारपीट प्रताड़ना का आरोप लगाए । वृद्ध आश्रम वार्डन निर्मला शाक्यवाल ने तहसीलदार मीडिया के सामने बताया कि अपने बचाव के लिए मैंने दो डंडे मारे हैं आंख पर मेने चांटा दिया जिससे मेरे कड़े से उसके आंख पर चोट के निशान लगा है । यहां रहने वाले बुजुर्गों ने वार्डन पर मारपीट और प्रताड़ना का आरोप लगाया है। यह भी कहा कि आए दिन उनके साथ गाली-गलौज की जाती है।




**इनका कहना :** घटनाक्रम की जांच को लेकर डिप्टी डायरेक्टर को सूचना दे दी गई है। साथ ही उपखंड अधिकारी को भी इससे अवगत करा दिया गया है।

**सत्यनारायण शर्मा, तहसीलदार अंता**

वृद्ध आश्रम में रह रहे जमुनालाल बैरवा पिछले 5-6 दिनों से रोज यहां रह रही अन्य महिलाओं के साथ मारपीट व गाली-गलौच कर रहा था। घटना वाले दिन भी इसी तरह का मामला था। घटना के बाद वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्ध और महिला को मैंने समझाया भी था।

**निर्मला शाक्यवाल, वृद्धाश्रम संचालिका**

## स्थानांतरण एवं लंबित पदोन्नति पूर्ण करने की मांग को लेकर शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



सुनील कुमार डभाड़ीया

**कपासन/चितौड़गढ़ ( बढ़ता राजस्थान )।** थर्ड ग्रेड शिक्षको के न्यायपूर्ण स्थानांतरण करने एवं लंबित पदोन्नति पूर्ण करने की मांग को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत की अगुवाई में अतिरिक्त जिला कलेक्टर चितौड़गढ़ रामचंद्र खटीक को मुख्यमंत्री के नाम सोमवार को ज्ञापन सौंपा गया। शिक्षक संघ शेखावत जिलाध्यक्ष चितौड़गढ़ जयपाल बुरड़क ने बताया कि प्रदेश में शैक्षिक ढांचे की मजबूत कड़ी एवं सरकारी कर्मचारियों का सबसे बड़ा संवर्ग पिछले 6 साल से स्थानांतरण का इंतजार कर रहा है। इस दौर में शेष सभी संवर्गो के स्थानांतरण किये गये।मगर थर्ड ग्रेड शिक्षको के स्थानांतरण नही किये गये।सरकार के इस सौतेले व्यवहार से शिक्षको में रोष व्याप्त है। जिला उपाध्यक्ष सुनील यादव ने कहाकि सरकार पिछले चार साल से लंबित पदोन्नति शीघ्र पूर्ण कर रिक्त पदों पर पारदर्शी स्थानांतरण नीति बनाकर स्थानांतरण करे। संघर्ष समिति संयोजक राजेंद्र यादव ने कहाकि स्थानांतरण के अभाव में शिक्षको के सब्र का बांध टूट रहा है।सरकार ने समय रहते स्थानांतरण नही किये तो प्रदेशभर में शिक्षको के भारी आक्रोश का सामना करना पड़ेगा।ज्ञापन प्रक्रिया दौरान शिक्षक संघ संगठन के मुसद्दीलाल मीणा,रामगोपाल चौधरी, शोभाग मीणा,ओमप्रकाश बेनीवाल आदि शिक्षक उपस्थित रहे। इधर शिक्षक संघ शेखावत के जिला संयुक्त मंत्री प्रदीप चौधरी ने बताया कि शिक्षको द्वारा दो मिनट का मौन रख राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के दिवंगत प्रदेश मंत्री श्रवण पुरोहित को श्रद्धांजलि दी गयी।

## नगर कपासन में श्रद्धालुओ द्वारा भव्य तुलसी विवाह का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** नगर के मध्य स्थित श्री चारभुजानाथजी मंदिर पर सोमवार को भव्य तुलसी विवाह का आयोजन किया गया।साथ ही भक्तजनों द्वारा शोभायात्रा में झूमते-नाचते भक्तिरस से ओतप्रोत आनंद एवं लुत्फ उठाया गया। जानकारी अनुसार नगर पालिका कपासन क्षेत्र में लोड़किया चौक के समीप स्थित श्री चारभुजानाथजी मंदिर पर क्षेत्रीय श्रद्धालुओ द्वारा भव्य तुलसी विवाह का आयोजन किया गया।जिसमे तुलसी महारानी की भव्य शोभायात्रा का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। शोभायात्रा में महिला,पुरुष एवं युवा वर्ग सहित भक्तगणों ने धार्मिक गीत एवं भजनों पर झूमते-नाचते उत्साहपूर्वक भाग लिया।उक्त शोभायात्रा नगर के श्री चारभुजानाथ मंदिर से कुम्हार मोहल्ला, बस स्टेंड,पांच बत्ती चौराहा से माहेश्वरी पंचायती भवन पहुंची तथा महाआरती के साथ शोभायात्रा का समापन किया गया।शोभायात्रा में स्थानीय मंदिर के पुजारी एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय काचरी में मिनी जम्बूरी से भाग लेकर लौटे स्काउट व गाइड का किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**अंता ( नि.स. )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय काचरी में मिनी जम्बूरी से भाग लेकर लौटे स्काउट व गाइड का ग्रामवासियों द्वारा माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बद्री लाल मालव ने बताया कि स्थानीय विद्यालय से 1 स्काउट व 1 गाइड, टूप ने अटरू में आयोजित मिनी जम्बूरी में भाग लिया। 19 नवंबर से 23 नवंबर तक यहां रहकर विद्यालय के गाइड्स व स्काउट्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया एवं 11 प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्काउट टूप प्रभारी विजेन्द्र शर्मा व गाइड टूप प्रभारी राधारानी थे। स्वागत के समय सुदेश शर्मा, सुरेन्द्र मेघवाल पंचायत समिति सदस्य, प्रदीप शर्मा राजमल मीणा, ओम मीणा, बालमुकुंद यादव, अखलेश यादव तथा अन्य ग्रामवासी मौजूय रहें।

## भारतीय जनता पार्टी के चल रहे सदस्यता अभियान व सक्रिय सदस्यता अभियान के लक्ष्य को 30 नवंबर से पूर्व पूरा करे : प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** भारतीय जनता पार्टी के शहर कार्यकर्ता की बैठक सर्किट हाउस में प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा के मुख्य अतिथि में आयोजित की गई । जिसमें शहर मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित हुए । बैठक की अध्यक्षता बूंदी शहर मंडल अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी ने की । बैठक में कार्यकर्ताओं को प्रदेश अध्यक्ष मोतीलाल मीणा द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के चल रहे सदस्यता अभियान वह सक्रिय सदस्य अभियान के लक्ष्य को 30 नवंबर से पूर्व सभी कार्यकर्ता पूरा करें । जो कार्यकर्ता अपनी स्वयं की रेफरल आईडी से 50 प्राथमिक सदस्य बनाएगी या रसीद बुक के द्वारा 50 ऑफलाइन सदस्य बनाएगी वही कार्यकर्ता पार्टी का सक्रिय सदस्य बनने की योग्यता हासिल करेगा। जो कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य बनेगा वही कार्यकर्ता आगे चलकर भारतीय जनता पार्टी के छोटे से लेकर बड़े पद तक दायित्व पर रह सकेगा ।बूथ अध्यक्ष ,मंडल अध्यक्ष ,जिला अध्यक्ष ,प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश प्रतिनिधियों के दायित्व पर सक्रिय कार्यकर्ता ही पदाधिकारी बनेंगे तथा आगामी आने वाले पंचायत राज व नगर निकाय के चुनाव में जो कार्यकर्ता पार्टी से चुनाव लड़ने की अपेक्षा करेगा उसके लिए सक्रिय सदस्य बनने की योग्यता होना आवश्यक रहेगी ।बैठक में महिला मोर्चा युवा मोर्चा ओबीसी मोर्चा एससी मोर्चा एसटी मोर्चा व पार्टी के मंडल पदाधिकारी नगर परिषद बूंदी के पार्षद गण आदि उपस्थित थे । जिन्हें अपने-अपने मोर्चे में सभी पदाधिकारी यो को सक्रिय बनाने के निर्देश दिए गए । मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि बैठक में भाजपा के युवा नेता मन की बात कार्यक्रम के संयोजक भरत शर्मा भाजपा शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी , पूर्व सभापति महावीर मोदी ,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूपुर मालव ,पूर्व मंडल अध्यक्ष महावीर खंगार, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकुर गौतम ,एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुलवंत नायक ,ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मेंक किराड़ ,ओबीसी मोर्चा महामंत्री प्रेम शंकर जांगिड़ ,एसी मोर्चा पूर्व महामंत्री चुन्नीलाल ,पार्षद मानस जैन, पूर्व पार्षद मोहन कराड , पार्षद हरिशंकर सैनी ,मनोज गौतम, एसटी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष आशा मीणा ,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बृजबाला गुप्ता, महिला मोर्चा जिलामहामंत्री रंजना जोशी, कविता कहार ,जीला महामंत्री मीनू शर्मा, एससी मोर्चा जिला महामंत्री उमेश आर्य, सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे ।



# विद्युत निगम में निजीकरण के विरोध में खुलकर सामने आए बिजली कर्मचारी

## निजीकरण किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर (बढ़ता राजस्थान)।** राज्य सरकार की ओर से जिस प्रकार सरकारी विभागों का निजीकरण किया जा रहा है, उसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसके लिए भले ही कितना भी आंदोलन करना पड़े! सोमवार को इसी मामले को लेकर मलारना डूंगर में विद्युत कर्मियों ने बिजली निगम के निजीकरण के विरोध में सोमवार को कार्य बहिष्कार कर राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा।

निगम कर्मियों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि विद्युत क्षेत्र में उत्पादन, प्रसारण एवं वितरण निगमों का मॉडल का नाम पर सरकार निजीकरण कर रही है। यह न्यायसंगत नहीं है। जबकि इस संबंध में संघर्ष समिति पूर्व में कई बार सरकार को लिखित रूप से अवगत करवा कर निजीकरण रोकने की मांग कर चुकी है, लेकिन सरकार ने इस पर कोई सकारात्मक रुख नहीं दिखाया। ज्ञापन सौंपने आए कनिष्ठ अभियंता अखिलेश शर्मा ने बताया कि विद्युत क्षेत्र का निर्माण एवं संचालन राज्य सरकार की ओर से निगम के माध्यम से उद्योग धंधों के विकास, कृषि के उपयोग व घरेलू उपभोक्ताओं के दैनिक उपयोग के लिए किया जाता है। सरकार विद्युत क्षेत्र का संचालन बिना लाभ-हानि के सिद्धांत पर राज्य की जनता के प्रति लोक कल्याणकारी एवं सामाजिक जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए करती है। वर्तमान में राज्य सरकार अपनी लोक कल्याणकारी भूमिका को छोड़ कर विद्युत क्षेत्र को लाभ-हानि के आधार पर संचालन की मंशा से आगे बढ़ रही है। इसी लिए विद्युत क्षेत्र का निजीकरण किया जा रहा है। राज्य के सभी विद्युत डिस्कॉम में वितरण के क्षेत्र में ज्यादातर कार्य आउटसोर्स एफआरटी ठेके व सीएलआरसी आदि नामों से निजी भागीदारी से करवाए जा रहे हैं। अब एचएएम मॉडल के तहत 33/11 केवी ग्रिड फीडर सेग्रिगेशन व सोलराइजेशन नाम पर आउटसोर्स कर निजी हाथों में दिया जा रहा है। यह ग्रिड सेफ्टी कोड का उलंघन है। इससे राज्य व देश की सामरिक सुरक्षा को खतरा हो सकता है।



मलारना डूंगर। निजीकरण के विरोध में सीएम के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपते विद्युत निगमकर्मी।

प्रसारण निगमों के ग्रिडों का संचालन भी कलस्टर के माध्यम से ठेके पर करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निगम के उच्च गुणवत्ता व कम लागत में विद्युत उत्पादन वाले पॉवर प्लांटो को केंद्रीय सार्वजनिक निगमो के साथ संयुक्त उपक्रम बनाकर हस्तानांतरित कर राज्य सरकार निगम कर्मियों व आमजन के साथ विश्वास घात कर रही है। जबकि यह लाभकारी पॉवर प्लांट है। सरकार ने अभी तक भी कर्मचारियों की ओपीएस योजना के तहत सीपीएफ कटौती बन्द कर जीपीएफ कटौती शुरू नहीं की है। निगमकर्मियों ने निजीकरण बन्द नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।





### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश के लिए 'मिशन जीवन' की शुरुआत, 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक चलेगा मिशन जीवन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सोमवार को जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में उनके कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा के मुख्य मुद्दों पर गहन चर्चा करते हुए प्रभावी दिशा-निर्देश जारी किए गए एवं पूर्व में लिए गए निर्णयों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

### मिशन जीवन : 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक चलेगा विशेष अभियान

कलेक्टर डॉ. गोस्वामी ने सड़क सुरक्षा के लिए 'मिशन जीवन' शुरू करने के निर्देश दिए। यह विशेष अभियान 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक संचालित किया जाएगा। मिशन का उद्देश्य दुर्घटनाओं को रोकना, ओवरलोडिंग और ओवर क्राउडिंग को नियंत्रित करना है। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि वाहन चालकों, ठेले वालों और दुकानदारों को समझाईश दी जाए। समझाईश के बाद भी नियमों का उल्लंघन होने पर सख्त कार्रवाई की जाए। इसके तहत बाल वाहनियों के चालकों की भी समझाईश की जाएगी कि वह वाहन में क्षमता से अधिक बच्चों का ना बैठाएं और इसका उल्लंघन करने वालों पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क दुर्घटनाओं पर अधिकारी करेंगे डेथ ऑडिट

कलेक्टर डॉ. गोस्वामी ने कहा कि किसी भी दुर्घटनास्थल पर यदि दो या अधिक व्यक्तियों की मृत्यु होती है, तो पुलिस और प्रशासन के अधिकारी डेथ ऑडिट सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने हालिया दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि संभावित दुर्घटना स्थलों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाए।

### ठेला और फुटकर व्यापारियों के लिए निर्देश

अनंतपुरा से लव कुश वाटिका मार्ग पर ठेले और फुटकर व्यापारियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने से दुर्घटनाओं की संभावना पर चिंता व्यक्त की गई। ट्रैफिक पुलिस और केडीए को निर्देशित किया गया कि येलो लाइन मार्किंग के जरिए सीमा तय की जाए और उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाए।

### निजी बस संचालन पर नियंत्रण

नयापुरा में निजी बस संचालकों द्वारा सवारियों को बैठाने में लगने वाले समय के कारण ट्रैफिक अव्यवस्था को सुधारने के लिए कलेक्टर ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक बसों को बड़ तिराहे से संचालित करने का निर्देश दिया। इस एक महीने की पायलट प्रक्रिया के आधार पर स्थायी निर्णय लिया जाएगा।

### मल्टीपरपज पार्किंग के उपयोग पर जोर

गुमानपुरा स्थित मल्टीपरपज पार्किंग को अनिवार्य रूप से उपयोग में लाने के लिए ट्रैफिक पुलिस को सख्त निर्देश दिए गए। दुकानदारों और ग्राहकों के वाहनों को पार्किंग क्षेत्र में खड़ा करना सुनिश्चित किया जाएगा। नियमों का पालन न करने वालों पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### बाल वाहनियों के चालकों के लिए सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला

डॉ. गोस्वामी के निर्देश पर 27 नवंबर को सियाम ऑडिटोरियम में कोटा जिले के 514 स्कूलों में संचालित बाल वाहिनियों के चालक एवं परिचालकों के लिए सड़क सुरक्षा पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान वाहन चालकों और स्कूल प्रशासन को सड़क सुरक्षा से जुड़ी आवश्यक जानकारी दी जाएगी, जिससे भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) अनिल सिंघल, पुलिस, एनएचएआई पीडब्ल्यूडी, केडीए, शिक्षा और चिकित्सा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# सीआरपीएफ के जवान खुमान लाल का निधन, नीमच छावनी मे तीन वर्ष से तैनात था जवान खुमान लाल गायरी

## मौत की सूचना के बाद एमड़ी गाँव मे छाया शोक, 5 किमी दौड़ मे गोल्ड मैडलिस्ट रह चूका हैं जवान

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिले के एमड़ी ग्राम पंचायत के निवासी और सीआरपीएफ के जवान खुमाण सिंह गायरी का निधन इंदौर में हो गया है। वे लंबे समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। उनके पार्थिक शरीर उनके गांव एमड़ी में लाया गया तथा गांव में देश भक्ति नारे के साथ उनकी शव यात्रा निकाली गई तत्पश्चात शव उनके निवास स्थान पर ले जाया गया वहां से पूर्ण विधि विधान के साथ ही शव यात्रा श्मशान घाट पहुंची जहाँ स्पेक्टर शिवकुमार शर्मा जीसी सी आर पी एफ नीमच इंदौर पूरी टीम द्वारा उन्हें राजकीय समान के साथ



सलामी दी गई तत्पश्चात में अंतिम संस्कार किया गया साथी राजसमंद विधायक दीप्ति जी महेश्वरी. तहसीलदार सहाब द्वारा पुष्प चक्र अर्पित किया गया वहां सलामी दी गई समस्त ग्रामवासियों द्वारा अंतिम विदाई दी गई।खुमाण सिंह के पिता का नाम मालूराम जी गायरी है। वे



अपने परिवार के लिए एक सच्चा सिपाही थे। इंदौर छावनी में उन्हें अंतिम सलामी दी गई। उनका पार्थिव शरीर आज शाम तक राजसमंद के एमडी गांव पहुंचेगा, जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा।खुमाण सिंह के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। लोग उनकी शहादत को नमन कर रहे हैं और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।

# शहर में नशाखोरी का बढ़ता मुद्दा

## पुलिस की लापरवाही से युवाओं को हो रहा नुकसान



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( लालचंद माली )।** शहर में बढ़ती नशाखोरी युवाओं को नशे के दलदल में धकेल रही है, और पुलिस की लापरवाही इसे रोकने में बड़ी रुकावट बन रही है। छोटे नशाखोरों को पकड़ कर पुलिस आंकड़ों की खानापूरी कर रही है, लेकिन नशे के बड़े सौदागरों तक उनकी नजर नहीं पहुंच रही। नशे के कारोबारियों द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों को दूषित किया जा रहा है, जिससे लोगों का सुख-चैन छिन चुका है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पुलिस नशे की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है, और नशे के व्यापारियों के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। कई बार पुलिस को सूचना दी गई है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। नशे का सेवन करने वाले बच्चों तक को नशे के दलदल में धकेल रहे हैं, और पुलिस का ध्यान इस ओर नहीं है। बीट के पुलिस वाले उनकी परेशानी को नहीं समझ रहे हैं। पहाड़ी चुंगी नाका के पास नशे के कारोबारी अलग-अलग ठिकाने बनाकर नशा बिकवा रहे हैं उन्होंने बताया कि बीट के पुलिस वालों को उनके हर एक मूवमेंट की जानकारी है।

**यहां बिकता है नशा :** पहाड़ी चुंगी नाका के पास स्थित ,डॉक्टर एलडी शर्मा के मकान के नजदीक, अखाड़े वाले बालाजी मंदिर के पास , भेरुजी मंदिर के पास, ब्राह्मणी माता का रास्ता, नवीन स्कूल के पास सहित अन्य जगह पर खुले में स्मैक का कारोबार चल रहा है। लोगों का आरोप है कि पुलिस कार्रवाई के नाम पर खाना पूर्ति कर बंदी लेने में व्यस्त है इस क्षेत्र में मजदूर और गरीब लोगों की संख्या ज्यादा होने के कारण नशाखोरियों ने इस क्षेत्र को हॉटस्पॉट बना लिया है ।

# चांदी के जेवर चोरी कर साहूकार के पास दस हजार में गिरवी रखा

राकेश शर्मा

**सवाई माधोपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** मलारना डूंगर थाना क्षेत्र के भड़कोली गांव में सूने मकान में सेंधमारी कर चांदी की कणकती (चांदी का जेवर) चोरी करने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं चोरी के बाद आरोपियों ने दूसरे गांव में जाकर जेवर एक व्यक्ति के पास 10 हजार रुपये में गिरवी रखदी। इस संबंध में अब पीड़ित राधेश्याम पुत्र मूलचन्द मीणा निकासी भड़कोली ने इसी गांव के दीपक पुत्र बुद्धिप्रकाश हरिजन को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस के अनुसार पीड़ित ने बताया कि पीड़ित 21 नवम्बर की रात परिवार के साथ गांव में ही एक शादी समारोह में गया था। मौका पाकर उक्त आरोपी सूने मकान में घुस गया। अंदर रखे बक्से का ताला तोड़ कर उसमें रखी चांदी की कणकती को चुराकर ले गया। रविवार सुबह प्रार्थी ने बक्से का ताला टुटा देखा। तब बक्से में रखा सामान सम्भाला तो कणकती नहीं मिली। शक के आधार पर प्रार्थी ने गांव के लोगों को साथ लेकर पुछताछ की तो आरोपी ने चोरी करना कबूल कर लिया। उसने बताया कि चोरी के बाद कणकती को रामसिंह पुत्र प्रसादी लाल निवासी भाड़ौती के पास दस हजार रूपये में गिरवी रख दी। आरोपी के बताने पर प्रार्थी व गांव वालों के साथ रामसिंह के पास पहुंचा। जहां रामसिंह ने आरोपी को 10 हजार रुपये देक कणकती गिरवी रखने की बात स्वीकार की। बाद में पीड़ित ने दस हजार रुपये देकर कणकती छुड़वा कर लाया।

# रामगंज मण्डी थाना द्वारा 13 अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई

बढ़ता राजस्थान

**रामगंज मंडी( महेश कुमार )।** रामगंज मंडी थाना द्वारा चोरी, नकबजनी, एनडीपीएस, के प्रकरणों में13 अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सुजीत शंकर पुलिस अधीक्षक जिला कोटा ग्रामीण ने बताया कि दिंनाक 24.11.2024 को चोरी, नकबजनी, एनडीपीएस, के प्रकरणों में चालानशुदा व्यक्तियों को धारा 126,170 बीएनएस के तहत 13 अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर के आदेशानुसार एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत चोरी, नकबजनी, एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में चालानशुदा व्यक्तियों की गिरफ्तारी हेतू पुलिस अधीक्षक जिला कोटा ग्रामीण द्वारा विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण राम कल्याण मीणा के सुपरविजन मे घनश्याम मीणा वृताधिकारी वृत्त रामगंजमण्डी के निर्देशन में मनोज सिंह सिकरवार के नेतृत्व में थाना रामगंजमडी की विभिन्न टीमों द्वारा प्रकरणों में चालानशुदा अपराधियों को धारा 126,170 बीएनएस में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस दौरान टीम में मनोज सिंह सिकरवार थानाधिकारी अमर सिंह, रघुवीर सिंह, गणेश, सुरेश चन्द, भीमसिंह आदि मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग मे निजीकरण का विरोध कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौपा

## निजीकरण नहीं करने और व्यवस्थाएं यथावत रखने की मांग



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** विद्युत के क्षेत्र में उत्पादन, प्रसारण एवं वितरण निगमों में भिन्न-भिन्न प्रक्रियाओं एवं मॉडल के नाम पर किये जा रहे निजिकरण के विरोध में विधुत कर्मचारियों ने राजस्थान विधुत संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में सोमवार को प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री व ऊर्जा सचिव के नाम का उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौपा । इंटक के जिला महामंत्री यजुवेंद्र सिंह गोरवा ने बताया कि विद्युत के क्षेत्र में भिन्न-भिन्न प्रक्रियाओं एवं मॉडल के नाम पर किये जा रहे अंधाधुंध निजिकरण पर रोक लगाने के लिए व पुरानी पेंशन योजना लागू करवाने के लिए आज राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में ज्ञापन दिया गया है व कार्य बहिष्कार कर विरोध दर्ज करवाया गया है । ज्ञापन देने के दौरान राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।वही आमेट उपखंड मुख्यालय पर आज राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा बिजली निगमों के निजीकरण के विरोध में एक ज्ञापन सौंपा गया।

समिति ने ज्ञापन में बताया कि राजस्थान सरकार ने विद्युत निगम के उत्पादन, प्रसारण और वितरण संस्थानों को निजीकरण की ओर ले जाने के लिए निविदाएं जारी की हैं, जो जनता और कर्मचारियों के हितों के लिए हानिकारक हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि सरकार ने निजीकरण रोकने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो पूरे राजस्थान में उग्र आंदोलन किया जाएगा। निजीकरण से आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा और कर्मचारियों की नौकरियां असुरक्षित हो जाएंगी।समिति ने यह भी उल्लेख किया कि तीनों डिस्कॉम (उत्पादन, प्रसारण और वितरण कंपनियां) में वर्तमान में अधिकांश कार्य आउटसोर्स, एफआरटी, ठेके और सीएलआरसी के तहत निजी भागीदारी से कराए जा रहे हैं। कर्मचारियों ने एक साल पहले ओपीएस योजना का फॉर्म भरने के बावजूद अब तक योजना लागू नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने मांग की है कि सीपीएफ कटौती बंद कर जीपीएफ कटौती शुरू की जाए।

# आत्म विश्वास होगा तो नारी अबला से सबला बनेगी : एडीएम



बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी ( नि.स. )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामकिशोर मीना ने कहा कि सामाजिक पृष्ठभूमि में महिलाओं का सशक्त होना जरूरी है।

एडीएम मीना सोमवार को जिला मुख्यालय पर मीना धर्मशाला में चल रहे सात दिवसीय महारानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जब आत्मविश्वास होगा तो नारी अबला से सबला बन सकती है। इस तरह के प्रशिक्षणों के माध्यम से स्वयं को कमजोर मानने वाली नारी को उसकी शक्ति का अहसास दिलाकर आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मीना ने संभागियों को आत्मरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। महिला सुरक्षा के बारे में बताया। शिविर में संभागियों ने आत्मरक्षा को लेकर प्रदर्शन किया। अतिथियों ने कहा कि विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं को शारीरिक, मानसिक एवं समाजिक स्तर पर सशक्त बनाने की बात कही। छात्राओं में जीवन जीने की कला विकसित करने और हमेशा प्रसन्न होकर कार्य करने के लिये प्रेरित करे।

जिला प्रशासन की ओर से संदेश दिया गया कि विद्यालय में पढ़ने वाली हर बालिका आत्मनिर्भर और सशक्त बने तथा नए भारत का निर्माण करे। प्रशिक्षण कार्यकम में मास्टर ट्रेनर अनिता मीना व अनिता शर्मा ने अनेक प्रकार की गतिविधियों के बारे सिखाया।

# पिच्छका परिवर्तन व कलश वितरण समारोह आज

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** जयपुर रोड स्थित श्री शांतिनाथ भगवान जिनालय पायडुक शिला में 26 नवम्बर मंगलवार को भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

इस सबंध में जानकारी देते हुए प्रवक्ता विमल जेन कठमाना ने बताया कि आर्यिका विष्णुप्रभा माताजी एवं आर्यिका सुरम्यमती माताजी सहित प्रतिष्ठाचार्य डॉक्टर शैल दीदी व कनक दीदी के पावन सानिंध्य में भव्य पिच्छीका परिवर्तन समारोह का आयोजन होगा। चातुर्मास समिति अध्यक्ष गोपाललाल कठमाना ने बताया किपिच्छी परिवर्तन व कलश वितरण समारोह कार्यक्रम में झण्डारोहण भागचन्द अनिल कुमार सुनील कुमार अमन कुमार मंदोपुर वाले करेगे। चित्र अनावरण तारचन्द विमल कुमार राकेश कुमार संकल्प कुमार आर्यन कुमार मंदोपुर वाले, दीप प्रज्जलवनकर्ता त्रिलोकचन्द कैलाश चन्द रमेश चन्द राकेश कुमार जितेन्द्र कुमार कालेड़ा वाले होगें।

# पर्थ टेस्ट-भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हराया

## दूसरी पारी में 238 रन पर सिमटी कंगारू टीम, बुमराह 8 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच

**पर्थ (बढ़ता राजस्थान)**

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में 295 रन से हरा दिया है। टीम ने 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। दूसरा मुकाबला 6 दिसंबर से एडिलेड में खेला जाएगा।

पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में सोमवार को मैच के चौथे दिन 534 रन चेज कर रही कंगारू टीम को दूसरी पारी में 238 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले भारत ने 6 विकेट पर 487 रन पर दूसरी पारी घोषित कर दी थी। टीम इंडिया ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 104 रन पर सिमट गई थी।

पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में यह ऑस्ट्रेलिया की यह पहली हार है। टीम ने इससे पहले 4 मैच खेले थे और सभी जीते थे। यह ऑस्ट्रेलिया में भारत की अब तक की सबसे बड़ी टेस्ट जीत है। इससे पहले 222 रन की सबसे बड़ी जीत थी, जब टीम ने 1977 में मेलबर्न में हराया।

ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में बुमराह और मोहम्मद सिराज ने 3-3 विकेट लिए। ट्रैविस हेड (89) ने अर्धशतक लगाया। बुमराह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने पहले पारी में 5 विकेट लिए थे।

भारत फिर डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंचा पर्थ मैच जीतने के बाद भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 सीजन के पॉइंट्स टेबल में फिर टॉप पर पहुंच गया है। टीम के अब 61.11% पॉइंट्स हो गए हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की टीम (57.69%) दूसरे नंबर पर खिसक गई है।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत:** जसप्रीत बुमराह (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, देवदत्त पडिक्कल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, नीतीश रेड्डी, हर्षित राणा और मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया:** पैट कमिंस (कप्तान), नाथन मैकस्वीनी, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और नाथन लायन।






### इंडिया की एशिया के बाहर दूसरी सबसे बड़ी जीत

भारत की 295 रन की जीत, एशिया के बाहर दूसरी सबसे बड़ी जीत बन गई है। 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 318 रन की जीत पहले नंबर पर हैं।

### भारत ने पाकिस्तान की बराबरी की

स्श्वह्न देशों में एशियन टीम की सबसे ज्यादा जीत के मामले में भारत ने पाकिस्तान की बराबरी कर ली है। टीम ने 172 मैचों में 29 जीत दर्ज की हैं। जबकि पाकिस्तान ने 146 मैच में 29 मुकाबले जीते हैं।

**मैं इस जीत से बहुत खुश हूं। पहली पारी में हम पर दबाव बनाया गया, लेकिन जिस तरह से हमने जवाब में दबाव बनाया वह शानदार था। मैंने सभी से कहा कि अपनी क्षमता पर विश्वास रखें। जायसवाल की अब तक की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट पारी, उन्होंने गेंद को अच्छी तरह से खेला। विराट की पारी भी शानदार रही। हमें फैंस का समर्थन मिला, जब समर्थन होता है तो हमें अच्छा लगता है।**

जसप्रीत बुमराह, भारत के कप्तान

**यह हार काफी निराशाजनक है। तैयारी अच्छी थी, सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया, कई जगह पर हम पिछे रह गए। गैप यही है। हम कुछ दिनों का आराम लेंगे और फिर एडिलेड में प्रैक्टिस करेंगे। टीम में बहुत अनुभव है, वे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, इस बात पर बहुत चर्चा होगी कि हम समान परिस्थितियों में क्या बेहतर कर सकते हैं।**

पैट कमिंस, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान



### ऑप्टस स्टेडियम का टॉस रिकॉर्ड

05 टॉस जीतने वाली टीम



00 टॉस हारने वाली टीम

### किस दिन कितने विकेट

पहला दिन: 17 विकेट

दूसरा दिन : 3 विकेट

तीसरा दिन : 9 विकेट

चौथा दिन : 7 विकेट



### पर्थ टेस्ट बुमराह की गेंदबाजी

**पहली पारी**

18 ओवर | 05 विकेट

मेडन 6 | रन 30 | इकोनॉमी 1.66

**दूसरी पारी**

12 ओवर | 03 विकेट

मेडन 1 | रन 42 | इकोनॉमी 3.50

### पर्थ टेस्ट टॉप-5 बैटर्स



**यशस्वी जायसवाल**
मैच: 1 | रन 161
एवरेज: 80.5
100/50: 1/0



**विराट कोहली**
मैच: 1 | रन 105
एवरेज: 105
100/50: 1/0



**केएल राहुल**
मैच: 1 | रन 103
एवरेज: 51.5
100/50: 0/1



**ट्रैविस हेड**
मैच: 1 | रन 100
एवरेज: 50
100/50: 0/1



**नीतीश रेड्डी**
मैच: 1 | रन 79
एवरेज: 79
100/50: 0/0

## पर्थ में भारत की जीत के टॉप-5 फैक्टर्स

# बुमराह की कप्तानी और यशस्वी-राहुल की ओपनिंग बनी गेम चेंजर; कंडीशन का उठाया फायदा

**पर्थ। एजेंसी**

भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जीत से शुरुआत की है। टीम ने पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में हुए पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हराया। ऑस्ट्रेलियाई टीम इस स्टेडियम में पहली बार हारी है।

इस मुकाबले से पहले भारत के कई खिलाड़ी खराब फॉर्म से जूझ रहे थे। टीम को घर में न्यूजीलैंड के हाथों 0-3 की हार झेलनी पड़ी थी। फिर भी भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पूरे मुकाबले में टिकने नहीं दिया।

### पढ़िए पर्थ में मिली इस ऐतिहासिक जीत के टॉप-5 फैक्टर्स...

**1. कप्तान** बुमराह का साहसिक फैसला, पहले बैटिंग चुनी पर्थ की पिच स्पीड और बाउंस के लिए जानी जाती है। इस मैदान पर भारतीय पिचों की तुलना में 13 सेंटीमीटर ज्यादा उछाल रहता है। मुकाबले से पहले पिच क्यूरेटर इसाक मैकडोनाल्ड ने कहा था- पिच में बाउंस-पेस होगा। पिच पर 9 द्बद्व की घास छोड़ी गई थी।

ऐसे में माना जा रहा था कि टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करने का फैसला करेगी। भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने टॉस जीता और बैटिंग करने का साहसिक फैसला लिया। आखिरकार यह फैसला सही साबित हुआ।

**2. बॉलर्स** ने बाउंस बैक कराया भारतीय टीम पहली पारी में 150 रन के स्कोर पर सिमट गई। इसके बाद कप्तान बुमराह की लीडरशिप में भारतीय गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को 51.2 ओवर में 104 रन पर ऑलआउट कर दिया। यहां भारत को छोटे से स्कोर के बावजूद 46 रनों की बढ़त मिल गई। इससे भारतीय टीम को साइकोलॉजिकल एडवांटेज मिला और ऑस्ट्रेलिया की टीम मैच में रिकवर नहीं कर पाई।

**3. पिच** का मिजाज बदला, कंडीशन का फायदा मिला पहले दिन की खतरनाक नजर आ रही पिच का मिजाज दूसरे दिन पूरी तरह बदल गया। पिच धीमी होने लगी और बाउंस भी कम हो गया। बदली हुई परिस्थितियों का भारतीय ओपनर्स ने पूरा फायदा उठाया। इस विकेट पर दूसरे दिन 3 विकेट ही गिरे, जो पहले सेशन में आए थे। भारतीय ओपनर्स ने पूरे दिन बल्लेबाजी की।

**4. यशस्वी-राहुल** की ओपनिंग पार्टनरशिप, कोहली ने सेंचुरी जमाई यशस्वी जायसवाल ने पिच की बदलती कंडीशन का खूब फायदा उठाया। दोनों ने 201 रनों की रिकॉर्ड ओपनिंग साझेदारी की। यशस्वी ने 161 रन बनाए, जबकि राहुल ने 67 रनों का योगदान दिया। फिर विराट कोहली (100*) ने भी शतक जमाया। निचले क्रम में नीतीश रेड्डी ने 38 रन का योगदान दिया। उन्होंने पहली पारी में भी 41 रन बनाए थे।

इस मैच में 4 बल्लेबाजों ने 100 से ज्यादा रन बनाए, इनमें 3 भारतीय शामिल रहे। मैच में जायसवाल ने 161, कोहली ने 105 और राहुल ने 103 रन बनाए। वहीं, ऑस्ट्रेलिया से ट्रैविस हेड ने 100 रन का योगदान दिया।

**5. राहुल,** पंत और रेड्डी ने अहम मौकों पर रन बनाए ओपनर केएल राहुल, ऋषभ पंत और नीतीश रेड्डी ने अहम मौकों पर रन बनाए। राहुल ने पहले दिन की चैलेंजिंग कंडीशन में 26 रन जोड़े। फिर पंत ने 37 और रेड्डी ने 48 रन का योगदान दिया। इन दोनों ने 48 रनों की अहम साझेदारी की थी। इसी साझेदारी ने भारत को पहली पारी में 150 रन तक पहुंचाया। फिर दूसरी पारी में राहुल ने यशस्वी के साथ मिलकर टीम को मजबूत शुरुआत दी। कोहली ने 100 रन और नीतीश रेड्डी ने 38 रन बनाते हुए टीम को 487 तक पहुंचा दिया।




# चैस के नेशनल प्लेयर थे चहल, क्रिकेटर बन गए

## पैतृक गांव हरियाणा में, सालासर बालाजी के भक्त; पिता ने खेत में पिच बना दी



**जींद। एजेंसी**

हरियाणा के जींद जिले के रहने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल को इंडियन प्रीमियर लीग के मेगा ऑक्शन में पंजाब किंग्स ने 18 करोड़ रुपए में खरीदा है। वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे भारतीय स्पिनर बन गए हैं। चहल क्रिकेट में आने से पहले चैस के नेशनल स्तर के खिलाड़ी रहे हैं। वह 2018 से दिल्ली में इनकम टैक्स सब-इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं।

युजवेंद्र चहल 4-5 साल की उम्र में ही क्रिकेट खेलने लगे थे। उनका पैतृक गांव जींद का दरियावाला है। उनके पिता केके चहल जींद जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव रहे हैं। उन्होंने उनके लिए रेलवे स्टेशन के साथ लगते अपने खेत में ही क्रिकेट की पिच तैयार करके दी थी।

साल 2000 में उन्होंने हरियाणा की अंडर 14 टीम में खेले। 2009 में उन्होंने हरियाणा से रणजी मैच खेला। 2011 में मुंबई इंडियंस टीम से उनकी आईपीएल की शुरुआत हुई। युजवेंद्र चहल ने 2016 में भारतीय क्रिकेट टीम में डेब्यू किया। पहला मैच उन्होंने जिम्बाब्वे में खेला।

2013 में आईपीएल मैच के दौरान जब वे बेंगलुरु में थे तो तब एक साथी खिलाड़ी ने शराब के नशे में उन्हें नीचे लटका दिया था। इसका खुलासा चहल ने खुद यूट्यूब चैनल पर टीम के खिलाड़ी आर अश्विन और करुण नायर के साथ बातचीत के दौरान किया था।

**रोज 4 से 5 घंटे क्रिकेट खेलते थे चहल**

युजवेंद्र ने बताया था कि मेरे पहले गुरु पिता एडवोकेट कृष्ण कुमार हैं। उन्होंने ही खेलने में मदद की। मैं ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर शेन वॉर्न का फैन हूं। 2012 में आईपीएल के दौरान उनसे मुलाकात हुई थी। तब उन्होंने बॉलिंग के बारे में कई अच्छी जानकारियां दीं। तभी से मेरा भारतीय क्रिकेट टीम में खेलने का सपना था।

स्कूल के समय से ही रोज 4 से 5 घंटे क्रिकेट खेलता था। दिल्ली में कोच रणधीर सिंह की एकेडमी जॉइन की। वहां रहते हुए आईपीएल खेला। भारतीय क्रिकेट टीम में सिलेक्ट होने से पहले फरीदाबाद में जिम्बाब्वे-इंडिया और चंडीगढ़ में इंडिया-ऑस्ट्रेलिया के मैच स्टेडियम में जाकर देखता था।

बहुत सी बातें सोचो, अपनी खुशी को कभी भी किसी एक व्यक्ति के वश में न करें। सिर्फ अपने लिए रहो..

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



कोलकाता रेप-मर्डर केस,पुलिस कस्टडी में महिला के टॉर्चर का केस

# सुप्रीम कोर्ट बोला- राज्य के सीनियर आईपीएस जांच करेंगे; हाईकोर्ट की स्पेशल बेंच को रिपोर्ट देंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर केस से जुड़े मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने प्रोटेस्ट के दौरान गिरफ्तार एक महिला को पुलिस हिरासत में प्रताड़ित करने के मामले की एसआईटी जांच का आदेश दिया।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जवल भुइयां की बेंच ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस आदेश में भी बदलाव किया, जिसमें सीबीआई जांच करने का आदेश दिया गया था। कोर्ट ने कहा- जांच राज्य के सीनियर आईपीएस अधिकारियों को सौंपी जानी चाहिए।

कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि एसआईटी में वे अधिकारी शामिल होंगे, जिनके नाम राज्य सरकार ने दिए थे। टीम हर हफ्ते हाईकोर्ट को स्टेटस रिपोर्ट सौंपेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को एक स्पेशल बेंच बनाने का भी निर्देश दिया। एसआईटी इसी बेंच को अपनी रिपोर्ट पेश करेगी और आगे की जांच की मांग करेगी।

### ममता सरकार की याचिका पर चल रही सुनवाई

इससे पहले 11 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के 8 अक्टूबर के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें सीबीआई जांच का निर्देश दिया गया था। कोर्ट ने ममता सरकार को आदेश दिया था कि वह कस्टडी में टॉर्चर मामले की जांच के लिए एक नई एसआईटी के गठन के लिए पांच महिलाओं समेत सात आईपीएस अधिकारियों की लिस्ट पेश करे।

याचिका पश्चिम बंगाल सरकार ने लगाई थी, जिसमें कहा गया था कि हाईकोर्ट ने गलत तरीके से सीबीआई जांच का आदेश दिया था, जबकि राज्य पुलिस जांच करने में सक्षम थी।

# 2 से ज्यादा बच्चों वाले कर्मचारियों को मिलेगा प्रमोशन

## हाई कोर्ट ने बैक डेट से प्रमोशन देने के आदेश से हटाई रोक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (एजेंसी)।** दो से ज्यादा बच्चों वाले राज्य कर्मचारियों को प्रमोशन देने पर लगी रोक को हाईकोर्ट ने हटा लिया है। चीफ जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस उमाशंकर व्यास की खंडपीठ ने पहले लगाई गई अंतरिम रोक को हटा लिया। दरअसल पहले हाई कोर्ट ने ही 30 अगस्त को इस नोटिफिकेशन पर रोक लगा दी थी। सोमवार को राज्य सरकार के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने इस रोक को हटा लिया। रोक हटने के बाद अब राज्य सरकार 16 मार्च 2023 की अधिसूचना से ऐसे कर्मचारियों को बैक डेट से प्रमोशन दे सकेगी।

### केवल आशंका के चलते चुनौती दी गई

सरकार की ओर से पैरवी करते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह ने कहा कि जिन याचिकाकर्ताओं ने प्रमोशन को चुनौती दी है। वे पहले से प्रमोट हो चुके हैं। वे केवल इस आधार पर अधिसूचना को चुनौती नहीं दे सकते हैं कि बैक डेट से प्रमोशन होने पर उन्हें आगे प्रमोशन नहीं मिलेगा। केवल आशंका मात्र से ही याचिकाकर्ताओं ने अधिसूचना को चुनौती दी। जबकि सरकार यह साफ कर चुकी है कि जो कर्मचारी पहले से प्रमोट हो चुके हैं।



उनके प्रमोशन इफेक्ट नहीं होंगे लेकिन याचिकाकर्ताओं ने यह कहते हुए चुनौती दी कि बैक डेट से प्रमोशन होने पर उनकी वरिष्ठता सूची में बदलाव आ गया है। वे वरिष्ठता में नीचे चले गए हैं। जिससे उनकी आगे की पदोन्नति प्रभावित हो रही है।

### रिव्यू डीपीसी करके दिया जा रहा था प्रमोशन

दरअसल, साल 2001 में राज्य सरकार ने नोटिफिकेशन जारी करके 1 जून 2002 के बाद तीसरा बच्चा पैदा होने पर सरकारी कर्मचारी को 5 साल के लिए प्रमोशन से वंचित करने का नियम लागू किया था। साल 2017 में सरकार ने 5 साल की अवधि को घटाकर 3 साल कर दिया था, लेकिन पिछले साल कार्मिक विभाग ने 16 मार्च 2023 को अधिसूचना जारी करके कहा कि ऐसे सभी कर्मचारी जिनकी पदोन्नति दंड स्वरूप रोकी गई थी। उन्हें उनके पदोन्नति वर्ष से ही प्रमोशन का लाभ दिया जाए। ऐसे में राज्य सरकार के करीब 125 विभागों में रिव्यू डीपीसी के माध्यम से ऐसे सभी कर्मचारियों को उनकी प्रारंभिक पदोन्नति की तिथि से प्रमोशन का लाभ दिया जा रहा था। इसे बारां और झालावाड़ के पुलिसकर्मियों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

# जयपुर में लॉरेंस गैंग कराने वाली थी एक और मर्डर

## हथियार डिलीवर करने आए 4 बदमाश गिरफ्तार; गैंग तक पहुंचाते थे व्यापारियों के मोबाइल नंबर



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में लॉरेंस गैंग एक और मर्डर कराने की तैयारी में थी। जयपुर में हत्या के लिए हथियार डिलीवर करने आए लॉरेंस और रोहित गोदारा की गैंग से जुड़े चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चारों गैंग के लिए हथियारों की डिलीवरी का काम करते थे।

पुलिस ने चारों आरोपियों के पास से 1 पिस्टल, 1 देशी कट्टा, एक मैगजीन और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि जयपुर में एक हत्या होनी थी। इसके लिए बदमाश आने वाले थे।

जांच में सामने आया कि गिरफ्तार बदमाशों ने जयपुर के ब्रह्मपुरी में रहने वाले व्यापारी की जानकारी रोहित गोदारा तक पहुंचाई थी। इसके बाद रोहित गोदारा ने दो व्यापारियों को धमकी देकर रंगदारी मांगी थी। वहीं, चारों के फोन कॉल की जांच में सामने आया है कि भटिंडा जेल में बंद लॉरेंस गैंग का एक बदमाश इन चारों को हथियार मध्य प्रदेश से लाने के लिए कहता था। फिर जयपुर में कहां पर सप्लाई करने हैं, इसकी जानकारी देता था। इनके मोबाइल पर यूएस से भी कुछ कॉल आने की जानकारी सामने आई है।

# हेमंत की शपथ का राहुल, ममता और तेजस्वी को न्योता

## 28 नवंबर को चौथी बार झारखंड सीएम की लेंगे शपथ, जेएमएम बोला- ऐतिहासिक होगा कार्यकाल

बढ़ता राजस्थान

**रांची (एजेंसी)।** 28 नवंबर की सुबह 11.30 बजे झारखंड की नई सरकार शपथ लेगी। इसकी तैयारी तेज कर दी गई है। हेमंत सोरेन के चौथे शपथ ग्रहण समारोह में इंडिया ब्लॉक के सभी बड़े नेता शामिल होंगे। जेएमएम प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा- राहुल गांधी, ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, दीपंकर भट्टाचार्य सहित बड़े नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। सबको न्योता दिया गया है। समारोह रांची के मोरहाबादी मैदान में होगा। खबर है कि हेमंत सोरेन के साथ 10 से 11 मंत्री शपथ ले सकते हैं। इंडिया ने नए मंत्रिमंडल के लिए 5:1 का फार्मूला तय किया है। यानी 5 विधायक पर एक मंत्री। इस तरह जेएमएम से 6, कांग्रेस से 4 और आरजेडी से एक मंत्री शपथ लेंगे।

### हमारा एजेंडा क्लियर है: जेएमएम

जेएमएम नेता मनोज पांडे ने कहा, झारखंड की जनता ने ऐतिहासिक जनादेश दिया है, कार्यकाल भी ऐतिहासिक होगा। हमारे अपने एजेंडे और मुद्दे हैं। झारखंडी अस्मिता से जुड़े विषयों को लेकर सरकार आगे बढ़ेगी। हमें उम्मीद है कि केंद्र हमारा सहयोग करेगी, लेकिन अगर यह तानाशाही सरकार हमारे पैसे देने में आनाकानी करेगी तो पार्टी अपने स्तर पर विचार करके आंदोलनात्मक कार्रवाई करेगी।.

### पहली बार रिपीट हुई है सरकार

राज्य बनने के बाद पहली बार सरकार रिपीट हुई है। अब तक यह होता था कि जो सरकार सत्ता में होती थी उसकी वापसी नहीं होती थी। 23 नवंबर को आए चुनावी नतीजे में 81 सीटों में झामुमो गठबंधन ने 56 सीटों पर जीत दर्ज की है। यह आंकड़ा 41 के बहुमत से 15 सीट ज्यादा है।

# तेलंगाना ने अडाणी का 100 करोड़ डोनेशन ठुकराया : यंग इंडिया स्किल यूनिवर्सिटी के लिए ऑफर किया था

बढ़ता राजस्थान

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना सरकार ने अडाणी ग्रुप के 100 करोड़ रुपए डोनेशन का ऑफर ठुकरा दिया है। यह डोनेशन यंग इंडिया स्किल यूनिवर्सिटी के लिए दिया जा रहा था। सोमवार को यह जानकारी मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दी। रेड्डी ने कहा- अडाणी ग्रुप के मौजूदा विवाद की वजह से फैसला लिया गया है। डोनेशन लेने से राज्य सरकार और मेरी खुद की छवि को नुकसान पहुंच सकता है। सरकार की ओर से रविवार को ही अडाणी ग्रुप को एक चिट्ठी भेज दी गई है। उसमें अडाणी ग्रुप से यूनिवर्सिटी के लिए 100 करोड़ रुपए ट्रांसफर न करने का अनुरोध किया गया है। कई कंपनियों ने यूनिवर्सिटी को फंड दिया है, लेकिन तेलंगाना सरकार ने अब-तक किसी भी ग्रुप से अपने खाते में एक भी रुपया नहीं लिया है। अडाणी पर धोखाधड़ी के आरोप, दावा-कॉन्ट्रैक्ट के लिए 2200 करोड़ रिश्वत ऑफर की उद्योगपति गौतम अडाणी समेत 8 लोगों पर अमेरिका के न्यूयॉर्क में अरबों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं। न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में 20 नवंबर को सुनवाई में गौतम अडाणी, उनके भतीजे सागर अडाणी, विनीत जैन, रंजीत गुप्ता, साइरिल कैबेनिस, सौरभ अग्रवाल, दीपक मल्होत्रा और रूपेश अग्रवाल को आरोपी बनाया गया था। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, गौतम अडाणी और सागर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया गया है। यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ऑफिस का कहना था कि अडाणी ने भारत में सोलर एनर्जी से जुड़े कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 265 मिलियन डॉलर (करीब 2200 करोड़ रुपए) की रिश्वत दी या देने की योजना बना रहे थे।

# संविधान की प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष-समाजवादी शब्द हटाने की मांग खारिज

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ये संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को संविधान की प्रस्तावना से समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की मांग करने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। 22 नवंबर को हुई सुनवाई में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने कहा- इन शब्दों को संविधान में 42वें संशोधन (1976) के जरिए शामिल किया गया था और ये संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा हैं।

बेंच ने कहा- संविधान में दर्ज समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द भारतीय लोकतंत्र की बुनियादी विशेषताओं को बताते हैं। इन्हें हटाना उचित नहीं है। संविधान को उसके मूल उद्देश्यों से अलग करने का कोई भी प्रयास मंजूर नहीं।

पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी, वकील विष्णु शंकर जैन और अन्य की दायर याचिकाओं में कहा गया था कि समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को संविधान में शामिल करना गैर जरूरी और अवैध है। ये शब्द लोगों की निजी स्वतंत्रता और धार्मिक भावनाओं पर असर डालते हैं। दरअसल, संविधान 1949 में



अपनाया गया था। तब संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द नहीं थे। 1976 में इंदिरा गांधी की सरकार के दौरान 42वें संविधान संशोधन के तहत संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द शामिल किए गए थे।

**कोर्ट रूम लाइव...**

**सीजेआई**- समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष दो अभिव्यक्तियां 1976 में संशोधनों के जरिए बनाई गई थीं। ये कहना कि ये संविधान 1949 में अपनाया गया था, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। अगर पहले से मौजूद तर्क माने जाते हैं तो वे सारे संशोधनों पर लागू होंगे। इतने सालों के बाद प्रक्रिया को रद्द नहीं किया जा सकता। इतने साल हो गए हैं, अब इस मुद्दे को क्यों उठाया जा रहा है।

**सीजेआई**- भारत में समाजवाद को समझने का तरीका दूसरे देशों से बहुत अलग है। हमारे संदर्भ में समाजवाद का मुख्य अर्थ कल्याणकारी राज्य है। बस इतना ही। इसने निजी क्षेत्र को कभी नहीं रोका जो अच्छी तरह से फल-फूल रहा है। हम सभी को इससे लाभ हुआ है। उन्होंने कहा- समाजवाद शब्द का इस्तेमाल एक अलग संदर्भ में किया जाता है, जिसका अर्थ है कल्याणकारी राज्य है। समाजवाद को लोगों के कल्याण के लिए खड़ा होना चाहिए।

**वकील जैन**- संशोधन लोगों की बात सुने बिना पारित किया गया, क्योंकि ये इमरजेंसी के दौरान किया गया था। इन शब्दों को शामिल करना लोगों को कुछ विचारधाराओं का पालन करने के लिए मजबूर करने के बराबर होगा। जब प्रस्तावना में कट-ऑफ डेट होती है तो बाद में शब्दों को कैसे जोड़ा जा सकता है।

# हिमाचल की आईएएस मानसी सहाय की दिल्ली में तैनाती

## मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर में डायरेक्टर का जिम्मा मिला, सुक्खू सरकार ने किया रिलीव

बढ़ता राजस्थान

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश की 2009 बैच की आईएएस और श्रम आयुक्त एवं निदेशक रोजगार मानसी सहाय को सोमवार को राज्य सरकार ने रिलीव कर दिया है। मानसी सहाय केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली जा रही हैं। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने मानसी सहाय को रिलीव करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

केंद्र सरकार ने उन्हें आवास एवं शहरी मामले मंत्रालय दिल्ली में निदेशक के पद पर तैनात किया है। मानसी सहाय के बाद अब रोहन चंद ठाकुर भी कुछ दिनों बाद दिल्ली जा सकते हैं। राज्य सरकार ने उन्हें केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए एनओसी भी दे दी है। अब विभाग केंद्र से आदेश का इंतजार कर रहा है। आईएएस कृतिका कुल्हारी भी दो सप्ताह पहले दिल्ली गई थीं। आज मानसी सहाय दिल्ली जा रही हैं।

# अंडमान के पास 6 हजार किलो ड्रग्स जब्त

## म्यांमार की बोट में 2-2 किलो के 3 हजार पैकेट मिले, कोस्टगार्ड की सबसे बड़ी जब्ती

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन कोस्ट गार्ड ने अंडमान-निकोबार आइलैंड के पास से 6 हजार किलो की ड्रग्स जब्त की है। कोस्ट गार्ड के अधिकारी ने सोमवार को बताया कि पोर्ट ब्लेयर से 150 किलो मीटर दूर बैरेन आइलैंड के पास एक नाव से ड्रग्स के 2-2 किलो के 3 हजार पैकेट मिले। नाव में म्यांमार के 6 नागरिक सवार थे। सभी को हिरासत में लिया गया है।

कोस्टगार्ड के अधिकारी ने बताया कि 24 नवंबर को कोस्टगार्ड के डोर्नियर एयरक्राफ्ट के रूटीन पेट्रोलिंग के दौरान पायलट को यह बोट दिखाई दी थी। ड्रग्स स्मगलिंग का शक होने पर पायलट ने बोट के पास पहुंचने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने बोट की रफ्तार बढ़ा दी और भागने की कोशिश करने लगे।

पायलट ने पोर्ट ब्लेयर पुलिस को सूचित किया। कुछ देर बाद पुलिस और कोस्टगार्ड ने मिलकर बोट को पकड़ लिया। जब बोट से तलाशी ली गई तो उसमें करोड़ों रुपए की ड्रग्स मिली। इसकी भारत में तस्करी होनी थी। यह अब तक की सबसे बड़ी खेप थी, जो कोस्टगार्ड ने पकड़ी है।

10 दिन पहले 700 करोड़ रुपए की ड्रग्स पकड़ी थी इंडियन कोस्ट गॉर्ड और गुजरात ड्रग्स ने 15 नवंबर को गुजरात के पोरबंदर तट से 500 किलो ड्रग्स जब्त की थी। इसकी कीमत 700 करोड़ रुपए से ज्यादा बताई गई थी। दिल्ली एनसीबी को इस ड्रग्स की जानकारी मिली थी। इसके बाद दिल्ली एनसीबी ने गुजरात एनसीबी, कोस्टगार्ड और नेवी की मदद से एक बोट पकड़ी थी, जिसमें ड्रग्स छिपाई गई थी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# संभल हिंसा-पुलिस की नहीं, तमंचे की गोली से 4 मौत

## कमिश्नर का दावा; जामा मस्जिद के सदर हिरासत में, फिर से तनाव

बढ़ता राजस्थान

**संभल (एजेंसी)।** यूपी के संभल में हिंसा के दौरान जिन 4 लोगों की मौत हुई, उन्हें तमंचे की गोली लगी थी। मुरादाबाद के कमिश्नर आञ्जनेय कुमार ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा- पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पता चला है कि देसी तमंचे से गोली चली थी। चारों मौतों की मजिस्ट्रेट जांच होगी।

इधर, हिंसा का मामला अभी शांत ही पड़ रहा था कि सोमवार दोपहर शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कहा कि मस्जिद के हौज से सीओ ने पानी निकलवाया। यह पानी बहकर जब मस्जिद के बाहर आया तो भीड़ इकट्ठा हुई। सीओ से पूछा तो उन्होंने गाली दी, लाठी चलाई। धमकाया कि ज्यादा सवाल-जवाब करोगे तो ठोंक दूंगा।

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। इससे संभल में फिर तनाव बढ़ गया है। फोर्स बढ़ा दी गई है। वज्र वाहन तैनात किए गए।

इससे पहले पुलिस ने सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क और सदर विधायक नवाब इकबाल महमूद के बेटे सुहैल इकबाल पर हिंसा भड़काने की एफआईआर दर्ज की है। जियाउर्रहमान बर्क ने स्नढ्ढक्र के बाद कहा- यह एक पूर्व नियोजित घटना है। पूरे देश में मुसलमानों को निशाना बनाया जा रहा है। पुलिस ने हिंसा से जुड़े मामले में 7 एफआईआर दर्ज की हैं। इनमें 6 नामजद और 2500 से ज्यादा अज्ञात हैं। अब तक 25 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। हिंसा में जिन 4 युवकों की जान गई, पोस्टमॉर्टम के बाद देर रात ही सुपुर्दे खाक कर दिया गया। एसपी ने बताया कि संभल



तहसील में इंटरनेट बैन को एक दिन के लिए बढ़ाया जा रहा है। कल यानी मंगलवार को भी इंटरनेट बंद रहेगा। सभी स्कूल आज बंद रहेंगे। डीएम राजेंद्र पैंसिया ने एक दिसंबर तक संभल जिले में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है। संभल पुलिस ने हिंसा से जुड़े उपद्रवियों के पहली बार फुटेज जारी किए हैं।